आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी 03:31 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष 6, अंक 78, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान 12

अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप 14

# रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित सात की गई जान

## घने कोहरे में शून्य दृश्यता से पहाड़ी या पेड़ से टकराने का अंदेशा, मृतकों में महाराष्ट्र का दंपती व उनकी दो साल की बच्ची, बिजनौर के एक ही परिवार की दो महिलाएं और बीकेटीसी का एक कर्मचारी

- मुख्यमंत्री धामी ने हादसे पर गहरा शोक जताया, उच्चस्तरीय बैठक में लिए कई फैसले

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में रविवार सुबह चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट सहित उसमें सवार 7 लोगों की मौत हो गई। बाबा केदारनाथ के दर्शन कराकर हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी जा रहा था।

दुर्घटना का कारण घना कोहरा और शून्य दृश्यता के चलते हेलीकॉप्टर का किसी पहाड़ी या पेड़ से टकराना माना जा रहा है। हादसे के बाद हेलीकॉप्टर के साथ ही शव भी बुरी तरह से जल गए। हेलीकॉप्टर में महाराष्ट्र का दंपती और उनकी दो साल की बेटी के अलावा बिजनौर (यूपी) के एक ही परिवार की दो महिलाएं (नानी-नातिन) व बीकेटीसी का एक कर्मचारी भी सवार बताए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उच्चस्तरीय बैठक करते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल के अनुसार, रविवार सुबह 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 केदारनाथ धाम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड में गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में यह हेली 5:30 से 5:45 बजे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, घास काट रहीं नेपाली मूल की महिलाओं ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी। जिला आपदा मोचन बल टीम के साथ एसडीआरएफ की छह, एनडीआरएफ की आठ टीमों के अलावा 22 पुलिसकर्मी घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



### हादसे में इनकी गईं जानें

- कैप्टन राजबीर सिंह चौहान निवासी जयपुर, राजस्थान (पायलट, आर्यन एविएशन कंपनी),
- विक्रम सिंह रावत (45) निवासी रांसी ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग (कर्मचारी बीकेटीसी)
- विनोद देवी (66) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- तुष्टी सिंह (19) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- राजकुमार सुरेश जायसवाल (41) निवासी महाराष्ट्र
- श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (35) निवासी महाराष्ट्र
- काशी (02) पुत्री राजकुमार निवासी महाराष्ट्र

### हेली सेवा सोमवार तक बंद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेली हादसे की सूचना मिलने के बाद तुरंत बाद बैठक की। चारधाम के लिए हेली सेवा को सोमवार तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने के अलावा हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय के लिए 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापित करने के भी निर्देश दिए। वहीं, इस हेली हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।



विनोद देवी और तुष्टि सिंह (फाइल)

### डीएनए सैंपलिंग की

हेली हादसे के शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल चुके थे। फॉरेन्सिंक और डीएनए सैंपलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपलिंग की।

### एक नजर

### कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रवाना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से हर हर महादेव के जयघोष के साथ मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ। पांच वर्षों के बाद फिर शुरू हुई यात्रा के लिए इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के बीच रवाना किया गया। जत्थे में दो अधिकारियों सहित कुल 39 यात्री शामिल हैं। शुरुआत में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, मगर स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव (धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति) मुकेश मेश्राम की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### अर्श डल्ला मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई हत्या की एक साजिश नाकाम करते हुए मॉड्यूल के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा प्रारंभिक जांच के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों का खात्मा करने के लिए अर्श डल्ला के निर्देश पर काम कर रहे थे। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), पंजाब ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई लक्षित हत्या की एक साजिश को नाकाम कर दिया और दो प्रमुख गुर्गों कवलजीत सिंह, निवासी धर्मकोट और नवदीप सिंह उर्फ हानी, निवासी बड्डूवाल को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रत्येक नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था : शाह

## गृहमंत्री ने सिपाहियों को दिए नियुक्ति पत्र, कहा- योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता

- शाह बोले-60244 युवाओं में से किसी को रिश्वत नहीं देनी पड़ी परिवर्तनकारी युग यह शासन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने योगी सरकार की पारदर्शी व समावेशी पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया की जमकर सराहना की। कहा कि नियुक्तियों में न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर हुई। योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में ऐसी व्यवस्था बनने जा रही हैं जिससे हर नागरिक को प्राथमिकी दर्ज होने तीन साल के अंदर न्याय मिल सके। किसी भी एफआईआर के बाद तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला हो जाएगा।

वे रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क साथ भव्य समारोह में 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। शाह ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। शाह ने यूपी में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना करते हुए दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पुलिसबल का आधुनिकीकरण और नए कानून की चर्चा की। एलान किया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा। इसके अलावा, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स), आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और फॉरेंसिक साइंस जैसी तकनीकों ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया है।



लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी नवनियुक्त सिपाही को नियुक्ति पत्र देते हुए।

### ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, ड्यूटी पर उतना कम खून बहेगा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है कि जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा। महाकुंभ में जो भी आया उसने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश पुलिस ने अपने खिलाफ विकृत धारणा को बदलने का काम किया है। आज आप सभी देश के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अपने व्यवहार से जन हितैषी बनिएगा।

### इन 15 पुलिसकर्मियों को मंच से दिए नियुक्ति पत्र

संतकबीर नगर के सत्यम नायक, खीरी के प्रेम सागर, फर्रुखाबाद की शालिनी शाक्या, बलिया के उपेंद्र कुमार यादव, बरेली की शिल्पा सिंह, कानपुर देहात के बीनू बाबू, महोबा के योगेंद्र सिंह, उन्नाव के शिवांश पटेल, वाराणसी के मनीष त्रिपाठी, लखनऊ की रोशन जहां, कानपुर नगर के आजाद कुशवाहा, गोरखपुर की मिथिलेश भट्ट, रायबरेली की सोनी रावत, मऊ की नेहा गोंड, बागपत के सचिन सैनी को मंच से नियुक्ति पत्र दिया गया।

# रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान हुई, अब तक 47 के डीएनए मैच

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है। साथ ही अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) के नेतृत्व में केंद्रीय और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियां हवाई दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए दुर्घटना स्थल पर हैं।

अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले 47 लोगों की शिनाख्त अब तक डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है तथा 14 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। विमान हादसे के तीन दिन बाद डीएनए परीक्षण के जरिए मृतकों की पहचान की प्रक्रिया तेज होने के बीच अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के डीएनए नमूने आज पूर्वाह्न 11.10 बजे (उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने से) मेल खा गए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी। सरकारी बी जे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर पटेल ने कहा, अब तक 47 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं और 14 शवों को उनके परिजन को सौंप दिया गया है। ये लोग उदयपुर, वडोदरा, खेड़ा, महेसाणा, अहमदाबाद और बोटाद जिलों से ताल्लुक रखते थे। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एएआईबी की एक टीम जांच का नेतृत्व कर रही है और वे पिछले तीन दिनों से यहां हैं।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना

- राजकोट में सोमवार को किया जाएगा अंतिम संस्कार



### जांच को गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति की पहली बैठक यहां सोमवार को होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह सचिव की अध्यक्षता वाली समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सूत्रों ने बताया कि समिति की पहली बैठक सोमवार दोपहर होगी।

# प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, 25 की गई जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानसून आने से पहले मौसम के बिगड़ते मिजाज के बीच प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली और बिजनौर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 25 लोगों की मौत हो गई। इन जिलों में घटनाएं बीती रात से लेकर रविवार सुबह तक हुईं जिसमें प्रयागराज की घटना हृदयविदारक रही। यहां आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। प्रयागराज के ही बारा तहसील में 30 वर्षीय अक्षय कुमार की भी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हो गई।

प्रयागराज में जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्ला बोल गांव में बीती शनिवार की रात आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। इस घटना में जान गंवाने वालों में मृतक वीरेंद्र वनवासी (40 वर्ष), पत्नी पार्वती (32) वर्ष बड़ी बेटी सोनू कुमारी (10), बेटी आंचल (8) , तीसरी बेटी राधा और चौथी बेटी करिश्मा (4 ) शामिल रही।

हमारे बिजनौर संवाददाता के मुताबिक, बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र के गांव मुकरपुरी निवासी सविता देवी (41) पत्नी स्व. राहुल गांव के बाहर अपने खेत से चारा लेने गई थी। रविवार को इस दौरान महिला के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गयी। महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि, नूरपुर के गांव नंगली जाजू निवासी 58 वर्षीय किसान नन्दू पुत्र बल्देव सिंह रविवार सुबह खेत पर काम करने गया था, हल चलाते हुए उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने हादसे की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। उधर, संभल कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मल्लाह मुस्तफाबाद में रविवार बारिश के दौरान तेज आंधी में पिलखन के पेड़ की टहनी छत की चाहरदीवारी पर गिर गई। चाहरदीवारी का मलबा चारपाई पर बैठे विजयपाल यादव (55 वर्ष) पुत्र शौकाली यादव के ऊपर गिरा तो उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गोरखपुर के सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपही गांव में रविवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। जबकि, दो बच्चे घायल हो गए।



प्रयागराज में चलती धूल भरी आंधी।

- कानपुर देहात, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली लखनऊ, संभल समेत 14 जिलों में तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में हुईं मौतें

# पुणे में नदी पर बना पुल ढहा चार की मौत, 32 घायल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए।

तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुछ के बह जाने की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पांच से छह लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।



# पिकअप से टकराई एंबुलेंस, 5 की मौत

संवाददाता, शुकुल बाजार(अमेठी)

**अमृत विचार:** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह करीब छह बजे के आसपास शव लेकर बिहार जा रही एंबुलेंस में सवार पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना बाजार शुकुल क्षेत्र के सेवरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर हुई। हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया गया है।

पुलिस के अनुसार हरियाणा के फिरोजपुर में रहने वाले अशोक शर्मा की मौत के बाद शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव उनके परिजन ले जा रहे थे। एंबुलेंस में उनके बेटे रामभद्रपुर निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा (26), गांव के ही रवि शर्मा (28), रिश्तेदार फुलो शर्मा (45) निवासी रवि टोला, हथौड़ी और पुरनाही गांव निवासी शंभू राय (46) सवार थे। वाहन चला रहे हरियाणा के नूंह जिले के आबिद (28) और सरफराज (30) भी साथ में थे। रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस के माइल स्टोन संख्या 59.70 पर एंबुलेंस ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी।

इस हादसे में राजकुमार, रवि, फुलो, आबिद और सरफराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंभू राय गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल और फिर एम्स रायबरेली रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम संजय कुमार चौहान, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, यूपीडा टीम और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य के बाद वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया।

### दर्दनाक हादसा

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह शव को लेकर जा रही थी एंबुलेंस



# आतंकवाद से लड़ाई में साथी देशों का आभार जताने का मौका : मोदी

- प्रधानमंत्री तीन देशों यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे, जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कनाडा में होने वाला जी-7 शिखर सम्मेलन अहम वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि वह कनानास्किस में शिखर सम्मेलन के दौरान साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए दुनियाभर के देशों को एकजुट करने का भी अवसर है। वह राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर सबसे पहले साइप्रस की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, साइप्रस एक करीबी मित्र और भूमध्य सागर क्षेत्र में तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को बढ़ाने और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।



साइप्रस में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस।

### साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस ने मोदी का किया स्वागत

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

## शहर में आज



☞ योग महोत्सव के दूसरे दिन योग शिविर में लोग योगासन करेंगे सुबह 6 :00 बजे

☞ रामगंगा विहार के वेव ग्रीन सोसायटी में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह का पांचवा दिन शाम 4 :00 बजे




## कैंची धाम के स्थापना दिवस पर प्रसाद वितरित



प्रसाद वितरित करतीं यंग एनर्जेटिक पॉजीटिव पीपल संस्था की सदस्य।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल (यप) के धार्मिक प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को नीम करोरी बाबा कैंची धाम के स्थापना दिवस पर साईं मन्दिर रोड पर एकत्रित होकर हनुमान चालीसा का पाठ कर महाआरती में शामिल होने के बाद भोग लगाकर राहगीरों का प्रसाद वितरित किया गया। क्लब के सदस्यों ने हनुमान जी, नीम करोरी बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेने के बाद प्रार्थना प्रसाद वितरण किया। इसमें मानसी टंडन, वीनू आहूजा, प्रीति शर्मा आदि ने सहयोग किया।

# जिले में आज से 31 जुलाई तक चलेगा डायरिया रोको अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रोकथाम के लिए 5 वर्ष तक के बच्चों पर रहेगा विशेष ध्यान

**अमृत विचार :** गंभीर हो रही डायरिया बीमारी की रोकथाम व बाल मृत्यु दर नियंत्रित करने के लिए दूसरे चरण में 16 जून से 31 जुलाई तक जिले में डायरिया रोको अभियान चलेगा। इसमें 5 वर्ष तक के बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस बार अभियान की थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान है। इसके माध्यम से लोगों को डायरिया के लक्षण की जानकारी देकर इसे रोकने के लिए बरती जाने वाली सावधानी व इलाज के उपाय बताए जाएंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक पिंकी जोवल ने इस संबंध में जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को गाइडलाइंस भेजा है। अभियान में विशेष ध्यान 5 वर्ष की उम्र के बच्चों पर दिया जाएगा। ओआरएस एवं जिंक की को पैकेजिंग, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, शिक्षा व संचार, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन संचार (एसबीसीसी) पर मुख्य रुप से फोकस किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संवेदनशील रुप से चिह्नित समुदाय में लोगों को जागरूक करना है।

## कुंदनपुर के ट्यूबवेल नंबर दो में आई दिक्कत, पानी भरने को हैंडपंप पर लगी लाइन

# पाइपलाइन फटी...जलापूर्ति ठप होने से गर्मी में लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जलकल की टीम पाइप लाइन ठीक करने में जुटी

**अमृत विचार :** गर्मी में पेयजल की किल्लत नागरिकों पर भारी पड़ रही है। लाइनपार के कुंदनपुर में ट्यूबवेल की पाइपलाइन फटने से कॉलोनी व आसपास के लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा। जिससे रोजमर्रा के काम के साथ पीने के पानी की किल्लत हुई। लोग हैंडपंप पर लाइन लगाकर पानी के लिए खड़े रहे।

जर्जर पेयजल से जलापूर्ति का खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन महानगर के किसी न किसी क्षेत्र में पाइपलाइन फटने से पेयजल की किल्लत होती है। लाइनपार के कुंदनपुर में ट्यूबवेल नंबर दो की पाइपलाइन फटने से 24 घंटे से लोग बिना पानी के रहने को मजबूर हुए। पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करने में देरी से लोग मोहल्ले में लगे हैंडपंप से पानी भरकर लाने को विवश हो गए। हैंडपंप पर बाल्टी लेकर लोग कतार में पानी भरने के लिए लगे रहे। जिससे महिलाओं व पुरुषों को गर्मी में बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। जानकारी पर नगर निगम के जलकल के कर्मचारी उसे ठीक करने के लिए पहुंचे।

### आए दिन पानी की समस्या, बढ़ रही लोगों में नाराजगी

आए दिन लाइनपार के वार्ड में पानी की समस्या से नागरिकों में नाराजगी बढ़ रही है। अवकाश के दिनों जलकल के अभियंता सीयूजी नंबर पर फोन भी नहीं उठाते हैं। जिससे नागरिकों की समस्या का समाधान नहीं होता है। टोल फ्री नंबर भी काम न करने से लोग परेशान हो रहे हैं।



हैंडपंप से पानी लेने के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

# नियमित रूप से किया योग रखेगा निरोग

## कंपनी बाग में जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम ने किया योग सप्ताह का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार की सुबह महानगर के कंपनी बाग में योग दिवस सप्ताह का आरंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान और डीएम अनुज सिंह ने फीता काटकर किया। योग सप्ताह 21 जून तक चलेगा।

इस वर्ष 11वें अंतर्राष्ट्रीय दिवस का थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। डीएम ने कहा कि सरकार योग को बढ़ाने का लगातार काम कर रही है। लोगों में योग के प्रति जागरुकता बढ़ाई जा रही है। आज योग सप्ताह की शुरुआत हुई है और ये अनवरत सात दिन तक चलेगा। हम सभी को योग को अपनी जीवन शैली में अपनाना चाहिए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत ने कहा कि भारतीय संस्कृति योग की है। हमारी संस्कृति कहती है कि करो योग रहो निरोग इसलिए हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। उद्घाटन समारोह में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिकों ने योग किया।



योग करते डीएम अनुज सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, अन्य अधिकारी, कर्मचारी व आमजन। ● अमृत विचार

- जिला प्रशासन का आयोजन अधिकारी, कर्मचारियों व आमजन ने किया योग




योग सप्ताह के उद्घाटन समारोह में लोगों को योगाभ्यास कराते प्रशिक्षक।

## बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए परिश्रम करता है पिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पिता दिवस के अवसर पर नैशले सोशल ऑर्गेनाइजेशन ने देशभर के बच्चों से अपील की है कि वे मां के साथ-साथ पिता का भी समान रूप से सम्मान और सेवा करें, क्योंकि एक पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और परवरिश के लिए कठिन परिश्रम करता है।

संस्था के अध्यक्ष मिर्जा अरशद बेग ने भावुक शब्दों में कहा कि परिवार एक ट्रेन की तरह है, जिसका चालक पिता होता है, जबकि मां गार्ड के रूप में उसकी दिशा को नियंत्रित करती है।

ऐसे में दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि अक्सर बच्चे पिता की डांट या सख्त व्यवहार से नाराज हो जाते हैं, लेकिन यह कठोरता भी प्यार और भविष्य संवारने की भावना से ही प्रेरित होती है। पिता का प्रेम अक्सर नर्मी में नहीं बल्कि अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के रूप में नजर आता है, जिसे बच्चों को समझना चाहिए।

# सुबह छाए बादल, दिन में धूप ने निकाला पसीना



सुबह थोड़ी राहत मिली तो घरों से निकलीं महिलाएं व बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आषाढ़ महीने में सूरज की तपिश लोगों को गर्मी से बेहाल कर रही है। बादल के बाद भी बारिश न होने से लोगों को गर्मी और उमस बेहाल कर रही है। रविवार को सुबह बादल छाए रहे लेकिन फिर धूप निकलने से लोग परेशान हो गए।

सुबह बादल छाए रहने पर लोगों को लगा कि बारिश होने से राहत मिलेगी लेकिन 10 बजे के आसपास तेज धूप निकल आई। पूरे दिन धूप की तपिश से लोग बेचैन रहे। उमस ने बेहाल कर दिया। बादल उमड़ने घुमड़ने के बाद भी बारिश न होने से निराशा हुई। अवकाश के दिन तेज धूप से लोग बाहर निकलने की बजाय घरों में ही समय गुजारते रहे। अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 56 प्रतिशत रहा। जबकि 2.6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से पश्चिम दिशा से हवा चली। गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि अभी 18 जून तक गर्मी ऐसे ही रहेगी। बीच बीच में हल्के बादलों की आवाजाही के बीच कहीं बूंदाबांदी होगी। 25 जून या इसके बाद मानसून पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सक्रिय होगा।

# शिक्षा के नए आयामों को आत्मसात करें विद्यार्थी



प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कृति फाउंडेशन के प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावियों को मिला सम्मान

**अमृत विचार :** सामाजिक संगठन कृति फाउंडेशन ऑफ इंडिया का सातवें वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को आइएमए भवन में आयोजित किया गया। इसमें मेधावी छात्र-छात्राओं व समाज के अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. विशेष गुप्ता, संत धीरशांत अर्द्धमौनी, जिला उपाध्यक्ष सपा वेद प्रकाश सैनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष भाजपा मनोज गुप्ता आदि ने मेधावियों को सम्मानित किया। कुंदरकी के विधायक ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वह तकनीकी युग की चुनौतियों को समझते हुए शिक्षा के नए आयामों को आत्मसात करें। आयोजन के लिए संस्था के पदाधिकारियों की सराहना की। संगठन के संस्थापक/अध्यक्ष ने बताया कि प्रतिभाशाली बच्चों व समाज के अन्य प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित कर रहे हैं। संचालन प्रदेश सचिव जीनत चौधरी ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता, किरन प्रजापति, मीना राजपूत, बबीता चंद्रा, अंजू भंडारी, सुनीता चौधरी, नीरू सैनी, पूनम जाटव, दीपिका मेहता, गुड्डो प्रजापति, गुलशन आदि मौजूद रहे।

## सीएमओ कार्यालय में आज फाइलें भेजेगा अस्पताल प्रबंधन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आयुष्मान योजना के तहत नियम के विरुद्ध हुए भुगतान को लेकर यूनिक अस्पताल पर शिकंजा कसता जा रहा है। सोमवार को सीएमओ कार्यालय में अस्पताल प्रबंधन को फाइलें उपलब्ध करानी है। इससे पहले गुरुवार और फिर शुक्रवार को फाइलें उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन वर्ष 2023 में आयुष्मान योजना के तहत होने वाली सर्जरी की फाइलें उपलब्ध नहीं करा रहा है। बीते सप्ताह चार सदस्यीय टीम जांच के लिए अस्पताल पहुंची और संदेह के घेरे में 286 फाइलें दिखाने को कहा लेकिन, अस्पताल प्रबंधन आनाकानी करता रहा। हालांकि, इस वर्ष आयुष्मान योजना के तहत हुए उपचार की फाइलें कब्जे में ले ली गई हैं। सोमवार को कार्यालय में फाइलें नहीं भेजी जाती हैं तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# एथलीट्स को अब ई-मेल आईडी पर मिलेगा प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से की जा रही शुरुआत

**अमृत विचार :** एथलीटों को प्रमाण पत्र पाने के लिए अब कोच व अधिकारियों की मिन्नतें नहीं करनी पड़ेगी। क्योंकि किसी भी एथलीट के लिए प्रमाण पत्र की उतनी ही अहमियत होती है, जितनी पदक की। इसी के आधार पर सरकारी नौकरी में खेल आरक्षण का लाभ मिलता है। एथलीट को घर बैठे ही प्रमाण पत्र उनकी ई-मेल आईडी पर आ जाएगा।

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) की ओर से जिला या प्रदेश ही नहीं, देशभर के एथलीट्स को घर बैठे प्रमाण पत्र भेजने की व्यवस्था की जा रही है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद एथलीट को ई-मेल आईडी व मोबाइल नंबर पंजीकरण फार्म में भरना होगा। अगर ग्रामीण क्षेत्र के किसी एथलीट को दिक्कत आती है तो पदाधिकारी ई-मेल आईडी तैयार कराने में मदद करेंगे। यूपी एथलेटिक्स टीम में अलग-अलग जिलों व मंडल के खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र प्रतियोगिता के बाद एसोसिएशन के पास आते हैं। ऐसे में प्रमाण पत्र मिलने में कई बार महीनों भी लग जाते हैं। इससे भी निजात मिलेगी।

### बचेगी राशि, मिलेगी सुरक्षा ... फर्जीवाड़ा पर लगेगी नकेल

एक सामान्य प्रमाण पत्र बनाने में लगभग 60 से 70 रुपये का खर्च आता है। नई व्यवस्था के बाद सैकड़ों एथलीट के प्रमाणपत्र बनाने में लगने वाली राशि बचेगी। इसे खेल व खिलाड़ी हित में इस्तेमाल किया जा सकेगा। माण पत्र को स्कैन कर फर्जीवाड़ा करने वालों पर भी नकेल लगेगी।

> प्रमाण पत्र को सुरक्षित और एथलीट को प्राप्त होने की संबंधी जटिलताओं को खत्म करने के उद्देश्य से एएफआई ने ऑनलाइन प्रमाणपत्र जारी करने का निर्णय लिया है। जल्द ही यह व्यवस्था लागू होगी। – **जितेंद्र यादव**, प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी

# भक्ति से नष्ट होता है अहंकार का अंधकार



रामगंगा विहार में भागवत कथा सुनाते धीर शांत दास। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कथा व्यास बोले- कृष्ण की बाल लीलाओं के श्रवण से चित्त होता है पवित्र

**अमृत विचार :** रामगंगा विहार के वेव ग्रीन सोसायटी में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान के अनंत अवतरण और उनकी दिव्य लीलाओं के श्रवण मात्र से मनुष्य आनंद धाम में सुवासित करता है।

उन्होंने बताया कि महाराज पृथु ने भगवान से कहा कि आप वर देने वाले ब्रह्मादि देवताओं को भी वर देने में समर्थ हैं। आपकी माया से ही मनुष्य अपने वास्तविक स्वरूप आपसे विमुख होकर अज्ञानवश इच्छा करता है। कोई भी बुद्धिमान पुरुष आपसे भोगने योग्य विषयों को कैसे मांग सकता है? मेरी प्रार्थना है कि आप मुझे दस हजार कान दे दीजिये, जिनसे मैं आपके लीला को सुनता रहूं।

कथा व्यास ने कहा कि यदि पाप, भगवान से ज्यादा प्रबल हैं तो जीव का उद्धार ही नहीं होगा। परंतु कितना ही अहंकार का अंधेरा हो, प्रकाश होते ही सब नष्ट हो जाता है। भगवान ने मनुष्य को शरीरादि वस्तुएं इतनी उदारतापूर्वक और इस ढंग से दी हैं कि मनुष्य को ये वस्तुएं अपनी ही दिखने लगती हैं।

आयोजन की व्यवस्था में संगीता विश्नोई, आदेश विश्नोई, शिवम विश्नोई, कनिष्का विश्नोई, पूनम चावला, ऐशु भाटिया, आयुषी विश्नोई, सुनीता गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, वैष्णवी विश्नोई, श्वेतांश विश्नोई, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल, निखिल आदि ने सहयोग दिया।

# विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देते आर्य समाज के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आर्य समाज स्टेशन रोड पर रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। पंडित वीरेंद्र आर्य ने कपिल आर्य, ज्ञानेंद्र गांधी, रवीन्द्र आर्य, डॉ. आलोक कुमार आर्य निर्मल आर्य की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। इसके बाद मथुरा प्रसाद आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया गया।

वानप्रस्थी डॉ. राम मुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया। आर्य विद्वान डॉ. अर्जुन वीर वर्मा, कपिल आर्य ने वेदो में उल्लिखित आकाश तत्व की वैज्ञानिक व्याख्या की। कार्यक्रम के अंत में अहमदाबाद में विमान हादसे में असमय काल कलवित हुए भारतीय व विदेशी नागरिकों की आत्मा की शांति व सद्गति के लिए प्रार्थना की गई और सामूहिक दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रधान डॉ. अभय श्रोत्रिय, मंत्री रमेश सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष मयंक आर्य, अरविंद आर्यबंधु, विभु आर्य, वेदमुनि, संतोष कुमार गुप्ता, रविंद्र आर्य, राजेश नारंग, ज्ञानप्रकाश भगत, रमाशंकर आर्य करन आर्य, राकेश आर्य विजय कौशिक, सुमित आर्य व अर्जुन आर्य शामिल रहे।

## चिकित्सकों के 44 पदों के लिए वॉक इन इंटरव्यू 20 जून को

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सिक न्यू बॉर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू), मातृ स्वास्थ्य व अन्य विभाग में चिकित्सकों के रिक्त 44 पदों के लिए 20 जून को जिलाधिकारी के द्वारा नामित समिति के समक्ष विकास भवन में वाक इन इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत एमबीबीएस चिकित्सकों के रिक्त पद के लिए साक्षात्कार होगा। इसका विवरण जिले के एनआईसी के वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया कि साक्षात्कार के माध्यम से चयनित चिकित्सकों को रिक्त पदों के सापेक्ष योग्यताधारी चिकित्सकों को तैनाती दी जाएगी।

**प्रदेश तक चमकने की तैयारी** | लखनऊ, गोरखपुर के बाद अब महानगर की सड़कों पर दिख रहा पीतलनगरी का बदलता स्वरूप

# विकास के नक्शे पर दिखेगी मुरादाबाद की चमक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- फाइव डी मोशन थिएटर में दिखेगा पर्दे पर तकनीक का रोमांच
- वाटर स्पंदन पार्क में रंग बिरंगी लाइटों के बीच मिलेगा बोटिंग का आनंद

**अमृत विचार:** लखनऊ, गोरखपुर के बाद प्रदेश के विकास के नक्शे पर मुरादाबाद की चमक दिखेगी। प्रदेश का पहला फाइव डी मोशन थिएटर, संविधान साहित्य पार्क व वार मेमोरियल म्यूजियम बनकर तैयार है। बस इसके उद्घाटन का इंतजार है। इसके माध्यम से बदलते दौर में मुरादाबाद सबके सामने नये स्वरुप में दिखेगा।

महानगर की सड़कों पर पीतलनगरी का बदलता स्वरूप लोगों को आकर्षित कर रहा है। दिल्ली रोड, रामपुर रोड, कांठ पर कई ऐतिहासिक, धार्मिक, सैन्य व विज्ञान के क्षेत्र में देश की प्रगति व आपरेशन सिंदूर में सेना के शौर्य व पराक्रम का जलवा महानगर में दिख रहा है। दिल्ली रोड से सटे बुद्धि विहार में प्रदेश का पहला साहित्य संविधान उपवन व वार मेमोरियल म्यूजियम भी तैयार हो गया है।



कंपनी बाग में स्थित चिल्ड्रन पार्क में बना फाइव डी मोशन थिएटर। ● अमृत विचार

संविधान साहित्य पार्क में संविधान निर्माण के विभिन्न पहलुओं, संविधान की प्रस्तावना व संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विभूतियों के बारे में जानकारी दी गई है। इससे खासकर युवाओं को देश के संविधान निर्माण व उसकी बारीकियों को जानने समझने का अवसर मिलेगा। वाटर स्पंदन पार्क में रंग बिरंगी लाइटों के बीच नागरिकों को बोटिंग का आनंद मिलेगा। जो रात के समय और रोमांचित करेगा।

### वार मेमोरियल में संजोए गए हैं हथियार

वार मेमोरियल म्यूजियम में देश की आजादी से लेकर पाकिस्तान, चीन के साथ हुए युद्ध के अलावा कारगिल युद्ध आदि के दौरान सेना के द्वारा प्रयोग किए हथियारों को संजोया गया है। रक्षा मंत्रालय की अनुमति के बाद इन युद्धों में प्रयोग किए गए टैंक, एयरक्राफ्ट, मिग 27 विमान सहित अन्य सैन्य शक्ति को प्रदर्शित करने वाले हथियार व टैंक के मॉडल संरक्षित किए गए हैं।

> बदलते मुरादाबाद की झलक यहां की सड़कों से लेकर ऐतिहासिक व पारंपरिक के अलावा धार्मिक धरोहरों को संजोने से लोगों को मिल रहा है। प्रदेश के विकास के नक्शे पर मुरादाबाद की अलग पहचान दिखेगी। – **दिव्यांशु पटेल**, नगर आयुक्त

## आज का मौसम

धूप व हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है

| 36.0° | 26.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 06:15 |

## एक नजर

### अधिवक्ता पर जानलेवा हमला, 8 पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला की एकता कॉलोनी निवासी अधिवक्ता सर्वेश कुमा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते शुक्रवार की रात वह एक दुकान में सामान लेने गए थे। वह दुकान पर पहुंचे तभी कॉलोनी का ही पवन ठाकुर 6-7 साथियों के साथ आया और गाली गलौज करने लगा। आरोपी गला दबाने लगा। उसके साथियों ने लाठी-डंडे से पीटा। किसी तरह वह गला छुड़ाकर भागा। स्कूटी पर बैठा तभी आरोपी पवन ने लात मारकर स्कूटी से गिरा दिया। इसके बाद धारदार हथियार से हमला किया। इस संबंध में थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि आरोपी पवन ठाकुर और छह-सात अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### जहर देकर हत्या के प्रयास का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने ससुरालियों पर जहर देकर हत्या के प्रयास का आरोप, दहेज प्रताड़ना व शारीरिक शोषण के आरोप लगाते हुए पति समेत 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जो एसएसपी के आदेश पर दर्ज हुआ है। थाना गलशहीद क्षेत्र के ईदगाह फाटक निवासी पीड़ित विवाहिता ने एसएसपी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि 5 नवंबर 2022 को उसकी शादी वसीम निवासी अखबार फैक्ट्री के पास करूला थाना कटघर से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराली दहेज की मांग को लेकर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही थी। 21 मई को ननद गुलशन, सास शहाना व ससुर मोहम्मद अहमद ने नाश्ते में जहर मिलाकर दे दिया। किसी तरह उसने भाई को फोन कर बुलाया, जिसने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता का इलाज चल रहा है। थाना गलशहीद प्रभारी सौरभ त्यागी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अव्यवस्था, मरीजों को हो रही दिक्कत

# छुट्टी पर जिम्मेदार, मरीजों को कैसे मिले उपचार

**अमृत विचार पड़ताल**

शुभम शर्मा, मुरादाबाद



पीएचसी गुलाबबाड़ी में मरीज को देखते डॉ. नावेद खान। ● अमृत विचार



आदर्श नगर में मरीज को देखते डॉ. विश्वजीत।



पीतल बस्ती में खाली डॉक्टर की कुर्सी।

● समय पर जांच न होने से उपचार में भी हो रही देरी

**अमृत विचार :** अगर आपको उपचार की जरूरत है तो सरकारी अस्पताल न आने से पहले वहां चिकित्सक व स्टाफ के मौजूद होने की जानकारी कर लें। रविवार को अमृत विचार टीम द्वारा की गई नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की पड़ताल में कहीं डॉक्टर तो किसी केंद्र पर फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन और स्टाफ नर्स छुट्टी पर मिले। जिससे यहां आने वाले मरीजों को परेशानी हुई।

एक ओर जहां शासन की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने और बेहतर चिकित्सीय सुविधा देने के दावे किए जा रहे हैं। वहीं, धरातल पर स्थिति इससे पूरी तरह उलट है। सीएचसी, पीएचसी पर मरीजों के लिए मौके पर चिकित्सक, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन समय से उपस्थित नहीं मिलते। इससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक, फार्मासिस्ट के छुट्टी पर रहने के चलते कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। इन परिस्थितियों में लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर कैसे विश्वास हो यह बड़ा सवाल है। हैरत की बात तो यह है कि विभागीय अधिकारियों का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### डॉक्टर की कुर्सी खाली

**सुबह 10:20 बजे**

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीतल बस्ती में डॉ. देवांशु उपाध्याय के कक्ष में उनकी कुर्सी खाली थी। फार्मासिस्ट शिवा सिंह ने बताया कि डॉक्टर सीएल पर हैं। लैब टेक्निशियन रिंकू सिंह, स्टाफ नर्स निर्देश, दानिश और सपोर्टिंग स्टाफ साधना शुक्ला उपस्थित थे। 10:30 बजे तक तीन ही मरीज उपचार के लिए पहुंचे थे।

### लैब टेक्निशियन न होने से दिक्कत

**सुबह 10:40 बजे**

गुलाबबाड़ी नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मरीज ने बताया कि यहां लैब टेक्निशियन न होने के कारण जांच कराने में काफी दिक्कत होती है। डॉ. नावेद खान के अनुसार पिछले कुछ माह से लैब टेक्निशियन की तैनाती नहीं है। ऐसे में किट से होने वाली जांच तो केंद्र पर हो जाती है लेकिन सैंपल आदि के लिए मरीजों को कटघर स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर भेजना पड़ता है। फार्मासिस्ट अमित कुमार शर्मा, स्टाफ नर्स शिवली और सपोर्टिंग स्टाफ में धीरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

### डॉक्टर देख रहे थे मरीज, स्टाफ छुट्टी पर

**सुबह 11:15 बजे**

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदर्श नगर में डॉ. विश्वजीत मरीज देख रहे थे। फार्मासिस्ट कौशल किशोर, लैब टेक्निशियन और स्टाफ नर्स राजकुमार सीएल पर थे। सपोर्टिंग स्टाफ उदय सिंह और वार्ड ब्यॉय रविंद्र कुमार यादव उपस्थित थे। चिकित्सक के अनुसार एक साथ पूरे स्टाफ के छुट्टी होने से मरीज को देखने में काफी चुनौती का सामना करना पड़ता है।

## रुपये न देने पर माता पिता को पीटा, तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के शेरूआ धर्मपुर निवासी धर्मपाल सिंह की पत्नी वीरवती ने बताया कि उनका बेटा मुकेश व बहू संगीता आए दिन उससे और पति से रुपयों की मांग करते हैं। बीते शुक्रवार को भी रुपये मांगे। मना करने पर चूल्हे के पास रखा पलटला उठाकर हाथ पर मार दिया और जमीन पर गिराकर बुरी तरह पीटा। पति बचाने पहुंचा तो आरोपी बेटे-बहू ने उनपर भी हमला कर दिया। आरोप लगाया कि इस दौरान बेटे की सास भी उसे उकसा रही थी। इस दौरान बहू ने धमकी दी कि तेरे पति को रेप के झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा दूंगी। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी बेटा, बहू समेत तीन के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# तांत्रिक की धारदार हथियार से वार कर हत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कुंदरकी

● कुंदरकी के हरियाना गांव में शनिवार रात हुई घटना, हत्यारों ने किए 20 से 25 वार

● पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट



मृतक गुलाब सिंह।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव हरियाना में शनिवार की देर रात तांत्रिक गुलाब सिंह सैनी की रंजिश में धारदार हथियार से 20-25 वार करके हत्या कर दी गई। हत्यारोपियों ने उनका गला भी रेत दिया। वारदात के समय वह आंगन में सो रहे थे। हत्या की सूचना पर पहुंची कुंदरकी पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड से जांच पड़ताल कराने के बाद पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर मैनाठेर के गांव सन्दलपुर निवासी संजीव समेत चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव हरियाना निवासी किसान गुलाब सिंह सैनी (60) तंत्र मंत्र और झाड़फूंक का काम करते थे। उनका घर गांव के बाहर की ओर है। शनिवार की रात वह आंगन में चारपाई पर सो रहे थे। उनके पास ही दूसरी चारपाई पर पत्नी बूची भी सो रही थी। आरोप है कि देर रात लगभग 2:30 बजे घर में घुसे अज्ञात हमलावरों ने सोते हुए गुलाब सिंह पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपियों ने एक के बाद एक 20-25 वार कर गुलाब सिंह की हत्या कर दी। पत्नी बूची ने बताया कि चीख पुकार मचने पर वह जागी तो चार लोग उसके पति को मार रहे थे। दावा किया कि उनमें से मैनाठेर के गांव सन्दलपुर निवासी संजीव को पहचान लिया है। शोर मचाने पर चारों वहां से भाग गए, जिसके बाद गांव के लोग एकत्रित हो गए। बाद में 112 पर कॉल करके पुलिस को हत्या की सूचना दी गई।

सूचना पर एसएचओ कुंदरकी प्रदीप कुमार सहरावत टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए। थोड़ी देर बाद ही एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह व सीओ बिलारी राजेश कुमार तिवारी भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम व डॉग डॉग स्क्वायड की टीम बुलाकर मौके पर जांच पड़ताल कराके साक्ष्य संकलन कराया। शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। पति की मौत के बाद पत्नी बूची ने तहरीर देकर बताया कि संजीव एक साल पहले बहन को लेकर इलाज कराने आया था। बाद में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद से वह रंजिश रखता था।

आरोप लगाया कि उसी ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर हत्या की है। सीओ बिलारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया पत्नी की तहरीर की पर आरोपी संजीव व उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### पत्नी और बेटी बोली- रंजिश में ले ली जान

पत्नी बूची व बेटी मीनाक्षी ने बताया कि एक साल पहले मैनाठेर के गांव संदलपुर निवासी संजीव अपनी बहन कामिनी का इलाज कराने आया था। तंत्रमंत्र से उसका इलाज किया गया, लेकिन कुछ दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। आरोप लगाया कि इसके बाद से ही संजीव और उसके परिवार के लोग रंजिश रखने लगे थे। पत्नी बूची ने दावा किया कि कई बार संजीव ने गुलाब सिंह को जान से मरने की कोशिश की थी। 11 माह पहले भी संजीव कई लोगों के साथ तमंचा लेकर घर पहुंचे थे। आरोपियों ने उस समय मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। हत्यारों ने तांत्रिक के प्राइवेट पार्ट पर भी कई वार किए।

### पहली पत्नी गई मायके दूसरी के साथ रहता था गुलाब सिंह

गुलाब सिंह की दो पत्नियों में पहली जन्मवति से एक बेटी लक्ष्मी है। कई माह पहले जन्मवति अपने मायके जटपुरा चली गई थी। दूसरी पत्नी बूची जो बंगाल की है, उससे तीन बेटी पूजा, पूनम व मीनाक्षी हैं। सभी पुत्रियों की शादी हो चुकी है। फिलहाल गुलाब सिंह अपनी दूसरी पत्नी के साथ रह रहा था।

## शोरूम में काम करने वाली महिला ने चुराए लाखों के जेवर, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● आरोपी महिला को ज्वैलर ने खुद पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र निवासी महिला जिस शोरूम पर काम करती थी वहीं से धीरे-धीरे लाखों के जेवर चोरी करके ले गई। शक होने पर दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज चेक की और महिला को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी महिला के पास से काफी आभूषण बरामद किए हैं। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

थाना मझोला थाना क्षेत्र के बुद्धि विहार निवासी अजय कुमार रस्तोगी की नागफनी में हर्षित ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। अजय ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि नागफनी के कहारो वाली मंदिर निवासी काजल कश्यप पत्नी सचिन कश्यप उनकी दुकान पर एक साल से काम कर रही थी। अजय के अनुसार उनकी दुकान से धीरे-धीरे सामान कम होने लगा था। शक होने पर सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो बीते एक माह में आठ बार काजल कश्यप दुकान से चोरी-छिपे गहने टिफिन व अन्य तरीके से चोरी कर ले जाती थी। अजय ने बहन कमलेश की मदद से काजल को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। थाना नागफनी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### बरामद आभूषण

पूछताछ में काजल कश्यप ने चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। उसके पास से 1 जोड़ी सोने के टॉपस, पांच जोड़ी सोनी की बालियां, 11 सोने की नाक की लौंग, 6 नोस रिंग सोने की, 1 सोने की पेंडिल मोती की माला के साथ, 13 जोड़ी पाजेब और 16 चांदी की अंगूठी और 22 बिछुए बरामद किए गए।

## सुविधा: मुरादाबाद से हल्द्वानी आगरा के लिए बस सेवा शुरू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पीतलनगरी डिपो से अब हल्द्वानी होकर आगरा के लिए जाएगी बस

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के पीतलनगरी डिपो द्वारा मुरादाबाद-हल्द्वानी-आगरा - हल्द्वानी-मुरादाबाद मार्ग की एक नई सेवा का आरंभ रविवार को कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस बस सेवा के संचालन से यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

बस का मुरादाबाद से हल्द्वानी का प्रस्थान समय दिन में 11:00 बजे से और हल्द्वानी से आगरा के लिए दोपहर 3:00 बजे और आगरा से हल्द्वानी के समय सुबह 6:00 बजे निर्धारित है।

विधायक ने परिवहन निगम के कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। कहा कि किसी भी कर्मचारी को भविष्य में कोई समस्या हो तो वह उनसे सीधे सम्पर्क कर सकता है। चालकों और परिचालकों को निर्देश दिया कि वह अपनी बस का संचालन हर शहर के अन्दर बस स्टेशन/स्टॉपेज से करें। जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप आम जनमानस को परिवहन निगम की सुलभ सेवा का लाभ मिल सके। इस दौरान सेवा प्रबंधक मुरादाबाद, प्रेम सिंह सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक पीतलनगरी डिपो, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद डिपो, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी, कार्यशाला प्रभारी, कटघर बस स्टेशन प्रभारी और कर्मचारी आदि मौजूद रहे।





हरी झंडी दिखाकर बस सेवा आरंभ करते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह व अन्य।

## नर्सिंग कॉलेज की छात्रा को मिला धमकी भरा मैसेज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की प्रथम वर्ष की छात्रा को फ्रेशर पार्टी में मिस फ्रेशर चुने जाने के कुछ ही घंटों बाद एक अंजान मोबाइल नंबर से अश्लील व धमकी भरे संदेश भेजे गए। जिससे छात्रा व उसके परिजन बेहद डरे हुए हैं। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में रहने वाली महिला ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि उसकी बेटी को कॉलेज में हुई फ्रेशर पार्टी में उसकी बेटी को मिस फ्रेशर का खिताब मिला। उसी रात लगभग 12:44 बजे एक अंजान नंबर से बेटी के व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक संदेश भेजा गया। बेटी ने जानकारी कॉलेज प्रशासन को दी, जिस पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा उस नंबर पर कॉल किया गया। इस दौरान पहले एक पुरुष ने फोन उठाया और बाद में एक महिला ने बात की, जिसने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पीड़ित मां ने बताया कि उसकी बेटी स्कूटी से कॉलेज आती-जाती है, जिससे उसकी सुरक्षा को लेकर चिंता है। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है।

## राहत: जर्जर आवास किए जाएंगे ध्वस्त, नए भवनों का निर्माण शुरू



रेलवे कर्मचारियों के लिए तैयार कराए जा रहे आवास। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● रेलवे कर्मचारियों को जल्द मिलेगी सालों पुरानी समस्या से निजात

**अमृत विचार:** रेलवे कॉलोनी में वर्षों से जर्जर हालत में रह रहे रेलवे कर्मचारियों के लिए राहत की खबर है। रेल प्रशासन द्वारा पुराने व क्षतिग्रस्त भवनों को ध्वस्त कर नए आवासों के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है।

रेलवे कर्मचारियों के लिए बनाए गए पुराने क्वार्टर लंबे समय से टपकती छत, दीवारों में दरारें और सीलन जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। कई बार कर्मचारियों ने शिकायतें भी दर्ज कराई थीं, लेकिन अब जाकर रेलवे प्रशासन ने इस दिशा में गंभीर पहल की है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पहले चरण में सबसे अधिक जर्जर स्थिति वाले आवासों को तोड़कर उनकी जगह नए और सुरक्षित क्वार्टर बनाए जाएंगे, जो सुरक्षा और साफ-सफाई की सुविधाओं से लैस होंगे। इस परियोजना के तहत कर्मचारियों के परिवारों को अस्थायी रूप से वैकल्पिक व्यवस्था में रखा जाएगा, ताकि निर्माण कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह कदम न केवल कर्मचारियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर उठाया गया है, बल्कि इससे रेलवे कॉलोनी का समग्र सौंदर्य और कार्यक्षमता भी बेहतर होगी। वहीं रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि अब हमें सुरक्षित और बेहतर आवास मिल सकेंगे, जो वर्षों से एक बड़ी जरूरत थी।

# रंजिश में युवक को मारी गोली, भर्ती

संवाददाता, पाकबड़ा

● सुपरटेक सोसायटी के सामने की घटना, लोगों में दहशत



मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी हाईवे शुभम पटेल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नया मुरादाबाद स्थित सुपरटेक सोसायटी के गेट के सामने एक युवक को गोली मारी गई। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर गया। आवाज सुनकर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। गोली मारने वाला फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पाकर एसओजी टीम सीओ हाईवे शुभम पटेल भी मौके पर पहुंचे। लोगों से जानकारी जुटाई।

रविवार की शाम नया मुरादाबाद स्थित सुपरटेक सोसायटी के गेट के सामने लगे ठेले से अजीत निवासी माता वाली मिलक चाऊमीन पैक करा रहा था। उसी समय गांव का ही रहने वाला पवन वहां पहुंच गया। उसने तमंचा निकालकर अजीत को गोली मार दी। गोली उसकी पीठ में जाकर लगी। वह सड़क पर गिर गया। उसके बाद दोबारा गोली मारने की कोशिश की गई लेकिन तब तक आवाज सुनकर वहां पर भीड़ जुट गई। पवन भीड़ का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। परिजनों और पुलिस को सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तुरंत घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत नाजुक बताते हुए हायर सेंटर रेफर किया, जिसके बाद दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। जहां हालत नाजुक बनी हुई है। सोसायटी के गेट के सामने गोली मारने की सूचना पर मझोला पुलिस, एसओजी एवं सीओ हाईवे भी मौके पर पहुंच गए। आसपास के सभी दुकानदारों से जानकारी की। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### झगड़ा इतना बढ़ा कि दुश्मन बन गए दोनों

गांव वालों ने बताया कि दोनों आपस में दोस्त थे। बीच में किसी बात को लेकर रंजिश हो गई। दोनों में लड़ाई शुरू हो गई। झगड़ा इतना बढ़ा कि एक दूसरे के दुश्मन बन बैठे।

### कुछ दिन पहले ही राजस्थान से आया था पवन

अजीत ड्राइवर और पवन जनरेटर का मिस्त्री है। वह राजस्थान में काम करता है। अभी कुछ दिनों पहले ही वह राजस्थान से अपने घर आया था। इस बीच इन दोनों में क्या हुआ है। जिसको लेकर गोली मार दी गई।

## उधारी के 50 लाख रुपये मांगने पर सेवानिवृत अधिकारी को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नौसेना से सेवानिवृत अधिकारी ने उधारी के रुपये मांगने पर महिला समेत दो लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से फर्रुखाबाद के फतेहगढ़ निवासी निर्मल मिश्रा नौसना से सेवानिवृत अधिकारी है और मौजूदा समय में वह महानगर में रिलायंस कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में अधिकारी ने बताया कि उनकी पहचान नौकरी के दौरान गौरव सिरोही से हुई थी, जिसकी वजह से उनका परिचय बबीता विश्नोई निवासी हिमगिरि कॉलोनी हरथला से हुआ। पीड़ित के अनुसार बबीता विश्नोई की सिफारिश पर उन्होंने बबीता के परिचित सरताज निवासी मोहल्ला नियारियान काजियान अगवानपुर को 50 लाख रुपये उधार दिए थे। कुछ दिन बाद उधारी की रकम वापस मांगने पर सरताज ने उन्हें 10-10 लाख के दो चेक व 18 लाख का एक चेक दिया। बैंक में धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गए। इस पर निर्मल मिश्रा ने फर्रुखाबाद न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज कराया। नोटिस मिलने के बाद सरताज ने 18 मार्च 2025 को बबीता विश्नोई के घर पंचायत में निर्मल पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। इंकार करने पर सरताज व बबीता ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

आरोप है कि आरोपी बबीता ने उन्हें फोन पर भी हत्या की धमकी दी, जिसकी रिकॉर्डिंग उनके पास है। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि दो लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

## पाकबड़ा पुलिस ने कुंडल लूट का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस ने महिला से हुई कुंडल लूट का खुलासा करते हुए एक किशोर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना पाकबड़ा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बीती 3 मई को श्री सत्या पब्लिक स्कूल के सामने स्थित सीएनजी पेट्रोल पंप लोधीपुर राजपूत के पास गांव मवई ठाकुरान थाना असमौली जनपद संभल निवासी धर्मेंद्र सिंह की पत्नी बीना देवी से पीछे से आए दो युवकों ने बाएं कान का सोने का कुंडल लूट लिया था और फरार हो गए थे। पुलिस टीम ने आरोपी सुहेल निवासी मोहल्ला बुधबाजार पाकबड़ा और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटा गया सोने का कुंडल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। पुलिस ने सुहेल को जिला कारागार और किशोर को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया।

# पोस्टमैन संघ: पवन अध्यक्ष, दृग्वेश बने सचिव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● मुरादाबाद मंडल की कार्यकारिणी गठित



मंडल कार्यकारिणी के गठन में निर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधान डाकघर में रविवार को भारतीय डाक कर्मचारी संघ पोस्टमैन व एमटीएस का अधिवेशन हुआ। इस अवसर पर संघ की मुरादाबाद मंडल कार्यकारिणी का गठन हुआ। प्रधान डाकघर के पोस्टमैन पवन कुमार गुप्ता को अध्यक्ष और विक्रम सिंह को उपाध्यक्ष प्रथम चुना गया। चंदौसी के पोस्टमैन शिशु पाल सिंह को उपाध्यक्ष द्वितीय चुना।

दृग्वेश कुमार को सर्वसम्मति से सचिव मनोनीत किया। पवन त्यागी को उपसचिव, राजेश कुमार यादव को सहायक सचिव प्रथम अकरम शाह खान को सहायक सचिव द्वितीय, पोस्टमैन संभल मो.आदिल को सहायक सचिव तृतीय और पोस्टमैन असमोली अर्चना कुमारी का सहायक सचिव चतुर्थ चुना गया। गजराज सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया। निजाम हैदर को संगठन मंत्री प्रथम, एमटीएस पीएसी सुनील कुमार को संगठन मंत्री द्वितीय, एमटीएस सरोज को संगठन मंत्री तृतीय, एमटीएस मंडलीय कार्यालय शुभम सागर को संगठन मंत्री चतुर्थ और राजीव गुप्ता को संगठन मंत्री पंचम चुना गया। छोटे लाल को आय व्यय परीक्षक साथ ही लेखराज सिंह, दिनेश कुमार दुबे, मोहम्मद बिलाल, जाहिद हुसैन, सुरेंद्र कुमार, पन्ना लाल, नीरज कुमार, नरेश कुमार, कंचन यादव, रजत बहादुर को कार्यकारी सदस्य बनाया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रांतीय सचिव मिथलेश शुक्ला और विभाग की ओर से हर्ष बत्रा परिवाद निरीक्षक के रूप में रहे। संचालन गजराम सिंह और दृग्वेश कुमार यादव ने किया।

## आलोक बने जिला पंचायत राज अधिकारी



आलोक शर्मा।

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शाहजहांपुर में तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा को शासन ने मुरादाबाद के जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर स्थानांतरित किया है।

यहां तैनात जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा को लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया है। वह इससे पहले एक मामले में निलंबित हो चुके थे। बाद में दोबारा अपने पद का कार्य कर रहे थे। वह बुधवार को पहुंचेंगे।

## एक नजर

### दावत से लौट रहे बुजुर्ग को किया लहूलुहान, तीन पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रायभूड़ निवासी सना पत्नी मो सानिव ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 12 जून की शाम पति सानिव व ससुर आलम छोटी बेटी आइजा को लेकर गांव में दावत खाकर घर लौट रहे थे। रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के इसरार, इंतजार, साहिल ने उन्हें घेर कर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। साहिल ने ससुर के सिर में धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया जिससे वह जमीन पर गिर गए। बेटी की चीख पुकार पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने थाना भगतपुर के गांव चूहानगला निवासी आसिम पुत्र छिद्दा की तहरीर पर अज्ञात प्लेटिना बाइक चालक के खिलाफ वादी के भाई अनवर, भांजे हमजा व पिता को घायल कर भाग जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। ग्रामीण ने तहरीर में कहा है कि 11 जून को भाई अनवर बाइक पर पिता व भांजे को लेकर भोजपुर में कान की दवाई लेने जा रहा था। भोजपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट तेज गति से आ रहे प्लेटिना बाइक चालक जिस पर तीन सवारियां बैठीं थीं लापरवाही से भाई की बाइक में टक्कर मारकर गांव रानी नांगल दिशा को भाग गए। घायलों का उपचार महानगर में चल रहा है। केस की विवेचना उप निरीक्षक रजनीश पंवार कर रहे हैं।

### भाजपा की नगर मंडल कमेटी गठित

**बिलारी, अमृत विचार :** भाजपा की नगर मंडल की कमेटी का विस्तार किया गया। रविवार को आयोजि बैठक के बाद पूर्व में घोषित मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट के अलावा मंडल उपाध्यक्ष गीता देवी हेमंत शर्मा अभिलाष गौड़, प्रशांत चौधरी अंकुर भटनागर मेघ पाल सिंह , मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर अमित चौधरी मंडल मंत्री मनोहर सिंह टिंकू सिंह नवनीत कुमार प्रेमपाल सिंह गीता गुप्ता और मनोज कुमार कोषाध्यक्ष वीरपाल सिंह के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

# खराब मिला गोशाला का रास्ता सदस्य ने जताई नाराजगी

## गो सेवा आयोग के सदस्य ने किया दो गोशालाओं का निरीक्षण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- अधिकारियों को साफ-सफाई के साथ रास्ता बनवाए जाने के निर्देश दिए
- डिलारी ब्लॉक क्षेत्र में आलमपुर चौहान व ईलर की गोशाला पहुंचे

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने रविवार को डिलारी ब्लॉक के गांव आलमपुर चौहान व गांव ईलर की गोशाला का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गांव ईलर की गोशाला को जाने वाले रास्ते की हालत अत्यधिक खराब देखने को मिली। जिसपर गो सेवा आयोग के सदस्य ने नाराजगी जताई। उच्च अधिकारियों को रास्ते की हालत खस्ता बताते हुए रास्ता बनवाए जाने के निर्देश दिए। ईलर गोशाला में कुल 133 गोवंश तो अस्थाई गो आश्रय स्थल आलमपुर चौहान में कुल 108 गोवंश संरक्षित मिले। केवल एक गोवंश बीमार था जिसका उपचार नियमित रूप से किया जा रहा है। सदस्य दीपक गोयल के साथ उपमुख्यमंत्री चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवकुमार राणा उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने बरसात के दिनों में गोशाला की सफाई व्यवस्था कराए जाने और पशुओं को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा व पौष्टिक दाना बढाए जाने के निर्देश दिए ।



ईलर स्थित गोशाला जाने का खराब रास्ता देख नाराजगी जताते सदस्य दीपक गोयल।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल, हालत गंभीर

**छजलैट, अमृत विचार:** अनियंत्रित कार चालक ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

छजलैट के गांव भीकनपुर निवासी अनुज कुमार रविवार दोपहर छजलैट की ओर से साइकिल से घर लौट रहा था। वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और कार को घेर लिया और पुलिस को सूचना दी। इस दौरान घायल युवक के परिजन मौके पर पहुंच गए।

युवक मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। छजलैट पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया और चालक को भी हिरासत में लेकर थाने ले आई। जहां परिजनो ने तहरीर दे दी है। खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौता को वार्ता चल रही थी।

# इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं

संवाददाता, कांठ

- अमन कमेटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष का संबोधन
- विमान हादसे में मारे गए दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**अमृत विचार:** इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है अपने-अपने धर्म का अपने ढंग से कर्तव्य निभाते हुए समाज व देश की सेवा में अग्रसर रहना चाहिए। यह विचार शहर अमन कमेटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष इरशाद हुसैन के नेतृत्व में हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने व्यक्त किए।

बैठक में गुजरात के अहमदाबाद शहर में विमान हादसे में मारे गए दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हिंदुस्तान की सभ्यता और संस्कृति ने सदैव हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई ने मिलकर आजादी की लड़ाई लड़ी है। कुछ राजनीतिक दलों को भी जातिवाद धर्म को त्याग कर इंसानियत का धर्म निभाना चाहिए। हमें समाज और देश की सेवा के लिए अग्रसर रहना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष हाफिज इमामुद्दीन ने कहा कि एकता में बहुत शक्ति है। हम सभी अपने कुशल व्यवहार से एक होकर समाज के दवे कुचले लोगों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। उन्होंने कोई नई परंपरा शुरू नहीं करने एवं कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया। इस मौके पर अमन कमेटी में शामिल होने वाले साहिबानों को नियुक्ति पत्र देते हुए अपने दायित्व पर निर्वहन करने पर बल दिया। गोष्ठी में जिला उपाध्यक्ष हाफिज इमामुद्दीन, मोहम्मद उमर, मोहम्मद समीर प्रचार मंत्री, कयामुद्दीन को जिला महासचिव, नफीस अहमद महासचिव, मोहम्मद नदीम सचिव, सफीक प्रचार महामंत्री, मोहम्मद आजम व सरोज को महासचिव नियुक्त किया।




मनोनयन पत्र सौंपते प्रदेश अध्यक्ष इरशाद हुसैन। ● अमृत विचार

# 30 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए रग्घन लाल सहदेव

संवाददाता, बिलारी

- वाल्मीकि समाज के लोगों ने उनके चित्र पर अर्पित किए पुष्प

**अमृत विचार:** वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ नेता रग्घनलाल सहदेव की तीसवीं पुण्यतिथि पर रविवार को सहसपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद उनके द्वारा वाल्मीकि वर्ग के हित में किए गए विभिन्न कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

सभा में निकाय सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नगर ने कहा जैसी संकल्प शक्ति रग्घन लाल जी में थी वैसी अब कम ही देखने को मिलती है। उन्होंने उपेक्षित वाल्मीकि सफाई वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। आज हमें उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। संघ के प्रदेश प्रमुख महामंत्री राजेंद्र कुमार ने कहा कि वह 15 वर्ष तक जिला पंचायत मुरादाबाद के सदस्य रहे। साथ ही जिला परिषद और प्रदेश की कई समितियां में भी सदस्य के रूप में रहते हुए अनेक कार्य किये। भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा के अध्यक्ष गजराम सिंह वाल्मीकि ने कहा कि आज वाल्मीकि सफाई वर्ग जो सम्मान और अधिकार पा रहा है वह रग्घनलाल सहदेव जी जैसे नेताओं के संघर्ष की ही देन है वह सदैव हमारे बीच बने रहेंगे। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया गया। सभा में राजीव कुमार, संजीव वाल्मीकि, आजाद राव रत्नाकर, अजय राजभर, सुनील लश्करी, रोहित चंदेल, रजनीश चौधरी आदि शामिल रहे।

## हादसे में डंपर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार:** डंपर से गंभीर रूप से घायल बाइक चालक के तहेरे भाई की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना ठाकुरद्वारा के ग्राम बैजनाथपुर निवासी देवेंद्र सिंह बाइक से 12 जून को अमृत अस्पताल से घर की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में ग्राम खूंटखेड़ा मोड पर सामने से आ रहे खनन के डंपर चालक ने तेज गति से वाहन चलाकर लापरवाही से देवेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कॉसमॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। थाना कांठ पुलिस ने घायल के तहरे भाई शोभाराम सिंह की तहरीर के आधार पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# इंद्र का घमंड तोड़ने को श्रीकृष्ण ने उठाया था गोवर्धन पर्वत



कथा सुनाते आचार्य शिव शंकर भारद्वाज।



शिव मंदिर बच्चा बाग में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

- भागवत कथा में कृष्ण लीलाएं सुन श्रद्धालु भाव विभोर

**अमृत विचार:** नगर के शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने गोवर्धन भगवान का प्रसंग सुनाया। इस दौरान गोवर्धन भगवान को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए और उनसे सदैव रक्षा करने की प्रार्थना की गई।

कथा में प्रसंग सुनाते हुए कहा की गोकुल वासियों से इंद्र कुपित हो गए तो जमकर वर्षा कर दी। जिससे गोकुल वासी परेशान हो गए। उन्होंने भगवान कृष्ण की विनती की तो कृष्ण ने एक उंगली पर ही गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोकुल वासियों के ऊपर छाते की तरह तान दिया। तब से गोवर्धन की पूजा होने लगी। व्यास जी ने कहा हजारों गोपियों ने भगवान कृष्ण को ही अपना पति मानकर सुहाग अमर कर लिया। कहा कि पत्नी के लिए पति ही उसका परमेश्वर है उसका सच्चे मन से आदर और सेवा करनी चाहिए क्योंकि उनके लिए पतिव्रत धर्म ही सर्वोपरि है। रानी मीराबाई में रानी बनने के बाद भी उनमें सतोगुण प्रधान रहा और उन्होंने कृष्ण जी को ही अपना पति मान लिया परिवार और समाज में उनका जितना विरोध होता गया वह उतनी ही कृष्ण जी के निकट होती गई होती गईं।

कथा में सीतांशु दीक्षित,मुन्ना श्रोत्रिय, मोहनलाल शर्मा,कुलदीप सक्सेना लव कुमार गुप्ता ताराचंद शर्मा, अखिलेश मिश्रा ,चकित मिश्रा ,शकुन मिश्रा आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### बैडमिंटन खिलाड़ियों ने किया नवनियुक्त बार महासचिव का फूल मालाओं से स्वागत



**कांठ, अमृत विचार :** तीन दिन पहले हुए तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में एडवोकेट दीपक विश्नोई ने महासचिव के पद पर शानदार जीत हासिल की। कृष्णावती बैडमिंटन क्लब के खिलाड़ियों ने इस जीत की खुशी में कृष्णावती बैडमिंटन हॉल पहुंचने पर मिठाई खिलाकर उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर, रोमी माहेश्वरी,गौरव विश्नोई, हरिओम वर्मा,अमित विश्नोई,मोहन विश्नोई,शेखर वर्मा,शिव कुमार वर्मा, अनिल विश्नोई, सोहन विश्नोई,अभय माहेश्वरी, नवदीप शर्मा,राजीव कुमार, देव विश्नोई, अर्पित विश्नोई,आरुष विश्नोई, अथर्व, युवराज, शुभम, मृत्युंजय, आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

### चेयरमैन ने कराई रामगंगा पुल पर गड्ढों की मरम्मत



**कांठ, अमृत विचार :** चेयरमैन हाजी उस्मान अली ने ठाकुरद्वारा मार्ग पर रामगंगा नदी के पुल पर भारी वाहनों के आवागमन से जानलेवा बन चुके गड्ढों की मरम्मत का कार्य निजी खर्च से कराया। कार्य उनके बेटे इंजीनियर सय्यद आजम अली और उनकी टीम की देखरेख में हुआ। रामगंगा पुल पर आए दिन गड्ढे हो रहे हैं। जिनमें से सरिया निकल कर ऊपर आ जाती है और एक खतरनाक रूप ले लेती है। अभी पिछले दिनों ही एक गाड़ी गड्ढे से बचने के लिए संतुलन खो कर पुल की साइड रेलिंग से जा टकराई थी। चेयरमैन हाजी उस्मान अली द्वारा अपने निजी खर्चे से कराए गये इस मानवीय कार्य के लिए पर राहगीरों ने चेयरमैन का आभार जताया। इस मौके पर रियासत हुसैन , खुर्शीद सलमानी , वसीम मिल्की , उपेंद्र कुमार शर्मा , यासीन अहमद , प्रेमपाल सिंह , नदीम आलम , सुलेमान आदि मौजूद रहे ।

### शिया समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाई ईद ए गदीर



**अगवानपुर , अमृत विचार :** नगर पंचायत में रविवार को ईद ए गदीर का त्योहार शिया समुदाय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर के मोहल्ला सराय फारूख की अंजुमन जीनत ए अजा की ओर से टेंपो स्टैंड पर शरबत पिलाया गया। नगर के पंजेतनी इमाम बारगाह में महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। महफिल में राहिल नकवी ने निजामत के फराहिज को अंजाम दिया। इस दौरान मौलाना मो . हुसैन ने बताया कि रसूल अल्लाह के आखिरी हज के दौरान मैदान ए खुम में ऊंटों के कजावो के मिंबर पर हज़रत अली को अपने साथ लेकर गए और हजरत अली का हाथ थाम कर कहा जिस जिस का मैं मौला हूं उस के अली मौला है। इस दौरान दानिश नक़वी, असलम नक़वी, आदिल नक़वी, नैय्यर अब्बास नक़वी, शजर अब्बास, युनुस नकवी, एजाज़ नक़वी, शाहरुख अली आदि मौजूद रहे।

# अनुशासन, सम्मान और आत्मरक्षा का संदेश देता है ताइक्वांडो

संवाददाता, कांठ

- बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में सात दिवसीय समर कैंप आरंभ

**अमृत विचार:** नगर स्थित बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में रविवार को आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी द्वारा आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव ने फीता काट कर आरंभ किया।

इस अवसर पर इंस्पेक्टर क्राइम ने कहा कि सेल्फ डिफेंस आज के समय में प्रत्येक छात्र-छात्रा को सीखना चाहिए। खेलों से न केवल स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने समर कैंप में आए सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ अंजना शर्मा ने कहा कि इससे बालिकाओं में आत्मरक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ेगा। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह समर कैंप एक प्रेरणादायक पहल है। एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा ने कहा कि ताइक्वांडो एक प्राचीन कोरियन कला है जो अनुशासन, सम्मान और आत्मरक्षा का संदेश देती है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने सभी आगुन्तकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में आत्मरक्षा न केवल विकल्प है, बल्कि आवश्यकता है, और ऐसे कैम्प उसका सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभा सामने आती है। कार्यक्रम में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले सभी खिलाड़ियों का तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों एवं मुख्य कोच रितिका शर्मा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार चौहान, प्रधानाचार्या डॉ अंजना शर्मा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, देवेंद्र विश्नोई, आकाश शर्मा, हर्ष शर्मा, सुनीता शर्मा, माया विश्नोई, पलक शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



समर कैंप का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर क्राइम रामनरेश यादव।

## चुनावी रंजिश में बकरीद पर हुई मारपीट में 14 के खिलाफ एफआइआर

**भोजपुर, अमृत विचार:** एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने गांव गौधी में बकरीद के दिन दो पक्षों में हुई मारपीट में पूर्व प्रधान के तीन बेटों समेत 14 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

गांव गौधी निवासी जुल्फेकार पुत्र कल्लन ने बताया कि बकरीद के दिन बेटों परवेज, आफताब आलम, फरमान अली व नसीर अली के साथ गांव में इरफान पुत्र सुलेमान के घर आयोजित कार्यक्रम में जा रहा था। रास्ते में पूर्व प्रधान के बेटों इमरान, सरफराज, इरफान ने छींटाकशी शुरू कर दी। विरोध करने पर साथियों साकिब, शमीम, फुरकान, नौशाद, निसार,जरीफ, इब्राहीम, जीलानी,मुख्तलिफ, मसकूर व अमन को बुला लिया।

आरोपी सभी को पीटकर मरा हुआ समझकर चले गए। पीड़ित का कहना है कि थाना पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण तो करा लिया पर केस दर्ज नही किया।

शनिवार की रात को पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रधान पुत्रों समेत 14 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने इससे पहले भी पूर्व प्रधान पुत्र इमरान की तहरीर पर 12 नामजद व 7 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। विवाद की वजह आगामी पंचायत चुनाव की रंजिश बताई जा रही है।

# अंजुम की हत्या में तीन और गिरफ्तार, जेल भेजा



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** कुंदरकी पुलिस ने अंजुम हत्याकांड में जांच पड़ताल के बाद प्रकाश में आए तीन और आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दूसरा पति हाफिज पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

गुरुवार रात दो बेटियों के साथ छत पर सो रही अंजुम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पिता अली हसन की शिकायत पर नगर कुंदरकी निवासी अंजुम के दूसरे पति हफीज, भाई खालिद और साथी फैसल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शुक्रवार को हफीज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शनिवार को पुलिस ने जलालपुर मोड़ से मुखबिर की सूचना पर खालिद पुत्र मुस्तकीम, फैसल पुत्र नवाब और शाहिद पुत्र मोहम्मद सेन निवासी मोहल्ला नुरुल्लाह थाना कुंदरकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि मृतका उन्हें ब्लैकमेल कर रुपये मांग रही थी नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही थी इसलिए उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शेरावत ने बताया कि टीमें दबिश दे रहीं है जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### नकब लगा चोरों ने उड़ाया लाखों का समान

**कांठ, अमृत विचार :** गांव फूलपुर-मिठनपुर निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 11 जून की रात वह सो रहे थे। इसी बीच चोर घर नकब लगाकर घुस आए। चोर 10 हजार की नगदी, सोने-चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन 10000 नकद सोने व चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## मारपीट व धमकी देने का आरोप, रिपोर्ट

**छजलैट, अमृत विचार:** छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम चौहरा रसूलपुर निवासी शबनम पत्नी अजीजुल ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 12 वर्ष पूर्व अजीजुल पुत्र याकूब ग्राम चौहरा रसूलपुर से हुई थी। पति बेंगलुरु में काम करता है। वह दो बच्चों के साथ गांव में रहती है।

11 जून की रात चचेरे ससुर रफी ग्राम सराय खजूर, जुबैर और दो अज्ञात युवक घुस आए और जान से मारने की नीयत से मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे। महिला का आरोप है कि उसके ससुर याकूब, देवर फहीम व वसीम ने उन लोगों को मकान से बाहर निकालने के लिए भेजा था। महिला का आरोप है कि उसके 13 वर्षीय पुत्र को भी चार वर्ष पूर्व उसके ससुराल वाले छीन कर बेंगलुरु ले गए थे। एसपी के निर्देश पर छजलैट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सुरेश चौहान बने प्रधान संदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष

संवाददाता, कांठ

- आर्य समाज परिसर में आर्य समाज का चुनाव संपन्न

**अमृत विचार:** नगर स्थित आर्य समाज परिसर में आर्य समाज का चुनाव संपन्न कराया गया चुनाव में सुरेश चौहान आर्य को प्रधान चुना गया।

रविवार को प्रार्थना नगर स्थित आर्य समाज परिसर में पुरोहित नैपाल आर्य द्वारा मंत्र उच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ के उपरांत आर्य समाज के सभासदों की बैठक हुई जिसमें आर्य समाज का चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव में सुरेश चौहान आर्य को प्रधान, राजीव शर्मा एवं राजेंद्र सिंह टांडा को उपप्रधान, अमित कुमार पप्पन को मंत्री, राजेंद्र सिंह मौढ़ी एवं विक्रम सिंह आर्य को उप मंत्री, संदीप गुप्ता को कोषाध्यक्ष, भूपेंद्र चौहान को आय व्यय निरीक्षक, चमन सिंह आर्य को आर्यवीर दल तथा महेंद्र सिंह को पुस्तकालय अध्यक्ष के रूप में चुना गया। संरक्षक के रूप में सुशील मणि गुप्ता, डॉ. निर्मल चंद्र गुप्ता, रघुराज सिंह, अशोक कुमार विश्नोई, नौबत सिंह, राम सिंह विश्नोई एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ताजेंद्र सिंह गांधी, हुकुम सिंह, अरविंद चौहान, हरि सिंह, आदेश कुमार, रतेश कुमार शर्मा, विजय कुमार वर्मा, भानु प्रताप सिंह, पिंकुल गुप्ता, झुन्ना सिंह, राकेश शर्मा, मनोज कुमार पहलवान, वीरेंद्र सिंह यादव, कैलाश चौहान, नरेश चौहान, दीपक कुमार शर्मा को शामिल किया गया।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुरजीत सिंह द्वारा संस्था गुरूद्वारा बाबा दीप सिंह जी सहिब समिति, भंगू फार्म ग्राम सुजातगंज खेरा पो. बेगमाबाद तह. बिलासपुर जिला रामपुर 244921 का अध्यक्ष दर्शाते हुये, संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. गुरजीत सिंह-अध्यक्ष 2. सुरजीत सिंह-उपाध्यक्ष 3. गुरपिंदर सिंह-कोषाध्यक्ष 4. रजिन्दर पाल सिंह-सचिव 5. दलजीत सिंह-प्रबन्धक 6. बूटा सिंह 7. वीरेन्द्र सिहं 8. अरपन सिंह 9. लवदीप सिंह 10. मन्जीत कौर 11. अवतार सिंह-सदस्य दर्शाये गये हैं।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैं, सुहैल उर रहमान, कोऑपरेटिव बैंक कॉलोनी, सिविल लाइंस, रामपुर, यह सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम मोहम्मद सुहैल से बदलकर सुहैल उर रहमान कर लिया है। मेरा नया नाम मेरे केवाईसी में दर्ज है। अब से मैं सभी कार्यो में सुहैल उर रहमान नाम से ही जाना जाऊँगा ।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# अवकाश खत्म, आज से बेसिक के शिक्षक जाएंगे स्कूल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** बेसिक स्कूलों में गर्मी के अवकाश खत्म हो गए। जिसके बाद शासन की ओर से सोमवार से स्कूल खुलने के आदेश कर दिए गए है। लेकिन गर्मी को देखते हुए बच्चों के लिए अवकाश अब 30 जून तक के लिए बढ़ा दिए गए है। इस आदेश से शिक्षकों में रोष है कि बच्चों के नहीं आने पर शिक्षक स्कूलों में क्या करेंगे, जबकि उनको जरूरी काम निपटाने के आदेश दिए है।

20 मई से कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के सरकारी स्कूलों के अवकाश 15 जून तक हैं, जो कि रविवार को पूरे हो गए। गर्मी को देखते हुए शासन की ओर से बच्चों के अवकाश 30 जून तक कर दिए गए हैं, लेकिन इस बार शिक्षकों को शासन की ओर से कोई लाभ नहीं मिला है। 16 जून से स्कूल जाने के शिक्षकों को आदेश दिए गए है, ताकि वह जरूरी काम निपटा सके। जिसको लेकर शिक्षकों में आक्रोश बढ़ा गया है। उनका कहना है कि बच्चे स्कूल नहीं जाएंगे तो क्या करेंगे। एमडीएम भी नहीं बनेगा। इस आदेश के बाद से शिक्षकों में बहुत बेचैनी है। संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने उच्च अधिकारियों को ज्ञापन देकर भीषण गर्मी को देखते हुए अवकाश बढ़ाने की मांग की है। लेकिन अभी तक कोई आदेश नहीं आया है।

### शिक्षकों का अवकाश 30 जून तक हो

**रामपुर,अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का अवकाश 30 जून तक बढ़ाने के लिए प्रदेश नेतृत्व को पत्र लिखा है। पत्र में हवाला दिया है कि सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के आदेश में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का अवकाश अत्याधिक गर्मी एवं हीटवेव के दृष्टिगत 30 जून तक घोषित कर दिया गया है। शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विद्यालयों में उपस्थिति होने का आदेश हुआ है। बैठक में विपेंद्र कुमार, विनीत कुमार, गौरव गंगवार, विनोद कुमार, विमल शर्मा, रिसालत खान, लालता प्रसाद, सुरेश गंगवार,अनिल कुमार, सुधीश शर्मा, अभिनव सक्सेना, डॉ. वसीम अहमद, अजीम खान, रावेश कुमार, नरेश कुमार, विनीत श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, नीतू सिंह, सुनीता अग्रवाल, रुशी खान, सोनी गुप्ता, तनूजा सिंघल, ममता शर्मा मौजूद थे।

### बोले शिक्षक



हीटवेव व भयंकर गर्मी के कारण परिषदीय बच्चों का अवकाश 30 जून तक करने व अध्यापकों को 16 जून से विद्यालय में आने के लिए जारी आदेश अव्यवहारिक एवं संवेदनशील है। तमाम आनलाईन कार्य पूर्ण भी हो चुके हैं, तो भीषण गर्मी में स्कूल बुलाकर शिक्षकों के शोषण की जमीन तैयार की गई है। **– डॉ. राजवीर सिंह, जिलाध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ रामपुर।**



शासन के आदेश अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश आज पूर्ण हो चुका है। 16 जून से परिषदीय विद्यालय खुल रहे हैं। प्रदेश स्तर से परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का अवकाश 30 जून तक बढ़ा दिया, लेकिन विद्यालय स्टाफ को विद्यालय में उपस्थित रहने का आदेश है जो उचित प्रतीत नहीं होता। शिक्षकों का अवकाश भी 30 जून तक बढ़ाया जाए। **– राम चंद्र, जिला महामंत्री यूटा।**



बच्चों का ग्रीष्म अवकाश 30 जून तक बढ़ा दिया गया है जबकि शिक्षकों को विद्यालय जाने का आदेश अव्यवहारिक है, गर्मी का प्रकोप जारी है। प्रदेश में कई लोगों की जान जा चुकी है। बच्चों के स्कूल में न रहने से शिक्षकों की भागदौड़ अनावश्यक होगी। इसलिए शिक्षकों को भी राहत दी जानी चाहिए। **– रवेंद्र गंगवार जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ।**



गर्मी और हीट वेब का प्रकोप लगातार जारी है। स्कूलों का अवकाश बढ़ाने के लिए ज्ञापन दिया गया था जिसमें शासन ने बच्चों के अवकाश तो 30 जून तक कर दिए, लेकिन शिक्षकों को सोमवार से स्कूल जाने के आदेश हैं। शिक्षक स्कूलों में अकेले क्या करेंगे। शिक्षकों का भी अवकाश होना चाहिए। **– कैलाश बाबू, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ।**

# छाई बदली, हल्की बारिश से राहत

## मौसम खुशगवार, पारा तो गिरा पर दोपहर बाद गर्मी ने दिखाए हल्के तेवर, उमस बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रविवार की सुबह हल्की बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। हालांकि दोपहर बाद पारे में उछाल आने उमस बढ़ गई। दोपहर में तेज धूप निकलने के बाद शाम को आसमान में बादल घिर गए। मौसम वैज्ञानिकों ने रामपुर समेत कई जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

सुबह मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह में हल्की बारिश के बाद 10 बजे तक बादल छाए रहे। उसकी बाद धूप निकल आई। हल्की बारिश के कारण तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन, दोपहर को धूप निकलने के बाद पारा चढ़ गया। मौसम वैज्ञानिकों ने बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों ने अनुमान जताया है कि रामपुर, बरेली, बदायूं, गौतम बुद्धनगर, बुलंदशहर, संभल, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, मेरठ, बिजनौर और मुजफ्फरनगर में गरज-चमक के साथ तेज हवा चलने की संभावना जताई है। दोपहर बाद गर्मी बढ़ने पर एसपी कोठी के निकट एलआईसी रोड पर डीके सागर, विजय सागर, बीके सागर ने सबील लगाकर लोगों का गला तर कराया।

कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि आने वाले दिनों में गरज-चमक, तेज हवा और धूल भरी आंधी के साथ बारिश की संभावना है। जून के अंतिम सप्ताह तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून के पहुंचने की संभावना है।



रविवार की शाम को आसमान में अठखेलियां करते बादल। ● अमृत विचार

**हाल-ए-मौसम**

- **वायुमंडल में आर्द्रता 66 प्रतिशत, वायु वेग 8 किमी. प्रति घंटा**

| | |
|---|---|
| 37 | डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान |
| 27 | डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान |



एलआईसी चौराहे पर सबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया।



जल शिविर शुरू होने से पहले श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करते पदाधिकारी।

### सबील लगाकर लोगों को ठंडा जल वितरित किया

**रामपुर, अमृत विचार।** यदुवंशी जन कल्याण समिति शाखा की ओर से रविवार को यात्रियों, राहगीरों, ठेले वालों, रिक्शे वालों तथा आम जनता को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से रोडवेज बस अड्डे पर सबील लगाकर लोगों का गला तर कराया गया। शिविर का प्रारंभ समिति के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव तथा रोडवेज बस स्टेशन की प्रभारी ममता सिंह ने भगवान श्री कृष्ण के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करके किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रोशन सिंह यादव, सुधीर यादव, राम कुमार यादव, तिलक राज यादव, टीएन यादव, संजय यादव, राजीव यादव, श्याम सिंह यादव, नरोत्तम सिंह यादव, राजेंद्र सिंह, सुनीता यादव, प्रेमपाल, मुलायम सिंह यादव, राज यादव, अक्षित, आदित्य, वेद प्रकाश गुप्ता, बॉबी सिंह आदि मौजूद रहे।

### आप ने चलाया ड्रग वेयर हाउस में सफाई अभियान

**रामपुर,अमृत विचारः** रविवार को आम आदमी पार्टी ने पार्टी के आह्वान पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं जिला कार्यालय बरेली गेट पर एकत्रित हुए और वहां से पहाड़ी गेट स्थित स्वास्थ्य विभाग ड्रग वेयर हाउस पहुंचे। उन्होंने ड्रग वेयर हाउस की सफाई कर कई जंबो बैग कूड़ा इकट्ठा कर उसे डिस्पोज किया। प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला ने कहा कि आम आदमी पार्टी लगातार सफाई अभियान चला रही है। जिलाध्यक्ष व केमरी नगर पंचायत के चेयरमैन अंसार अहमद ने कि कहा कि अपने इलाके को साफ रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। खुद भी जागरूक रहें और लोगों को भी जागरूक करें। इस मौके पर अंसार अहमद, गुड्डू, मोहम्मद जफर, शारिक परवेज, अब्दुल अय्यूब, फैजान सैफी, तनवीर खान, सभासद नियाज अहमद, समीना बी, फायजा रहे।

# नवाब स्टेशन के सामने शुरू हुआ सौंदर्यीकरण का काम

**कवायद**

- **अतिक्रमण हटवाने के बाद कराई जा रही चाहरदीवारी**
- **अ सिविल लाइंस थाने के बराबर की दुकानें भी ध्वस्त कराई गईं**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** नवाब स्टेशन के सामने सौंदर्यीकरण कराए जाने का काम शुरू हो गया है। अतिक्रमण हटवाए जाने के बाद चारदीवारी कराई जा रही है। इंजीनियर गुफरान ने बताया कि हमें चाहरदीवारी कराने के आदेश के बाद वह कार्य करा रहे हैं। जबकि ईओ ने बताया कि अतिक्रमण के स्थान पर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।

हाईवे किनारे और नवाब स्टेशन के सामने लोगों ने अतिक्रमण कर रेडीमेड कपड़ों, कैप, बैल्ट, गन्ने का जूस, खाने के होटल, बाल कटिंग आदि की दुकानें खोल ली थीं। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने पालिका अधिकारियों से अतिक्रमण हटवाए जाने के लिए कहा। पालिका अधिकारियों ने पिछले सप्ताह में हाईवे किनारे और सिविल लाइंस थाने के सामने दुकानों और मकानों को ध्वस्त कराकर अतिक्रमण साफ करा दिया। सिविल लाइंस थाने के बराबर की दुकानों को भी ध्वस्त करा दिया गया है। रविवार को लोग सिविल लाइंस थाने के बराबर से ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से मलबा ढोते रहे। पालिका के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि हाईवे किनारे से अतिक्रमण को हटवा दिया गया है और अब चाहरदीवारी कराई जा रही है इस स्थान पर सौंदर्यीकरण कराया जाएगा।



नवाब स्टेशन के सामने अतिक्रमण हटने के बाद चारदीवारी बनाते राज मिस्त्री।

**मिसाल** मझरा खुशहालपुर में फावड़ा चलाकर किया नदी के चौड़ीकरण का कार्य

# सौंदर्यीकरण में अफसरों, प्रधानों ने किया श्रमदान

संवाददाता,मसवासी

**अमृत विचारः** क्षेत्र की जीवनदायिनी नैया नदी के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और ग्राम प्रधानों ने शनिवार को श्रमदान कर मिसाल पेश की। मझरा खुशहालपुर में चल रहे नैया नदी चौड़ीकरण अभियान के अंतर्गत एसडीएम अमन देओल ने फावड़ा चलाकर खुद श्रमदान किया।

एसडीएम अमन देओल, बीडीओ ऋषिपाल सिंह, कोतवाल प्रदीप कुमार मलिक के साथ-साथ क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतों सेमरा लाड़पुर, मझरा खुशहालपुर, मानपुर उत्तरी, धर्मपुर उत्तरी और हसनपुर उत्तरी- मझरा खुशहालपुर में फावड़ा चलाकर किया नदी के चौड़ीकरण का कार्य के ग्राम प्रधानों ने स्वयं उपस्थित होकर श्रमदान किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान साजिद अली, विकास मौर्य, माटखेड़ा प्रधान मलकीत सिंह, डिलारी प्रधान अंग्रेज सिंह, गज्जूपुरा प्रधान कुलविंदर सिंह, सैदनगर मुड़ियां के प्रधान गंगाराम, रोजगार सेवक टीकाराम दिवाकर, नरेश कुमार सहित कई अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को श्रमदान करता देख स्थानीय ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिला और कई लोगों ने श्रमदान में सहभागिता की। एसडीएम अमन देओल ने कहा कि नैया नदी न केवल क्षेत्र की जलधारा है बल्कि यह हमारी पारंपरिक धरोहर भी है। इसके संरक्षण व सौंदर्यीकरण में सभी का सहयोग जरूरी है।



मसवासी में नैय्या नदी का श्रमदान करते अधिकारी और प्रधान।

### दुकान और घर स्वामियों ने निर्माण खुद गिराया

**मसवासी अमृत विचार :** रविवार को नगर पंचायत नरपत नगर और बिजारखाता में अतिक्रमण हटाने का सिलसिला जारी रहा। मार्ग चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण पहले ही चिन्हित कर दिया गया था। प्रशासन ने 16 जून को अतिक्रमण हटाने का ऐलान किया था। प्रशासन के इस ऐलान से मार्ग के किनारे बनी दुकान और घरों के स्वामियों ने निर्माण गिराना शुरू कर दिया। रविवार को पूरा दिन लोग अपना अपना अतिक्रमण हटाने के लिए अपने ही आशियाना पर हथोड़ा चलाते नजर आए। एसडीएम अमन देओल ने रविवार को फिर नरपत नगर और बिजारखाता में अधिकारियों के साथ दौरा किया। उधर पुलिस ने अतिक्रमण हटाने को लेकर मानपुर तिराहा चेक पोस्ट पर भारी वाहनों की नाकेबंदी कर दी है। इन वाहनों को दढ़ियाल मार्ग पर डायवर्ट कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 47 ग्रामीणों की हुई जांच



मरीजों का चेकअप करते चिकित्सक।

**रामपुर अमृत विचार :** भोट क्षेत्र के ग्राम कोयला में रविवार को सर्व सहयोग एक आस फाउंडेशन के तत्वावधान में सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद द्वारा 51वां नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ। इस अवसर पर कुल 47 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 5 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मुरादाबाद भेजा गया। वहीं 15 मरीजों को चश्मा पहनने की सलाह दी गई। विशेष रूप से 2 बच्चों को नि:शुल्क चश्मे भी प्रदान किए। इस मौके पर ग्राम प्रधान भूकन लाल लोधी, डॉ. अभिषेक चौधरी, पूनम, दीपिका, फातिमा खान, गुंजन हिंदुस्तानी, संजीव दयाल सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

### गृहमंत्री के लाइव कार्यक्रम को अधिकारियों ने देखा



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एसपी एवं अन्य।

**रामपुर अमृत विचार :** गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत नव-चयनित 60,244 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लखनऊ में हुआ। जिसमें सभी जिलों से नियुक्ति पत्र लेने पहुंचे अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान पुलिस लाइन में एसपी ने अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को देखा। जिसके युवक और युवतियों के परिजन भी मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिकरौरा में रविवार की सवेरे छह बजे गांव में स्थित शिव मंदिर एवं मंदिर के निकट तोताराम के मकान पर अचानक गड़गड़ाहट के बिजली गिर गई। जिससे ग्रामीणों में खलबली मच गई। साथ ही मौके पर आस-पास के लोगों समेत ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर पर बिजली गिरने के दौरान मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही मंदिर लगा इन्वर्टर खराब हो गया, जबकि बैट्रा फट गया। जबकि मंदिर के पड़ोस में रहने वाले तोताराम के मकान पर बिजली गिरने से उनका लिंटर क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी सूचना राजस्व प्रशासन को दे दी गई है। वहीं दूसरी ओर बीते शुक्रवार को इसी गांव में बिजली गिरने की वजह से दिनेश कुमार की पत्नी किरन देवी की मृत्यु हो गई थी।

### भाजपा नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**स्वार,अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर ने नगर मंडल की कार्य समिति घोषित की है। जिसमें नगर मंडल अध्यक्ष ने राजीव वर्मा, राकेश कश्यप, नौबतराम सैनी, प्रफुल्ल गुप्ता, राम अवतार सैनी को उपाध्यक्ष और स्वार नगर मंडल अध्यक्ष सूरज वाल्मीकि को बनाया। महामंत्री अमित सक्सेना, राजेश कुमार शर्मा, मंत्री कमला सागर, जसबीर सागर, अतर सिंह, प्रेम सिंह सैनी, रेशु वाला, दीपक चंद्रा, कोषाध्यक्ष हरि सिंह लोधी, मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी हारून पाशा आदि की कार्यकारिणी घोषित की है। नव निर्वाचित पदाधिकारियों का भाजपाइयों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जगदीश सरन गुप्ता, डॉ. कृष्णलाल चंद्रा, लक्ष्मीकांत सैनी,संजीव लोधी, हरीश मौर्य रिंकू सैनी, राजेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

### आज बंद रहेगी बिजली

**रामपुर,अमृत विचार :** एसडीओ सिविल लाइन सचिन रस्तोगी ने बताया कि सोमवार को नैनीताल मार्ग और राधा रोड पर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किया जाएगा। स्ट्रीट लाइट पोल 33 केवी लाइन के नीचे लगे होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से आवास विकास फीडर, सिविल लाइन फीडर,डिस्ट्रिक्ट कोर्ट लाइन का शटडाउन दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

ADMISSION OPEN (2025-26)
SURAJMAL AGARWAL GIRLS P.G. COLLEGE
Kishanpur, Kichha, U.S.Nagar-263148, Uttarakhand
(Approved by: NCTE, Govt. of India (Affiliated to Kumaun University, Nainital, UAU & HNB Uttarakhand Medical University DDN)
Website : www.sapkam.org
Email: sapkm.edu@gmail.com
COURSES OFFERED
UG COURSES
• BBA • B.Com (Hons.) • BCA • B.Sc. (IT) • B.Sc. (PCM, ZBC, PSM)
• B.Sc. (Biotechnology) • B.Sc. Home Science
• B.Sc. (Food Technology) • B.Lib. • B.Ed.
PG COURSES
• M.Com • M.Sc. (Microbiology) • M.Sc. (Biotechnology)
• M.Sc. (Food Technology) • M.Lib.
• M.Sc. (Physics, Botany, Zoology, Chemistry, Mathematics)
• M.Sc. Home Science (Foods & Nutrition, Textile & Apparel Designing)
SCHOLARSHIP AS PER GOVT. RULE
No.1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND
BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAMPUR
OTHER COURSES
• Computer Basics • Tally Complete • CCC
SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL SCIENCES
• GNM • Post Basic B.Sc. (Nursing) • B.Sc. Nursing • M.Sc. Nursing (Medical Surgery, Community Health Nursing, Mental Health Nursing, Child Health Nursing)
• Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT) • B.Sc in Optometry
• B.Sc. in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)
SURAJMAL MEDICAL COLLEGE OF AYURVED & HOSPITAL
• Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS) Mob.: 9758643374
100% Placement Assistance
Transport Facility Available
Safe Hostel with Air Cooler
LIMITED SEATS
Safest Girl Hostel (24x7 Security, Electricity Back up, Wifi Campus)
CONTACT SOON FOR ADMISSION
9412920331, 9837242760, 7902103001
7902103002, 8192801031, 7500005217, 8650079393

## एक नजर

### युवती के अपहरण के मामले में दो पर रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर,अमृत विचार :** मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण का कहना है कि 11 जून को उसकी 19 वर्षीय बेटी घर से स्कूल के लिए निकली थी। उसके बाद वह लौटकर नहीं आई। उसके बाद काफी स्थानों पर उसको तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। 14 जून को परिजनों को पता चला कि उनकी बेटी को जिला बरेली के थाना शेरगढ़ के गांव डूंगरपुर निवासी अशोक अपने साथ ले गया है। जिसमें उसका सहयोग उसके जीजा राजेंद्र ने किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया

**रामपुर,अमृत विचार :** महिलाओं पुलिस कर्मियों द्वारा रास्ते में रोककर युवतियों और महिलाओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा दल थाना शहजादनगर द्वारा थाना क्षेत्र में महिलाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए। इसके अलावा महिला संबंधी अपराध, हेल्पलाइन नंबर, साइबर क्राइम, वीमेन पावर लाइन, महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा,1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा की जानकारी देकर जागरूक किया।

# वाहन की टक्कर से दो लोगों की जान गई

## बथुआ खेड़ा में एक विवाह समारोह में गए थे, स्कूटी से लौट रहे थे घर, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**संवाददाता, सैदनगर**


तोता राम का फाइल फोटो।


शंकर लाल का फाइल फोटो।


हादसे के बाद रोते बिलखते शंकरलाल के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दो रिश्तेदारों की मौत हो गई। दोनों रिश्तेदार स्कूटी से दावत खाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए हैं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दोनों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसा थाना क्षेत्र के भोट बक्काल मुस्तफाबाद मार्ग पर मैरिज हॉल के पास हुआ। सिविल लाइन के न्यू कृष्ण विहार कॉलोनी निवासी तोताराम (55) अपने रिश्तेदार शंकर सैनी (45) निवासी दरियागढ़ थाना भोट के साथ बथुआ खेड़ा में एक शादी के कार्यक्रम में गए थे। रविवार दोपहर दोनों स्कूटी से वापस अपने घर आ रहे थे। परिजनों ने बताया कि भोट बक्काल मार्ग पर मैरिज हॉल के नजदीक किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अज्ञात वाहन चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक की जेब से मिले फोन नंबर के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, तो घर में कोहराम मच गया। कुछ देर के बाद ही मृतकों के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी वाहन चालक की पहचान की जा रही है। जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोनों मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते थे।

**दोनों मेहनत मजदूरी करके पाल रहे थे बच्चों का पेट:** शंकरलाल मजदूरी करके पांच बच्चों की पढ़ाई कर रहा था। रविवार को हुए हादसे में शंकरलाल की मौत के बाद उसकी पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। इसके अलावा तोता राम राज मिस्त्री का काम किया करता था। उसने अपने पीछे एक बेटा और बेटी को छोड़ा है। अभी दोनों में किसी भी बच्चे की शादी नहीं हुई थी। पूरे दिन अस्पताल में लोगों का तांता लगा रहा।

### ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**रामपुर अमृत विचार :** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव नियामत नगर निवासि राजू अपनी पत्नी सीमा और छह माह की बेटी दिव्यागी के साथ दवा लेने के लिए शहर आ रहे थे तभी सिविल लाइन थाना क्षेत्र के फैजुल्लानगर के पास ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे राजू की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी और बेटी घायल हो गई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार को राजू के शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।


मृतक की फाइल फोटो।

### बिहार से शव पहुंचा घर, परिवार में मचा कोहराम

**दढ़ियाल अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मोती मस्जिद निवासी अताउर रहमान का (30) वर्षीय बेटा वफा उर्रहमान बिहार के पूर्णिया जिले के बसई गांव में मुरादाबादी बिरयानी की होटल संचालित करता था। शनिवार की शाम को अपने दो स्थानीय दोस्तों के साथ होटल का कुछ सामान लेने के लिए बाजार से खरीदारी करने के लिए जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार दोस्त कुछ दूरी पर पहुंचे तो एक डंपर की चपेट में आने के कारण बाइक सवार तीनों दोस्त घायल हो गए थे। सूचना पाकर बिहार की पुलिस मौके पर पहुंच गई। तीनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत्यु घोषित कर दिया गया था। मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया था। रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था। हालांकि मृतक के घर जाकर ढांढस बंधाने वालों का तांता लग गया था। वहीं दूसरी ओर सूचना पाकर नगर से गणमान्य लोग बिहार के लिए रवाना हो गए थे। स्थानीय पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के लिए शवों को अपने कब्जे में ले लिया था। शनिवार रविवार की देर रात लगभग 1 बजे बिहार पुलिस ने वफा उर्रहमान के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया था। रविवार की देर शाम को जैसे ही युवक का शव उसके घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।

# बिजनौर के युवक का शव सैफनी में किराए के मकान में लटका मिला

**संवाददाता सैफनी**

**अमृत विचार:** टेलीकॉम टावरों पर फील्ड ऑफिसर के पद पर तैनात 35 वर्षीय युवक का शव थाना क्षेत्र के बड़ागांव चौराहे पर स्थित एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान जिला बिजनौर के थाना चांदपुर के गांव ग्राम इस्माइलपुर निवासी अंकित (35) पुत्र जसवीर के रुप में हुई है।


मृतक की फाइल फोटो।

रविवार दोपहर करीब 3 बजे के समय अंकित का एक दोस्त जब उसके कमरे पर पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद था। जिसके बाद उसने कई बार आवाज लगाई,लेकिन फिर भी दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उसने खिड़की से झांककर देखा,तो अंकित कमरें में फंदे पर लटका हुआ था। यह देख उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत स्थानीय लोगों व पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद काफी लोग मौके पर जमा हो गए। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलवाया। बिजनौर से शाम करीब 7 बजे मौके पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में किसी तरह दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया कि युवक शादीशुदा है। उसकी पत्नी मुरादाबाद में रहती है। पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है। युवक की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए उसके मोबाइल फोन और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी हमवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

**तहकीकात**

- **दोस्त के आने के बाद हुई लोगों को जानकारी, पुलिस कर रही जांच**

# मजदूर की मौत के मामले में चार लोगों पर रिपोर्ट

**रामपुर अमृत विचार:** करंट लगने से मजदूर की उपचार के दौरान मुरादाबाद में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के रिश्तेदार की तहरीर के आधार पर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव बहादुर गंज निवासी दौलत राम का कहना है कि उनका बेटा नरेश गांव के ही मतलूब, शन्नू, आलम, शाने आलम के घर पर मकान निर्माण कार्य कर रहे थे। दीवार में खड़े पिलर के लिए सरिया चढ़ा रहे थे। बराबर से 11 हजार की लाइन चल रही थी। नरेश ने लाइट को बंद करवाने की बात कहीं थी। 5 दिन पूर्व गांव में ही छत पर मसाला देने के दौरान मजदूर नरेश हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया था। गंभीर रूप से घायल मजदूर को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। शनिवार की शाम इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। परिजन मजदूर का शव घर लेकर पहुंचे तो कोहराम मच गया। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शाबास: जेईई मेंस और नीट में ग्रीनवुड स्कूल के 20 बच्चों ने मारी बाजी

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**


फरमान।


रुद्रा दीक्षित।


आर्यन सिंह।


हम्माद मियां।


फातिमा एजाज।


अक्सा खान।


30 प्रांजल।


दयान हैदर।

**अमृत विचार:** ग्रीनवुड स्कूल के 20 बच्चों नें नीट और जेईई मेंस में सफलता के झंडे फहराए। बच्चों ने नीट और जेईई मेंस में परीक्षा 2025 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यालय से इस वर्ष कक्षा-12 में उत्तीर्ण हुए बच्चों ने नीट व जेईई मेंस और की परीक्षा दी थी। जिसमें स्कूली छात्र कट ऑफ से अधिक अंक लाकर सफल हुए हैं। नीट में फातिमा एजाज की 436 रैंक आई। अक्सा खान की 328, इकरा नाज की 313 रैंक आई। प्रांजल की 300 और ऊमाम मोहम्मद की 294 रैंक आई। दयान हैदर की 285, शिमैला 271, हिफ्जा बी की 260 रैंक आई। इरतिफा खान की 238, सारा खान की 224, मोबिन मुमताज की 217 रैंक आई। इसके अलावा अलिफिया की 189, अफरा की 180 एलीजा नाज की 172 रैंक आई। जय मक्कर की 168 रैंक आई। इसके अलावा जेईई मेंस में हम्माद मियां ने 95.3, रूद्रा दीक्षित ने 95, फरमान खान ने 92 और आर्यन सिंह के 74.2 प्रतिशत रहे। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर शाहिद खान नें छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से देश की इन दोनों प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, हमें बच्चों पर गर्व है। स्कूल के प्रधानाचार्य नीरज कुमार तिवारी ने भी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि नीट परीक्षा एक चुनौतीपूर्ण परीक्षा है। हमारे प्रतिभागियों ने इसमें सफलता प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है। हमे विश्वास है कि सभी सफल बच्चे समाज को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करेंगे। बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता- पिता के साथ-साथ अपने अध्यापकों को भी दिया।

# पुलिस लाइन में योग सप्ताह का शुभारंभ

**संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** 21 जून को होने जा रहे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। पुलिस लाइन मैदान में आर आई महेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का फीता काटा। इसके बाद महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। दीप जलाकर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग कार्यक्रम के तहत प्रोटोकाल अभ्यास कराया। मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना, योग प्रशिक्षक राजीव कुमार व प्रशिक्षिका अर्चना गुप्ता द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रात छ बजे योगा प्रारंभ होने के साथ ही आसमान में काले घने बादल घिर आए, ठंडी हवाएं चलने लगी। पुलिसकर्मियों व चिकित्सकों ने खुशनुमा मौसम के बीच योगाभ्यास का आनंद लिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम ने अपनी जीवन शैली में सुधार व खानपान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. बीएल श्रीवास्तव, डॉ. रमेश गुप्ता, डॉ. चंचल, डॉ. रविंद्र कुमार, मनोचिकित्सक कुलदीप सिंह चौहान, डॉ. अफसाना, डॉ. लीना, वरिष्ठ लिपिक आशीष शर्मा, संजय कश्यप, नाजिम अली एवं डीपीएम प्रेम कुमार उपस्थित रहे।


पुलिस लाइन में योगा करते अधिकारी। फोटो : अमृत विचार

# योग द्वारा निरोग रहने की जानकारी दी

**बिलासपुर अमृत विचार:** आयुष मंत्रालय के निर्देश पर ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत योग सप्ताह की शुरुआत की गई। रविवार को खंड विकास कार्यालय में ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद आयुष विभाग द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक सोनू चौहान व प्रशिक्षिका निशा गंगवार ने योगाभ्यास कराया। साथ ही योग के द्वारा निरोग रहने के संदर्भ मे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. भावना मौर्य, चेतन पारुथी, मधुबाला गुगलानी, नैना राधे आदि मौजूद रहे। बीडीओ ने बताया कि आयुष विभाग के तत्वावधान में सप्ताह भर ब्लाक स्तर पर योग सम्बंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, आदर्श कालोनी स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर पर चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन भी पतंजलि महिला योग समिति की जिला प्रभारी मधुबाला गुगलानी ने विविध योग कराए और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

**हुई चर्चा** कूड़े से तैयार हो रही जैविक खाद से भी आमदनी हो रही है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है

# जिला पंचायत राज विभाग को कूड़े से 38 लाख का लाभ

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** जिला पंचायत राज विभाग को कूड़े से 38 लाख रुपये का लाभ मिल चुका है। जिले की 680 ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कराया जाता है। इसके लिए गृह स्वामी से 30 रुपये प्रति माह वसूले जाते हैं। कूड़े से तैयार हो रही जैविक खाद से भी आमदनी हो रही है। जैविक खाद का लाभ किसानों को मिल रहा है।

चालू वित्त वर्ष में जिला पंचायत राज विभाग 38 लाख रुपये कमा चुका है। इसमें जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ई-रिक्शा के माध्यम से डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्र कराया जाता है और इस कूड़े को रिसोर्स रिकवरी सेंटर पर एकत्र किया जाता है। कूड़े से तैयार जैविक खाद किसानों को दिया जाता है ताकि, उनकी रासायनिक खाद से निर्भरता खत्म हो सके। गांव के घरों से एकत्र पैसे से ही ई रिक्शा चालक को 6000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है। इसके अलावा कूड़ा छांटने वालों को भी जिला पंचायत राज विभाग मानदेय देता है। इससे गांवों की सूरत निखर गई है अब गांव में घुसने से गोबर के ढेर और गंदगी बजबजाती नालियां नजर नहीं आती हैं। सड़क पर पॉलीथिन उड़ती नहीं दिखती है। जिले के ब्लॉक चमरौआ के 124, मिलक के 197, सैदनगर के 112, शाहबाद के 186 शत-प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव घोषित हो चुके हैं। जबकि बिलासपुर के 224 गांव 99.11 प्रतिशत और स्वार ब्लॉक के 257 गांव 99.61 प्रतिशत ओडीएफ घोषित हो चुके हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि जिले 1100 के सापेक्ष 1097 गांव ओडीएफ प्लस घोषित हो चुके हैं। गांवों में लोग गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग दें तब उसको अलग-अलग छंटवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जिले की ग्राम पंचायतों में 680 ई रिक्शाओं द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्र कराया जा रहा है। -



ग्राम पंचायत पहाड़ी में आरआर सेंटर का निरीक्षण करके आते अधिकारी।

### हाउस टैक्स बढ़ने से जनता परेशान: संदीप

**रामपुर अमृत विचार :** तिलक कालोनी स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय पर बैठक हुई। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि हाउस टैक्स और वाटर टैक्स बढ़ने से जनता और नागरिक व व्यापारी अत्यधिक परेशान है। इन बड़ी दरों को कम कराया जाना आवश्यक है। वर्तमान में नगर पालिका परिषद में 30000 प्रति मकान व 40000 रुपये प्रति मकान के नोटिस नगर पालिका परिषद द्वारा मासूम जनता व व्यापारियों को दिए जा रहे हैं। इस संबंध में नगर पालिका परिषद में बहुत जल्दी एक ज्ञापन दिया जाएगा। इस संबंध में मोहल्ले व बाजारों में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस पर भी नगर पालिका परिषद में सुधार नहीं आता, तो आवश्यकता पड़ने पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा को भी ज्ञापन देकर अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, अरविंद गुप्ता, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, पप्पू खान, अब्दुल बासिक, दिलशाद अहमद, अनिल यादव, अलीम, खान, फहीम अहमद, मोहम्मद रफी, सईद खुसरो रहे।

# मौर्य महासभा से जुड़ने का आह्वान

**रामपुर अमृत विचार:** अखिल भारतीय मौर्य महासभा के तत्वाधान में तहसील शाहबाद के ग्राम सभाखेड़ा में बैठक का आयोजन सहकारी समिति के अध्यक्ष पप्पू सिंह मौर्य के निवास स्थान पर किया। संगठन विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन हुआ।

अखिल भारतीय मौर्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल मौर्य ने कहा की सामाजिक उत्थान के लिए संगठित होना आवश्यक है। अखिल भारतीय मौर्य महासभा से जुड़कर महासभा को मजबूत बनाएं। इसी क्रम में जिला प्रभारी राजेश मौर्य द्वारा समाज के स्वर्णिम इतिहास के बारे में जानकारी दी। जिला महासचिव एडवोकेट विनेश कुमार मौर्य द्वारा संगठन के साथ जुड़कर समाज को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अजय मौर्य द्वारा समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होकर विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए समाज की सेवा करने के लिए आह्वान किया।

## सार-संक्षेप

### तोड़फोड़ का विरोध करने पर भाई-बहन को पीटा

**रामपुर अमृत विचार :** मामूली कहासुनी के चलते आरोपियों ने घर में घुसकर तोड़ फोड़ कर दी। उसके बाद भाई बहन के विरोध करने पर पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।टांडा थाना क्षेत्र के गांव लांबाखेड़ा निवासी आशक अली का कहना है कि 11 जून को वह अपने दूसरे मकान पर निर्माण कार्य करा रहा था। घर में छोटे-छोटे चार बच्चे अकेले थे। इस दौरान जीशान, अरमान, माशूक, हुसन बानो ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार लेकर पीड़ित के घर में घुस गए। उसके बाद आशक अली के बारे में बच्चों जानकारी ली। बच्चों ने पिता के नहीं होने की बात कही। उसके बाद आरोपियों ने घर में तोड़ फोड़ करते हुए नगमा और उसके भाई जीशान के ऊपर हमला कर दिया, इसमें वो बुरी तरह से घायल हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। उसके बाद आरोपी फरार हो गए। बाद में बच्चों के माता पिता भी आ गए। घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। उसके बाद बेटे और बेटे को अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने चारों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### धोखाधड़ी मामले में महिला समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**स्वार अमृत विचार :** उत्तराखंड के थाना बाजपुर के शिवनगर वार्ड नंबर एक निवासी शबाना को लगभग 24 वर्ष पूर्व गाटा संख्या 348 रकबा 0.348 हेक्टेयर कृषि भूमि स्वार तहसील क्षेत्र के गांव रायपुर में आवंटित की गई थी। युवती के रिश्ते के भाई गांव मझरा चुन्नावाला रायपुर निवासी नासिर खां पुत्र सज्जाद खां का नाम डलवा दिया कि बाद में दोनों की शादी करा दी जाएगी। इसलिए पति और पिता के नाम के कॉलम में नासिर खां का नाम अंकित करा दिया गया। वह आधे भाग का पर काबिज हुई। किसी कारणवश उसकी शादी नासिर खां के साथ नहीं हुई। उसकी शादी मनीषा बेगम से हो गई। उसकी शादी जमीर खां पुत्र शरीफ खां से हुआ। लेकिन जानकारी न होने के कारण भूमि के अभिलेखों में पति का नाम नासिर खां ही दर्ज रहा। धोखाधड़ी कर महिला मनीषा बेगम के आधार कार्ड पर उसका नाम एडिट करा अपना फोटो लगा शबाना बन कर 7 अगस्त 2023 अन्य लोगों के साथ मिलकर उप निबंधक कार्यालय आधे भाग का बैनामा करा लिया। जबकि प्रार्थी के अंगूठे और हस्ताक्षर भी दस्तावेजों पर फर्जी है। महिला ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने पीड़ित महिला को टरका दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर महिला की और से गांव मझरा चुन्नावाला रायपुर निवासी नासिर खां, मनीषा बेगम, राशिद खां, अय्यूब खां, अकरम खां के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गौवंश के अवशेष फेंकने में एक आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,अमृत विचार :** गोवंशीय पशु का वध कर अवशेषों फेंकने के मामले में खजुरिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही आरोपी की निशानदेही पर वध करने उपकरणों को बरामद कर कब्जे में ले लिया। पुलिस अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव इटंगा बैरमनगर रिंकू गंगवार द्वारा थाना खजुरिया में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि 13 जून को गांव के शहजादे की बेटी की शादी थी। जिसमें ग्राम प्रधान नसीब खां द्वारा गोवध कराने के बाद उसका मांस शादी में परोसा गया। बाद में उसके अवशेषों को कट्टे में भरकर नदी किनारे फेंक दिया गया था। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि इस मामले ग्राम प्रधान नसीब खां, कदीर व मोहसिन के संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की थी। कहा कि आरोपी मोहसिन को गांव स्थित चौराहे के समीप से गिरफ्तार कर लिया। जबकि फरार अन्य दोनों आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बाबा साहब ने देश को संविधान दिया: हंसराज पप्पू

**रामपुर अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान दिया, लेकिन आजादी के बाद उन्हें जितना सम्मान मिलना चाहिए था वो पिछली सरकारों ने नहीं दिया। मिलक शाहबाद विधानसभा की में ग्राम पंचायत क्रमचा के खेड़ा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू जाटव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लंदन में जहां रहकर बाबा साहब ने पढ़ाई की। इंग्लैंड सरकार उस भवन को बेच देना चाहती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भवन को खरीदा और भव्य स्मारक बनाया। दिल्ली में सांस्कृतिक केंद्र बनवाया, बाबा साहब की दीक्षा भूमि नागपुर में स्मारक बनवाया। कहने के लिए पहले भी सरकारें आई थीं, लेकिन बाबा साहब के गौरव के अनुरूप किसी ने काम नहीं किया। साल 2015 तक किसी भी देश के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए वहां सरकार ने बाबा साहब के नाम पर समारोह नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर की तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाने का काम किया है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दर्शन सिंह लोधी, कपिल गुप्ता, दीपक चंद्रा, सुनील कुमार चौहान, भारत सिंह, प्रवेश वाल्मीकि, प्रदीप जाटव, अरुण कुमार लोधी, हर्षवरूप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार में गरीबों को किया जा रहा परेशान

**रामपुर,अमृत विचार :** जन शक्ति दल की ओर से ग्राम लाडपुर में कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सैनी के पहुंचने पर लोगों ने उनको फूल मालाओं से स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि जन शक्ति दल गरीब मजदूर, किसान का दल है। यह दल सभी जातियों को एक साथ लेकर चल रहा है। बीजेपी सरकार में गरीबों को परेशान किया जा रहा है। उसके बाद संगठन के विस्तार पर जोड़ दिया। इस मौके पर पूनम गंगवार, शिव शंकर लोधी, गंगा राम गंगवार, सोमपाल दिवाकर, फहीम, रविराज लोधी, प्रेमपाल, बृजपाल, शिवा वाल्मीकि मौजूद रहे।

### यज्ञ में भक्तों ने दी आहुति

**रामपुर,अमृत विचार :** रविवार को मिस्टनगंज स्थित शक्ति दरबार में पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने अनेकों भक्तों को साथ लेकर गुजरात में विमान दुर्घटना में सभी मृतक आत्माओं को शांति प्रदान करने के लिए गीता पाठ करते हुए यज्ञ करवाया।उसके बाद सभी भक्तों ने आहुतियां देकर प्रार्थना की। इस मौके पर ललित मोहन शर्मा, सौरभ कुमार पांडेय, राम मिलन गौतम, नीरज मिश्रा,आयूष राम ,भरोसे लाल यादव,किशन लाल, अंकुश अग्रवाल, मिथलेश, राधा, सुधा, मुकेश रावत, तिलक राज, तरुण, सुखदेव, श्वदेश ठाकुर, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। उसके बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया।

### ढकिया में भट्टा स्वामी की हार्ट अटैक से मौत


विक्रम सिंह की फाइल फोटो।

**ढकिया अमृत विचार :** विक्रम ईट उद्योग के मालिक विक्रम सिंह की शनिवार रात को हार्ट अटैक हो जाने से मौत हो गई। ढकिया गांव निवासी विक्रम सिंह का कस्बे के जंगल में ही भट्ठा लगा हुआ है। इसके अलावा उनके नाम से कस्बे में ही विक्रम हीरो बाइक एजेसी भी संचालित है। 60 वर्षीय विक्रम सिंह शनिवार शाम को करीब सात बजे अपने घर से खाना खाकर विक्रम हीरो बाइक एजेंसी पर घूमने गए थे। परिजनों ने बताया कि बाइक एजेंसी पर वह कुर्सी पर बैठे थे कि अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। कुर्सी से नीचे गिर पड़े। आनन फानन में ले जाकर एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। निजी चिकित्सक ने परिजनों को उन्हें बाहर ले जाने की सलाह दी। जिसके बाद परिजन विक्रम सिंह को चंदौसी ले गए। चिकित्सकों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। भटटा स्वामी की मौत होते ही घर में कोहराम मच गया। रविवार दोपहर को भट्ठा स्वामी का गांव के ही मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### किशोरावस्था में बच्चों से दोस्ताना रखें व्यवहार: आदिवासी

**रामपुर अमृत विचार :** आदि धर्म समाज के राष्ट्रीय धर्म प्रचारक अमर आदिवासी ने कहा कि जब बच्चे को लगने लगता है कि उसके लिए अपने परिवार में कोई जगह नहीं है तो वह घर के बाहर जगह खोजने लगता है। इसी किशोर अवस्था में कभी नशे का शिकार हो जाता है और कभी गलत रास्ते पर चल पड़ता है। कहा कि किशोर अवस्था में अपने बच्चों से दोस्तों जैसा व्यवहार करें। राष्ट्रीय धर्म प्रचारक ने रविवार को तोपखाना रोड स्थित बस्ती में हुई सभा में कहा कि किशोर अवस्था में मां का सवाल पूछना सांप के काटने जैसा लगता है। बाप ने नजर से समझाना चाहा तो बाप भूखा भेड़िया नजर आने लगता है। वास्तविकता यह होती है कि मां-बाप उस अवस्था में से निकल चुके हैं। कभी-कभी वह इसके दुष्परिणाम को याद कर कांप उठते हैं। कई मां- बाप केयर करते-करते मसला बिगाड़ लेते हैं। कहा कि बच्चे की सुनें और उनकी भावनाओं को समझें अन्यथा वह गलत रास्ते पर चल सकते हैं। मोबाइल और मोटर साइकिल भी उसकी आंतरिक इच्छा नहीं होती है। बच्चे को किशोर अवस्था में मां-बाप का समय और ध्यान चाहिए। कुछ दिनों में बच्चा आपका बेहतरीन साथी होगा। कहा कि औलाद से बड़ी कोई दौलत नहीं होती है।

### अपने घरों में भी एकता की कमी हो गई: ओमवीर

**रामपुर अमृत विचार :** रविवार को आर्य समाज ज्वालानगर का साप्ताहिक सत्संग प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक सुरेंद्र कुमार आर्य के आवास अगापुर में प्रधान ओमवीर सिंह वैदिक के सभापतित्व तथा रामकिशोर सिंह आर्य के संचालन में संपन्न हुआ। साप्ताहिक सत्संग के प्रथम चरण में पुरोहित भारत सिंह आर्य द्वारा वैदिक विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में उपस्थित सदस्यों द्वारा मृतकों की आत्माओं की शांति के लिए वैदिक मंत्रों से आहुतियां प्रदान की गई। साप्ताहिक सत्संग के दूसरे चरण में भजन एवं उपदेश प्रस्तुत किए।ओमवीर सिंह वैदिक द्वारा वक्तव्य में बताया कि आज के समय में हमारे देश का हिंदू समाज अनेक जातियों में बट गया है तथा अपने घरों में भी एकता की कमी हो गई है। जिसको ठीक करना आवश्यक है। हम इसी प्रकार ही जाति बिरादरी एवं आपसी फूट में बंटते रहे तो इसका लाभ दूसरे देश और दूसरा समाज उठा सकते हैं। इसलिए उन्होंने उपस्थित माता-बहनों से निवेदन किया कि उनकी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है। क्योंकि माता ही तो बच्चों की प्रथम पाठशाला और संस्कारशाला एवं निर्माण शाला होती है।

## एक नजर

### एसएम कॉलेज से आज निकलेगी साइकिल रैली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर सोमवार सुबह एसएम इंटर कॉलेज से साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली एसएम इंटर कॉलेज से आरंभ होकर फव्वारा चौक होते हुए चन्दौसी इंटर कॉलेज पर पहुंच संपन्न होगी। एसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने बताया कि रैली में प्रत्येक विद्यालय के प्रधानाचार्य अपने साथ विद्यालय से कम से कम 30 विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफार्म में रैली में प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा। रैली सोमवार की सुबह 6 .30 बजे आरंभ होगी।

### अर्पित ने हासिल की नीट में 6713 रैंक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अर्पित पाठक ने ऑल इंडिया रैंक 6713 हासिल की है। जिससे उनके परिवार में खुशी का माहौल है। चन्दौसी ग्रीन कॉलोनी निवासी अर्पित पाठक पुत्र डॉ. एके पाठक ने नीट की परीक्षा दी थी। सोमवार को परिणाम घोषित हुआ। जिसमें उन्होंने 563 अंक हासिल ऑल इंडिया रैंक 6713 रैंक हासिल की। उनकी कामयाबी से परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी मां अर्चना पाठक पहुंच खुश है। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 की परीक्षा सेक्रेड हार्ट से उत्तीर्ण की और कक्षा 12 की पढ़ाई दिल्ली से की।



अर्पित पाठक।

### प्रियंचल यादव को नीट में मिली 1562वीं रैंक

**असमोली, अमृत विचार :** विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत असमोली निवासी गोविंद यादव की बेटी प्रियंचल यादव ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर नाम रोशन किया। प्रियंचल यादव को ऑल इंडिया 1562वीं रैंक मिली। उसकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल बन गया। परिजनों ने प्रियंचल यादव को मिठाई खिलाकर बधाई दी। नाते रिश्तेदारों ने भी सफलता को लेकर बधाई दी।



प्रियंचल यादव

# योग वही जो कर्म में कुशलता लाए : डीएम

## मां कैला देवी धाम परिसर में डीएम और महंत ऋषिराज गिरि ने किया योग सप्ताह का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विकास खंड पंवासा के मां कैला देवी धाम परिसर में योग सप्ताह का आरंभ हुआ। जिसमें विभिन्न योगासन कराए गए। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि भारत का मनोविज्ञान योग है और योग वही है जो कर्म में कुशलता लाए।

मां कैला देवी धाम परिसर में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, मां कैला देवी धाम के महंत ऋषिराज गिरि महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर योग सप्ताह का आरंभ किया। योग प्रशिक्षकों रुपाली बागदरे एवं अमरनाथ ने लोगों को योगाभ्यास कराया। प्रशिक्षकों ने प्राणायाम, सुखासन, पद्मासन, अनुलोम, विलोम, अर्ध चक्रासन, वज्रासन, अश्व संचालनासन, धनुरासन, गोमुखासन आदि आसन कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में आज से योग सप्ताह का आरंभ हो चुका है।

योग सप्ताह के बहुत से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जनपद, तहसील, ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पिंक योग, दिव्यांग योग, स्वच्छता योग, गौ योग आदि का आयोजन होगा। डीएम, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, महंत ऋषि राज गिरि महाराज, पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री गुन्नौर अजीत कुमार राजू, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी ने ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में सिंदूर का पौधा लगाया। जिलाधिकारी और सीडीओ व अन्य अधिकारियों ने मां कैला देवी के दर्शन किए। इस दौरान सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, एसडीएम विकास चंद्र, पीडी डीआरडीए ज्ञान सिंह, डीपीओ उपेंद्र कुमार पांडेय, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, डीआईओएस श्यामा कुमार, बीएसए अलका शर्मा, बीडीओ पंवासा ओंकार सिंह, जिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजू सिंगला, नोडल अधिकारी आयुर्वेद डॉ. अभय शर्मा आदि रहे।



कैला देवी धाम पर कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया व अन्य अतिथि।

### लोगों को योगाभ्यास कराया

**संभल, अमृत विचार :** संभल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का आरंभ हुआ। योगाचार्य ने लोगों से विभिन्न आसन कराए। शरीर की विभिन्न बीमारियों से संबंधित योग कराकर लोगों को निरंतर योग कर बीमारी से छुटकारा मिलने का विश्वास दिलाया। पालिका परिषद संभल ने भारत स्वाभिमान ट्रस्ट और पतंजलि योग समिति के सहयोग से शंकर इंटर कॉलेज में आयोजित योग सप्ताह का आरंभ जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विकास चंद्र और पतंजलि योग परिवार के लोगों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं योगाचार्य कुलदीप ऐरन ने सहयोगी संजय देवल, रेनू वार्ष्णेय, पिंकी ग्रेवाल ने ओउम के जप से योग कार्यक्रम की शुरुआत की। दो घंटे तक चले योग कार्यक्रम में योगाचार्य ने प्रथम दिन मोटापा के लिए प्रमुख योग आसन सहित 16 प्राणायाम कराए। रेनू वार्ष्णेय ने ओउम जप के साथ ताली का योगासन कराया। संजय देवल ने हंसी का योग कराया। वहीं सर्वकल्प और कायाकल्प काढ़ा व प्रसाद का वितरण किया। इस बीच हवन में शुद्ध वातावरण एवं तरक्की, सुख-शांति के लिए आहुति दी। जिलाधिकारी ने योग साधकों को संबोधित करते हुए योग क्रियाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, ईओ डॉ. मणिभूषण तिवारी, सभासद गगन वार्ष्णेय, सभासद चंचल सनी गुप्ता, प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह वर्तवाल, विकास वर्मा, राजकुमार शर्मा, नितिन गर्ग, हरनाम सिंह, महीपाल सिंह, मुदिता गुप्ता, मंजू रस्तोगी, सारिका अग्रवाल, सरिता गर्ग आदि रहे।



शंकर इंटर कालेज परिसर में योगासन करते लोग।

# बिजली गिरने से युवती की मौत, महिला सहित 3 घायल

- खेत पर मेंथा फसल की कटाई करते समय हुआ हादसा
- घायलों को निजी अस्पताल से अलीगढ़ किया रेफर

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में मेंथा की फसल काटते वक्त रविवार को सुबह एक परिवार के 4 लोगों पर तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे एक युवती की मौत हो गई जबकि महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को निजी अस्पताल से अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। बाद में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मौलनपुर डांडा निवासी अतर सिंह रविवार को सुबह 8 बजे परिवार के 6 लोगों के साथ खेत पर मेंथा फसल की कटाई करने के लिए पहुंचा। परिवार के 4 लोग एक क्यारी और 3 लोग दूसरी क्यारी में मेंथा की फसल काटने लगे। इस बीच तेज बारिश के दौरान चमक गरज के साथ 4 लोगों पर आकाशीय बिजली गिर गई। हादसे में अतर सिंह की बेटी रत्नेश कुमारी (18 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अतर सिंह, उसका बेटा राजेश और पुत्रवधू किशनवती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में रत्नेश कुमारी की मौत पर परिजन बिलखने लगे। सूचना मिलने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार करते हुए चिकित्स ने घायलों को अलीगढ़ रेफर कर दिया। परिजनों ने रत्नेश कुमारी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



युवती की मौत के बाद इकट्ठा ग्रामीण। ● अमृत विचार

### बारिश के साथ आई आंधी ने बरपाया कहर

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र में बारिश के साथ आई आंधी ने कहर बरपाया। कुछ स्थानों पर छतों पर लगे टिन शेड उड़ गए और पेड़ भी उखड़ गए। रविवार को आंधी ने थाना क्षेत्र के गांव दारनी, मुड़िया खेड़ा व भूड़ी चौराहे पर कहर बरपाया। मुड़िया खेड़ा में चंद्रपाल की पक्की दीवार गिर गई। भूड़ी चौराहे के निकट दारनी-आसफपुर मार्ग पर मुड़िया खेड़ा निवासी रिजवान की रसगुल्ला बनाने की फैक्ट्री है। यहां आंधी में छत पर पड़ा टिन शेड उड़ गया। रफीक के खोखे पर पेड़ गिरने से खोखा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें रखा सामान भी नष्ट हो गया। खोखे में बैठी रफीक की पत्नी शायरा घायल हो गई। जबकि हिमंचल के मकान की दीवार सहित छत पर पड़ा टिन शेड गिर गया।

### त्रियांशु वार्ष्णेय को नीट में मिली 5043 रैंक

**बहजोई, अमृत विचार :** ब्रह्म बाजार निवासी चिकित्सक डॉ. शिवकुमार वार्ष्णेय के बेटे त्रियांशु ने नीट में सफलता पाई है। उन्होंने 572 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी रैंक 5043 रही। नीट परीक्षा का रिजल्ट आया तो त्रियांशु वार्ष्णेय को सफलता मिली तो परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।



त्रियांशु वार्ष्णेय

### लोगों की समस्याओं का समाधान कराएगी समिति

**संभल, अमृत विचार :** जितेंद्र वर्मा समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि शहर और गांवों में जाकर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इसके लिए समिति के वाहन पर स्टीकर भी लगाया जाएगा ताकि लोग समस्याएं बता सकें। समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का काम किया जाएगा।



संभल में आरोग्य मेले में रोगियों का उपचार करते चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी।

# स्वास्थ्य मेले में 3346 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

**संभल, अमृत विचार :** संभल जिले में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 5 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3346 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। इनमें सबसे ज्यादा 490 चर्म रोगी रहे। सीएमओ ने मेले का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

सरकारी अस्पतालों पर लगे स्वास्थ्य मेले में 38 चिकित्सकों एवं 136 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1293 पुरुषों, 1273 महिलाओं और 780 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया। बुखार को लेकर 24 मरीजों की मलेरिया और 17 मरीजों की डेंगू की जांच की गई। जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव रही। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 193 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 336 आभा आईडी बनाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया।

### खंदक में गिरी बाइक एक की मौत, दो घायल

**संभल, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में अनियंत्रित होकर बाइक खंदक में गिर गई। हादसे में बाइक सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई, दो घायल हुए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया।

अमरोहा जिले के थाना आदमपुर अंतर्गत गांव खड़गवारी निवासी मान सिंह (35 वर्ष) पुत्र मंगली, प्रेमराज (55 वर्ष) पुत्र दाताराम और नैकसे (60 वर्ष) पुत्र नैनसुख रविवार को बाइक से गांव कोकापुर से नशे में कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन मोहम्मदपुर गांव की तरफ आ रहे थे। रास्ते में बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में जा गिरी। हादसे में नैकसे, मान सिंह और प्रेमराज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस और एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान नैकसे की मौत हो गई जबकि दो घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# एकजुट होकर रहे हिंदू समाज : श्रीमाली

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सोहनलाल श्रीमाली ने तीर्थ नगरी संभल के दौरे पर ऐतिहासिक मुन्नी माता मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में शिवलिंग पर जलाभिषेक एवं पुष्प अर्पित किए।

प्राचीन मुन्नी माता मंदिर पर 24 कोसीय तीर्थ मासिक परिक्रमा समिति एवं मुन्नी माता सेवा समिति द्वारा स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें दर्जा राज्यमंत्री सोहनलाल श्रीमाली को पटका पहनाकर सम्मानित किया। उन्हें 24 कोसीय परिक्रमा की सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्ता को दर्शाने वाला स्मृति चिह्न भेंट किया। दर्जा राज्यमंत्री ने हिंदू समाज से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सद्भाव, सेवा और संस्कृति ही हमारी पहचान है। भाजपा सरकार विकास, पारदर्शिता और माफियामुक्त शासन के संकल्प के साथ हर वर्ग के कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने 24 कोसीय परिक्रमा जैसे आयोजनों को भारतीय सनातन संस्कृति की जीवंत मिसाल बताते हुए ऐसे आयोजनों के संरक्षण और विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान अशोक त्रिवेदी, ज्वालेश श्रीमाली, राजकुमार शर्मा, संजीव शुक्ला, विशाल शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, पप्पू श्रीमाली, गौरव श्रीमाली, प्रमोद सैनी, शान अली, कैलाश गुप्ता, रामकिशन ठकराल, धर्मेंद्र ठाकुर, सोनू, संजीव, सुशील, अमन, राधेश्याम, डॉ. नीरज चंचल आदि रहे।



राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली का स्वागत करते लोग।

- संभल पहुंचे दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री का हुआ स्वागत, मुन्नी माता मंदिर में किए दर्शन

# भ्रष्टाचार व आतंकवाद विकसित भारत के लिए गंभीर समस्या : मिश्र

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद का कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र ने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से कार्य करने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार व आतंकवाद बढ़ते भारत के विकास में बाधक बताया। कहा कि यह विकसित भारत के लिए समस्या बना हुआ है।

गांव पाठकपुर के सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन का आरंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्र सहित अन्य अतिथियों ने भारत माता के क्षेत्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष केके मिश्रा ने कहा कि भ्रष्टाचार व आतंकवाद का देशवासियों को एकजुट होकर इसका मुकाबला करना होगा। योजनाओं का पूरा लाभ समाज के निम्न व्यक्तियों तक पहुंचे इसके लिए दलाल बिचौलियों पर अंकुश पर लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि नौकरियों के लिए निशुल्क आवेदन प्रक्रिया सरकार करें। लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव एक साथ हों। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने वालों की जांच प्रक्रिया पूरी कर उन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन को मजबूती देने का काम करें। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव शीशराम सिंह, डीपी शर्मा, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, सुरेंद्र गौतम, सुमित शर्मा, राजेश दिवाकर, योगेश कश्यप, हाजी हाशिम अली, होराम सिंह यादव, गौरव यादव, अतुल शर्मा, राकेश वार्ष्णेय सहित आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता बीएल शर्मा ने और संचालन ज्ञान प्रकाश ने किया।



राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते लोग।

### श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकली कलशयात्रा

**संभल, अमृत विचार :** क्षेत्र के पवांसा स्थित जय संतोषी माता मंदिर के परिसर में अखंड भारत परिसर अखाड़ा द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व कलशयात्रा निकाली कलशयात्रा का आरंभ जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह ने किया। कलशयात्रा मंदिर परिसर शुरू होकर गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए जय संतोषी माता मंदिर के परिसर पर ही समाप्त हुई।

श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन अखंड भारत परिसर अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीश्री 1008 ब्रह्मानंद महाराज ने कहा कि कथा को जगत में सुनने और सुनाने की परंपरा आज भी कायम है। यह श्रीमद्भागवत पंचम वेद भी है। इस दौरान ग्राम प्रधान पुत्र रिंकू शर्मा, सुमित राघव, बंटी उर्फ सौरभ गुप्ता, सजल प्रताप, धर्मेंद्र राघव, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, कल्याण सिंह यादव, नीरज शर्मा, रजत विक्रांत सिंह, सुधांशु राघव, मनोज राघव, प्रदीप राघव आदि रहे।

# संविदा कर्मचारियों को मिले वर्दी और अवकाश



अखिलेश कुमार खिलाड़ी को सम्मानित करते लोग।

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कांग्रेस ट्रेड यूनियन के खुर्जा गेट स्थित एक बैंक्वेट हाल में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष लता वार्ष्णेय के पति अखिलेश कुमार को सम्मानित किया। यूनियन के जिलाध्यक्ष नंदू वाल्मीकि ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों के वेतन में 422.85 रुपये की वृद्धि, ऐरियर, चयन वेतनमान व अन्य मांगों को मान लिए जाने पर संगठन की जीत बताया। प्रवीण कुमार बंटी ने कहा कि संविदा कर्मचारियों को अवकाश, मातृत्व अवकाश, कर्मचारियों की वर्दी व संत शिरोमणि रविदास पार्क का सौंदर्यीकरण की मांग की। राकेश कुमार, ज्ञान प्रकाश वाल्मीकि, शिवंदन वाल्मीकि, आशीष वाल्मीकि, महेश, सर्वेश, राम प्रकाश, प्रदीप, अर्जुन वाल्मीकि, अनुज कुमार, ओम प्रकाश, मटरू लाल, बंधन वाल्मीकि, ऋतिक पथरिया रहे।

## सार-संक्षेप



### स्वयंसेवकों ने गंगा में किया स्नान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर की सुभाष शाखा के स्वयं सेवक सपरिवार वन विहार कार्यक्रम के लिए अनिल कुमार के निर्देश पर जेपी घाट अनूपशहर व हरि बाबा धाम के लिए रवाना हुए। रविवार सुबह गंगा घाट पर स्वयंसेवकों ने गंगा स्नान करने के बाद शाखा लगाई और देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंतन किया। अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर मां गंगा से विशेष प्रार्थना की। इसके बाद हरि बाबा बांध पहुंच कर वहां चल रहे अखंड कीर्तन में भाग लिया। कार्यक्रम में नगर कार्यवाहक उदय, नगर प्रचार प्रमुख डॉ. विवेक, विक्रम, गोपाल, तरुण नीरज, सुशील, आशीष, मुदित, अनि, बृजकिशोर, दिवाकर, सरजू, श्याम आदि मौजूद रहे।



### बबराला में बारिश ने दी गर्मी से राहत

**बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर तहसील क्षेत्र में रविवार सुबह एक घंटे से अधिक समय तक हुई झमाझम बारिश ने गर्मी से बेहाल लोगों और मुरझाई फसलों को राहत दी है। वहीं, जंगली जीव जंतुओं को भी सुकून मिला है। लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी से खेतों में फसलें सूखने लगी थीं, ऐसे में मानसून की पहली बारिश किसानों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं रही। शनिवार को आधी रात के बाद तेज हवा के चलते मौसम में कुछ बदलाव हुआ। रविवार तड़के अचानक मौसम बदल गया और तेज हवाओं, बिजली की तेज गड़गड़ाहट के साथ हुई झमाझम बारिश से मिजाज पूरी तरह बदल गया। सुबह होते ही लोगों ने ठंडी हवा और सुकून भरी फिजा में आंखें खोलीं। गर्मी के बाद पहली झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से बेहाल लोगों को बड़ी राहत दी है।



### जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अल्हदादपुर चम्मू के लोगों ने युवक पर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है। उक्त घटना का शिकायीत पत्र थाने में दी गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव निवासी समाज के युवक ने बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान को गालियां देकर अपमानित किया। आरोप है कि समाज पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया है। जिससे गांव में समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुईं। पुलिस से आरोपी युवक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायती पत्र देने वालों में अशोक कुमार मौर्य, विमल कुमार, लखपत सिंह, जोगेंद्र, हरि सिंह, सुरेश कुमार आदि शामिल रहे।

### कैंडल मार्च निकाल मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**संभल, अमृत विचार :** विश्व हिंदू शक्ति संगठन के कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर सूर्यकुंड तीर्थ से यशोदा चौराहा होते हुए शंकर कॉलेज चौराहा तक कैंडल मार्च निकाला और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अक्षित अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सतीश कुमार, संजीव राजपूत, मोनू सरसौदे, जतिन चौधरी, अभिनव पाल, हर्ष कौशिक, कुनाल, आकाश सैनी, पिंटू, पंडित जयदेव, अभय रस्तोगी, अमित सैनी आदि रहे।

### खेत पर काम कर रहे किसान को सांप ने काटा

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर क्षेत्र के गांव हैबतपुर निवासी नूर अहमद रविवार को सुबह करीब 11 बजे खेत पर मक्का की फसल की सिंचाई कर रहा था। तभी सांप ने नूर अहमद को काट लिया। नूर अहमद ने परिजनों को सांप के काटन की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन नूर अहमद को तुरंत जिला अस्पताल लाए। यहां चिकित्सक ने घायल का उपचार किया।

### अकीदत के साथ मनाई ईद ए गदीर, पेश किए कलाम

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में ईद ए गदीर अकीदत और एहतराम के साथ मनाई गई। शिया मस्जिदों में अमाल पढ़ाए गए। जिसमें शिया जामा मस्जिद में डॉ. सय्यद कौसर मुज्तबा, मस्जिद सादात में मौलाना मीसम अब्बास, मस्जिदे जहरा में मौलाना मेहजार अली ने अमाम अदा किए। ईद ए गदीर के मौके पर अजाखानों और मस्जिदों में महफिल आयोजित की गईं। मस्जिद मोहल्ला शर्की सादात में गदीरी कमेटी की ओर से हुई महफिल में हदीसे किसा की तिलावत मौलाना मीसाम अब्बास मुजफ्फरनगरी ने की। महफिल में तकरीर की मौलाना मुहम्मद अब्बास ने की। निजात जैद सिरसीवी ने की। महफिल में सिरसी के शायरों ने कलाम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। इस दौरान फिरोज अब्बास, हुसैन मेहंदी, अमीरूल हसन, मुहम्मद सुहैल, मुहम्मद जाफरी, फिरोज हैदर आदि रहे। दिनभर शिया समुदाय के लोगों के घरों में भी नजरों नियाज का सिलसिला चलता रहा। लोगों ने एक दूसरे को ईद ए गदीर की मुबारकबाद दी।




### श्री परशुराम धर्मशाला निर्माण के लिए हुई बैठक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मोहल्ला मारवाड़ी स्थित ब्राह्मण समाज की खाली पड़ी भूमि पर श्री परशुराम धर्मशाला के निर्माण के लिए बैठक हुई। जिसमें संरक्षकों द्वारा जल्द से जल्द उक्त भूमि पर धर्मशाला निर्माण करने का आह्वान किया गया। रविवार को सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ आश्रम के सामने हनुमान मंदिर में श्री ब्राह्मण सभा के आजीवन संरक्षकों ने बैठक की। जिसमें निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया कि मोहल्ला मारवाड़ी में काफी वर्षों पहले ब्राहमण समाज द्वारा भूमि क्रय की गई थी। समिति के संरक्षकों ने निर्णय लिया कि उक्त भूमि पर श्री परशुराम धर्मशाला का निर्माण किया जाए। जोकि कि पूर्व की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्तावित हुई थी। निर्माण समिति में बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिन्हें आगामी 29 जून की बैठक में संरक्षक डॉ. राजीव लोचन शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, राजेन्द्र कुमार शर्मा राजा, पं. ओमप्रकाश शर्मा, रामकुमार शर्मा, रामाशंकर गौड़, बृजेन्द्र मिश्रा., माधव मिश्रा, हरद्वारी लाल मिश्रा अधिकृत करेंगे। जिसके बाद कमेटी निर्माण कार्य को शुरू करने का कार्य करेगी। बैठक में ब्राह्मण समाज से अनुरोध किया कि भगवान परशुराम के नाम से बनने वाली धर्मशाला में अपना पूर्ण सहयोग करें। 29 जून को श्री हनुमान मंदिर रघुनाथ आश्रम के सामने की बैठक में ज्यादा से ज्यादा ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता रामाशंकर गौड़ व संचालन राजेन्द्र कुमार शर्मा राजा ने किया। इस दौरान राम कुमार शर्मा, अमित गौड़, अभिनव शर्मा, विवेक मिश्रा, राजीव पाठक, राधेश्याम मिश्रा, आदित्यकान्त शर्मा, रमाकांत शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, विनीत शर्मा, शुभम पाठक, राम मिश्रा, श्याम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नरा: पण्डितबुद्धय: ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# हादसों से सबक

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास रविवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। राज्य में एक के बाद हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक नहीं लिया जाता। राज्य में करीब 40 दिनों में यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। एहतियात के तौर पर हेली सेवाओं के दौरे को कम कर दिया गया था। इससे पहले, 8 मई को गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर उत्तरकाशी जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। 7 जून को केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी, जिसमें पायलट घायल हो गया था, लेकिन विमान में सवार पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया था। चार धाम यात्रा के दौरान लगातार हेलीकॉप्टर हादसों की खबर के बाद पिछले दिनों डायरेक्टोरेट ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की ओर से जांच कराई गई। डीजीसीए ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा कि हेलीकॉप्टर के ठहराव स्थल पर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसी स्थिति है। इस कारण डीजीसीए ने उड़ानों में 35 फीसदी की कटौती का आदेश दिया। 2004 में हेली सेवा शुरू की गई थी। जानकारों के मुताबिक चारधाम यात्रा में एक इंजन के हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। हेली संचालकों के लिए कड़े प्रावधान नहीं होने की वजह से इनकी मनमानी बढ़ती गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में एक इंजन के हेलीकॉप्टर की उड़ान कम जोखिम भरी नहीं है। यह हादसा उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में हवाई सेवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। लगातार हो रहे हादसों ने प्रशासन और सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह समिति हेलीकॉप्टर संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करेगी। इसके बाद ही एक मजबूत और व्यावहारिक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उम्मीद की जा सकती है एसओपी और सख्त नियमों से ही भविष्य में चारधाम यात्रियों को सुरक्षित हवाई सेवा मिल पाएगी।

# परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं।

इजराइल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजराइल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजराइल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, 'जब तक इजराइल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है।' इजराइल ने शुक्रवार 13 जून को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजराइल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिये ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजराइली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजराइली डिफेंस सिस्टम ने इजराइल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजराइल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है, ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजराइल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो दोनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजराइल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था।

> ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजराइल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजराइल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजराइल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजराइल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजराइल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजराइल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजराइल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमेरिका को इजराइल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजराइल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजराइल का सहयोग भी किया था ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है ? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विश्लेषकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजराइल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजराइल का संघर्ष और बढ़ेगा ? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है। रूस भले ही इस समय यूक्रेन से ही युद्ध में उलझा हुआ है, बावजूद रूस ने ईरान के रणनीतिक भागीदार के रूप में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान पर इजराइल का यह हमला उकसावे को बढ़ावा देने वाला है। हालांकि रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते के लिए जो वर्ता चल रही है, वह उसमें सहयोगा करेगा।

इस युद्ध को लेकर भारत दुविधा में है। क्योंकि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया था तब इजराइल उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा था। इजराइल भारत का रक्षा साझेदार भी है। दूसरी तरफ ईरान से भारत के ऐतिहासिक संबंध है। ईरान ने कई अवसरों पर इस्लामिक देषों के संगठन के मंच पर भारत की मदद की है। इसलिए भारत किसी को भी छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए भारत ने दोनों देशों के बीच कूटनीति व शांति बरतने की अपील की है। बहरहाल इस युद्ध के साथ बड़ी आशंका यह जुड़ गई है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर न बढ़ जाए।

## प्रसंगवश

# पवन उर्जा को बढ़ावा देने की जरुरत

गत वर्ष अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दावा किया था कि अगर उत्तर अटलांटिक महासागर में भारत जितने क्षेत्रफल का विंड फार्म स्थापित कर दिए जाएं तो उससे संपूर्ण विश्व की उर्जा जरुरत पूरी की जा सकती है। शोधकर्ताओं की मानें तो विश्व की उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में 30 लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल में विंड फॉर्म स्थापित किया जा सकता है। विंड फॉर्म लगाने के लिए उत्तर अटलांटिक महासागर सबसे उपयुक्त स्थान है। इस विंड से सालाना 18 टेरावाट बिजली का उत्पादन होगा और एक अनुमान के मुताबिक विश्व में करीब इतनी ही बिजली का उपभोग भी होता है।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

शोधकर्ताओं का कहना है कि जमीन पर विंड फॉर्म से 105 वाट प्रति वर्ग मीटर बिजली उत्पादन संभव होता है। लेकिन उत्तर अटलांटिक महासागर में विंड फॉर्म स्थापित करने से 6 वाट प्रति वर्ग मीटर की दर से बिजली उत्पादन संभव होगा। यहां समझना जरुरी है कि जमीन के मुकाबले समुद्र में हवाओं की गति और बल 70 प्रतिशत अधिक होता है और वहां तूफान भी अधिक आते हैं। इसलिए टरबाइन को अधिक हवा मिलती है।

भारत की बात करें तो यहां पवन उर्जा का विकास 1990 के दशक में प्रारंभ हुआ और पिछले कुछ वर्षों में कमाल की सफलता हासिल हुई है। वर्तमान समय में भारत में पवन उर्जा का उत्पादन तकरीबन 32.56 गीगावाट है। भारत में राज्यस्तरी पवन उर्जा की दृष्टि से तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल और पश्चिम बंगाल शीर्ष पर हैं। भारत में पवन टरबाइनों की स्थापित करने की लघु अवधि और पवन उर्जा मशीनों पर बढ़ती निर्भरता और उनके प्रदर्शन ने पवन उर्जा को भारत की क्षमता वृद्धि के लिए एक पसंदीदा बना दिया है। भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी के रुप में सुजलॉन पिछले दशक में वैश्विक परिदृश्य पर उभरी है और भारतीय बाजार के लिए पवन टरबाइन की अग्रणी कंपनी बन गई है। सुजलॉन की सफलता ने भारत को उन्नत पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में विकासशील देश का नेता बना दिया है। कह सकते हैं कि पवन उर्जा का आशय वायु से गतिज उर्जा को लेकर उसे उपयोगी यांत्रिक अथवा विद्युत उर्जा में परिवर्तित करना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु का उर्जा उत्पादन करने हेतु उपयोग में न तो किसी प्रकार की प्रदूषण की समस्या या खानों के अपवाह या विषाक्त प्रदूषक पदार्थों जैसी समस्या आती है। न ही इसके कारण विस्तृत क्षेत्र में फैली भूमि को किसी तरह नुकसान पहुंचता है। ध्यान देने वाली बात यह कि जहां जीवाश्मीय ईंधन सीमित है वहीं पवन कभी समाप्त नहीं होने वाली है। जीवाश्मीय ईंधनों की तुलना में पवन उर्जा संयंत्रों का परिचालन भी अति सुरक्षित है।

ध्यान दें तो यह बात तापीय या नाभिकीय उर्जा संयंत्रों पर लागू नहीं होती। आधुनिक पवन संयंत्रों में प्रयुक्त प्रभावी सुरक्षा यांत्रिकी से यहां तक संभव हो गया है कि इन्हें सार्वजनिक स्थलों पर भी थोड़ी सी क्षति के बिना भी स्थापित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इसे पहाड़ी के शिखर पर, समतल सपाट भू-प्रदेश, वनों तथा मरुस्थलों तक में लगाया जा सकता है। संयंत्र को अपतटीय क्षेत्रों तथा छिछले पानी में भी लगाया जा सकता है। हालांकि पवन उर्जा की बढ़ती जरुरत और उपयोगिता के बावजूद कुछ पर्यावरणविदों का तर्क है कि पवन उर्जा से कई तरह की समस्याएं उत्पन हो रही हैं। मसलन उत्पादक संयंत्र विद्युत चुंबकीय संकेत वातावरण में प्रसारित होने से कठिनाई उत्पन हो रही है।

पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि क्षैतिज अक्ष वाले पवन चालित टरबाइनों के घूमते हुए ब्लेड दूरदर्शन संकेतों के दृश्य अंश विरुपित करके निकटवर्तीय क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन कर रहे हैं। अनेक प्रकृति प्रेमियों को आशंका है कि पवन चालित संयंत्रों की उपस्थिति प्रवासी पक्षियों तथा सामान्य पक्षियों को भयभीत करती है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पक्षी टकराने की घटनाएं निचली उड़ान के स्तर पर ही होती है और ऐसे पक्षियों की संख्या बहुत ही कम होती है। गौर करें तो इन विरोध के इन दलीलों में कोई खास दम नहीं है। सच तो यह है कि उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए पवन उर्जा अति सुरक्षित व महत्वपूर्ण विकल्प है।

# मुद्दे की बुनियाद



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए–यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब उसूलों में इनसाफ़ की जगह सिफ़ारिश ले लेती है, तो ज़ुल्म एक दस्तूर बन जाता है। स्वीडन के नामवर अर्थशास्त्री गुनार मिर्डल ने अपनी किताब एशियन ड्रामा (1968) में हिन्दुस्तान की नौकरशाही और करप्शन की जो तस्वीर पेश की थी, वह आज भी हू-ब-हू सही बैठती है। उन्होंने यह भी लिखा कि इस मसले पर रिसर्च करना तब गुनाह-ए-अज़ीम समझा जाता था। मगर वक्त के साथ हालात बदले, और आज "इकोनॉमिक्स ऑफ करप्शन" एक मानी हुई अकादमिक शाखा बन चुकी है।

अगेंस्ड द स्ट्रीम नामक दूसरी किताब में मिर्डल एक दिलचस्प वाक़िया बयान करते हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर, नेहरू से विदा लेने के बाद, उन्होंने देखा कि दूर कुछ टैक्सी ड्राइवर शोरगुल कर रहे हैं। उन्होंने पास खड़े दिल्ली पुलिस के आला अफ़सर से पूछा कि ये लोग क्यों हंगामा कर रहे हैं, और पुलिस उन्हें काबू क्यों नहीं कर रही। अफ़सर ने जवाब दिया:"हम डरते हैं, सर। अगर हम हस्तक्षेप करेंगे तो वे चिल्लाएंगे कि पुलिस वाले पैसे मांगते हैं।"

मिर्डल ने पूछा: "लेकिन उन पर कौन विश्वास करेगा??" जवाब मिला: "कौन विश्वास नहीं करेगा, सर?" यानी, रिश्वतखोरी को लोग इतना आम और स्वाभाविक मान चुके थे कि उसका इल्ज़ाम खुद पुलिस को भी डराने लगा था। अगेंस्ड द स्ट्रीम में मिर्डल ने एक और वाकिए का बयान किया है: एक लंबी मीटिंग के बाद जब वो पंडित नेहरू के साथ बाहर निकल रहे थे, तभी उनका सेक्रेटरी तेज़ी से भागता हुआ आया और कुछ झिझकते हुए अर्ज़ किया: 'असर, सामाजिक इंसाफ़ पर बहस तो अजेंडा में थी, मगर उस पर कोई बातचीत नहीं हुई।' नेहरू का चेहरा तमतमा उठा। उन्होंने बिना लफ़्ज़ों को नर्म किए झिड़क दिया-'ऐसी बातें अजेंडा में डालने और मीटिंग की रिपोर्ट के आमुख में दर्ज करने के लिए होती हैं, न कि वाक़ई में गुफ़्तगू करने के लिए!'

इस एक जुमले से ये साफ़ झलकता है कि किस हद तक कुछ मसाइल महज़ सियासी शोशा थे, और पंडित नेहरू के लिए हक़ीक़त में कोई अहमियत नहीं रखते थे। सामाजिक इंसाफ़ उनके लिए एक नारा था-एक सियासी ज़रूरत-मगर नीयत की तह में वह मुद्दा कभी गया ही नहीं।

आज़ादी के बाद भारत के पास गांधी, त्याग, और सत्याग्रह की एक नैतिक पूंजी थी। लेकिन जब आर्थिक नीति की बात आई तो यह नैतिक पूंजी एक राज्य-नियंत्रित समाजवादी ढांचे की तरफ़ झुक गई।नेहरू की ख्वाहिश थी कि समाजवाद की प्रेरणा से एक योजनाबद्ध और तेज़ औद्योगिक विकास हो, जिससे बराबरी आए। मगर यही सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल, लाइसेंस-परमिट राज, और ब्यूरोक्रेटिक राज वह ढांचा बन गया, जिसने क्रोनी कैपिटलिज़्म और रिश्वत की तहज़ीब को जन्म दिया। जो कारोबारी हुकूमत के करीब थे या जिनका हाथ सियासी रहनुमाओं के कंधे पर था, उन्हें तरक्की के लिए दरवाज़े खुले मिले। उन्हें सरकारी योजनाओं में तरज़ीह मिली, क़ायदे-कानून उनके मुफ़ीद बनाए गए। इसके बरअक्स जिनकी सोच ज़रा अलग थी या जो कांग्रेस की "लाइन" में फिट नहीं बैठते थे-उन्हें तफ्तीश, कानूनी केसों और सरकारी दबावों का सामना करना पड़ा। कई बार तो यह दबाव सिर्फ इसलिए आता था कि उन्होंने किसी "प्रिय उद्योगपति" की मार्केट में हिस्सेदारी कम कर दी थी। इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब हर इजाज़तनामा, हर मंज़ूरी, हर लाइसेंस सरकारी बाबू के दस्तख़त पर मुंह ताकता हो तो फिर सिफ़ारिश, रिश्वत और ताल्लुकात की अहमियत बढ़ जाती है। शुरू-शुरू में ये तौर-तरीक़े सिर्फ़ बड़े कारोबारियों तक सीमित थे, लेकिन जल्द ही ये अफ़सरशाही की रगों में ऐसा दौड़े कि अर्थव्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन गए। कच्चा माल, विदेशी मशीनों की इम्पोर्ट, बैंक ऋण, सब्सिडी-हर जगह अफ़सर की मेहरबानी चाहिए थी। कभी राजनीतिक सरपरस्ती, तो कभी नक़द नज़राना-बिना इसके न कारोबार चलता था, न फ़ैक्टरी। जो रिश्वत पहले सिर्फ़ लाइसेंस और ठेकों में थी, वह धीरे-धीरे समाज की हर परत में घुस आई। सिस्टम ऐसा हो गया कि ईमानदार व्यक्ति को या तो हार माननी पड़ती थी, या समझौता करना पड़ता था। रिश्वत अब एक जुर्म नहीं रही-वह एक 'प्राकृतिक शुल्क'बन गई थी।

## सोशल फोरम

# तनाव के बीच

> और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है।

ईरान और इजरायल के तनाव के बीच में सबसे महत्वपूर्ण है पर्शियन गल्फ यानी ईरान की खाड़ी और वहां से लगभग 2 हजार किलोमीटर दूर अदन की खाड़ी और लाल सागर का इलाका। क्योंकि यहाँ से विश्व व्यापार प्रभावित होता है। और चूंकि ईरान की खाड़ी इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विश्व व्यापार के सबसे बड़े हब यूएई, कतर और सऊदी आते हैं। यूएई जितना बड़ा टैक्स हैवन बनकर उभरा है। और विश्व के सारे माल का डंपिंग ग्राउंड बना है वह विशेष है।



हरिशंकर शाही
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

और साथ ही यमन के पास मौजूद अदन की खाड़ी और लाल सागर तक पहुंच भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यानी विश्व व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इससे प्रभावित है। इसीलिए कॉर्पोरेशन तो यही चाहेंगी की ईरान यहां कमजोर हो। क्योंकि जिस तरह से यूएई बदल चुका है और सऊदी बदल रहे हैं और व्यापारिक हब बन रहे हैं। उससे मुख्य तौर पर यहां जो जड़ है वह है ईरान में बदलाव के लिए जोर मारती विश्व शक्तियां। क्योंकि ईरान का पोर्ट खुलना आवश्यक है। अब यहां यदि ईरान न्यूक्लियर बम बना ले या इजरायल पर हमला करने लगेगा तो यहां का शांति संतुलन बिगड़ेगा। अमेरिका का मुख्य उद्देश्य भी यहां पर रूसी प्रभाव मिटाना ही था जब ईरान की इस्लामिक क्रांति कराई गई थी।

और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है। इसीलिए जैसे हिंद महासागर के देशों में बवाल चल रहा है वही हाल यहां है। बस ईरान की खमैनई सरकार को अपना हिस्सा चाहिए। जो देने को कोई तैयार नहीं है क्योंकि ईरान का ऊंट किस करवट बैठे यह पता नहीं। और दूसरा ईरान अरब तो है नहीं इसीलिए अरब देश से कब बवाल हो जाए या इजरायल से कब बवाल हो जाए इससे ग्लोबल मनी चैनल को बचाना है।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारत में बढ़ रहे हैं नगरों के 'हीट वेव डेज'



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है।

द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट के वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में एक ख़ास बात ने ध्यान खींचा, जिसमें भारत की शीर्ष बायो-मेडिकल वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सन 2024 में भारत में 536 हीटवेव-डेज़ के रहे थे। यह बात उन्होंनें सम्मेलन की कार्रवाई से अलग एक साक्षात्कार में कही जिसे भारत के मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। साल में 365 दिन होते हैं लेकिन हीट वेव डेज़ 536 होने से क्या आशय है। गर्मी की ऋतु के तीन महीने अप्रैल, मई और जून होते हैं लेकिन गर्मी का प्रभाव सितंबर महीने तक भी खिंच जाता है। इस दौरान देश में मानसूनी वर्षा भी होती है और वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा हो जाता है। बरसात कम और छितरे तरीके से होती है तो देश के अनेक मौसम-खंडों अर्थात क्लाइमेटिक जोन्स, में नमी अधिक होने से असहनीय गर्मी बनी रहती है। अर्थात गर्मी का प्रकोप 15 मई से लेकर 30 जून तक, 45 दिन के लिए अधिकतम होता है। ऐसे में व्यक्तिगत आर्थिक सुविधा और बिजली की उपलब्धता के अनुसार एयर-कंडीशनिंग का उपयोग दिनों-दिन बढ़ा है। कुछ दिन पहले एक नीतिगत फैसले के तहत केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि बिजली की खपत कम रखने के लिए भविष्य में घरेलू और व्यवसायिक एयर कंडीशनरों को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर ही चलाया जाएगा। इसे बारे एयर कंडीशनर निर्माताओं को निर्देश दे दिए गए हैं। दिल्ली के सामानांतर अक्षांशों वाले क्षेत्रों में लोग अप्रैल आते ही दिन में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। क्लाइमेट चेंज से बढ़ते तापमान और जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभाव पर विपुल जानकारी उपलब्ध है। हीट वेव डेज़ के बारे में तकनीकी जानकारी के निहितार्थ क्या हैं? भारत के उत्तरी अक्षांशों के मैदानी इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट के क्षेत्र है जिनमें तापक्रम 40 से 46.5 डिग्री सेल्सियस के बीच तक झूलता है। थार मरुभूमि में स्थित चुरू, बीकानेर और बाड़मेर के धोरों में मई और जून महीनों में तापक्रम 48 से 50 को छू लेता है। डॉ. सौम्या ने 536 हीटवेव डेज़ को टेक्निकल भाषा में सही ही बताया था। भारत में पिछले 125 वर्षों में हीट वेव डेज़ की संख्या बहुत से नगरों में बढ़ गई है। उनमें भी जहां पहले ऐसा कभी नहीं होता था। कुछेक रोज पहले ज्योग्राफिकल इनफार्मेशन सिस्टम्स में काम करने वाली दो बड़ी गैर सरकारी संस्थाओं ने वर्ष 2025 के लिए मानसूनी वर्षा की मात्रा और विस्तार के बारे में आकलन किया और कहा कि भारत में वर्षा का डिस्ट्रीब्यूशन और इंटेंसिटी दोनों ही अबके साल एकसार नहीं होने वाले। ये दोनों कम्पनियां अपना डाटा जेनरेट नहीं करती। मालूम नहीं, खरीदती हैं या सरकारी संस्थानों से फ्री में लेती हैं, लेकिन एक्सपर्ट एनालिसिस इनकी होती है। दोनों कंपनियों के मौसम संबंधी आकलन कमर्शियल प्रवृत्ति हेतु किए जाते हैं इसलिए हमें अपनी सरकारों के डाटा-एनालिसिस पर अधिक भरोसा करना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग हीट वेव को परिभाषित करने के लिए केवल अधिकतम तापमान पर विचार करता है, जैसे कि किसी स्थल का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिए कम से कम 40सेल्सियस या उससे अधिक, तटीय स्थल के लिए 37 सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्र के लिए कम से कम 30 सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है तो यह हीट वेव है। भारत उपमहाद्वीप में होने वाली ताप तरंग घटनाओं को चुनने के लिए इन मानदंडों को सावधानी से चुना गया था। पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को सीमित करने के लिए 35 सेल्सियस मानदंड का उपयोग किया जाता है। दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी के प्रभावों के वर्तमान और भविष्य के बोझ को रोकने के लिए हीट वेव और विभिन्न स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों को समझना आवश्यक है। कई देशों में, हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम ने थर्मल कम्फर्ट इंडेक्स को अपनाया है, जो हीट वेव के दौरान वास्तविक मानव थर्मल स्थिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए कथित तापमान पर मौसम संबंधी कारकों यथा, वायु तापमान, आर्द्रता और हवा, की एक श्रृंखला के संयुक्त प्रभाव को मापता है।

भारत में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी प्रतिवर्ष हीट-वेव और हीट वेव-डेज़ के प्रति आगाह करता है। परिवेश के तापमान सहित एक थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने वाले हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हीट वेव की परिभाषा और इसकी अवधि और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कितनी अच्छी तरह से आपस में जोड़ कर किस थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने का तकाजा करती है। वैज्ञानिक नीति के अंतर्गत हीट वेव या हीट वेव डेज़ की सार्वजनिक घोषणा के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### छात्रा को बहला फुसलाकर ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार** : इंटर कॉलेज में एडमिशन कराने गई छात्रा को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। मामले में पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला निवासी छात्रा 14 जून को शहर के इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में एडमिशन कराने के लिए गई थी। घर वापस नहीं लौटी तो परिवार वालों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। बाद में जानकारी हुई कि शहर का एक युवक छात्रा को अपने साथ बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में छात्रा के पिता की तहरीर पर प्रिंस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### ईद-ए-गदीर पर नमाज अदा हुई, मिठाई बांटी

**सैदनगली, अमृत विचार** : नगर में रविवार को ईद-ए-गदीर पर शिया समुदाय ने सादात की मस्जिद में नमाज अदा की और आमाल पढ़े। जिसे मौलाना कम्बर अली ने अदा कराया। मौलाना ने तकरीर में बताया कि इस दिन अल्लाह के आखिरी रसूल ने अल्लाह के हुक्म से खुम के मैदान में हजरत अली को कायनात का मौला बनाया था। यह ईद सभी मुसलमानों के लिए सबसे बड़ी ईद है। सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद ए गदीर की मुबारकबाद पेश की। उसके बाद मिठाई वितरित की गई और सबील लगाकर शर्बत पिलाया गया। इस अवसर पर दानिश बाकरी, नवाबुल हसन, असद अब्बास, जावेद रजा, हसन रजा, मिसाल अब्बास आदि मौजूद रहे।

### शराब की कैंटीन में बैठे युवक से 5500 रुपये लूटे

**हसनपुर, अमृत विचार** : शराब की दुकान की कैंटीन में बैठे युवक से 5500 की लूट हो गई। कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर सरकारी शराब की दुकान है। उसके बराबर में एक व्यक्ति कैंटीन चलाता है। कैंटीन पर नगर निवासी नन्हे सिंह पुत्र हरकेश अपने भांजे अरुण पुत्र मुनेश के साथ बैठकर बीयर पी रहा था तभी एक व्यक्ति आया और नन्हे सिंह की जेब में रखे 5500 रुपए लूट कर भाग गया। लूट की सूचना कोतवाली पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। पीड़ित नन्हे सिंह द्वारा कोतवाली में तहरीर देने की बात कही गई है। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार ने बताया कि पुलिस को मौके पर भेजा गया था लेकिन तहरीर नहीं दी गई है।

# ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, दो की मौत

## रामपुर के रहने वाले थे दोनों युवक, बाइक से जा रहे थे दिल्ली

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : नेशनल हाईवे पर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसके पीछे चल रही एक बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली टकरा गई। इसी दौरान पीछे आए ट्रक ने बाइक सवार दोनों युवकों को रौंदा दिया। जिसमें दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए के भेज दिया।

रामपुर के मोहल्ला अनवे निवासी विशाल (20) पुत्र नेमपाल व उसका तहेरा भाई राजेश (19) पुत्र रामौतार दिल्ली में सिलाई का काम करते थे। दोनों बाइक से अपने घर रामपुर आए हुए थे। रविवार को दोनों दिल्ली वापस लौट रहे थे। नेशनल हाईवे पर गजरौला में नाईपुरा मोहल्ले के निकट ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। तभी पीछे चल रहे बाइक सवार भी ट्राली से टकराकर सड़क पर गिर गए। उनके पीछे आ रहे ट्रक ने दोनों को कुचल दिया। जिसमें विशाल व राजेश की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्राली व ट्रक का चालक मौके से फरार हो गए। हाईवे पर हादसा देखकर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। हाईवे पर हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लिया तथा उनकी बाइक के नंबर से शिनाख्त करने के बाद मृतकों के परिवार वालों को सूचना दी औरा दोनों शवों को सीएचसी में रखवाया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने शव देखकर बिलखना शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली।



नेशनल हाईवे पर लगा भीषण जाम। ● अमृत विचार

### हादसे के बाद कई किलोमीटर तक लगा जाम

**गजरौला, अमृत विचार** : हादसे के बाद नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर दूर तक जाम लग गया। जाम में सैकड़ों वाहन व कई एम्बुलेंस फंस गईं। जिससे मरीजों की जान पर बनी रही। जाम में तीन घंटे तक वाहन फंसे रहे। जिसके चलते लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस के जाम खुलवाने में पसीने छूट गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को क्रेन से हटवाकर करीब तीन घंटे बाद जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया।

## सेना के सम्मान में कांग्रेस ने निकाली जयहिंद यात्रा

**गजरौला, अमृत विचार** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने गजरौला के एक पैलेस में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सम्मेलन किया। इसके बाद भारत की सेना के सम्मान में जयहिंद यात्रा निकाली ।

जय हिंद यात्रा का आरंभ आंबेडकर चौक से किया गया। संविधान की रक्षा का संकल्प लेते हुए कार्यकर्ता चौपला से रेलवे ओवरब्रिज से होते हुए शहर के इंदिरा चौक पर पहुंचे। वहां जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि संविधान भारत की आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार संविधान को बदलना चाहती है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने की। संचालन राजकुमार अरुण किया। धनौरा विधानसभा प्राभारी राजकुमार अरुण, तारिक मोहम्मद खान, आसिम हुसैन साबरी, हाजी खुर्शीद अनवर अली इमाम रिजवी, ताहिर, वसीम, विनोद कुमार सक्सेना, सचिन चौहान, ओमप्रकाश पंवार, शाहिद सिद्दीकी खेड़ी, जयपाल सिंह जाटव, अनवर हुसैन, मयंक कुमार गुर्जर आदि रहे।

## सार संक्षेप



### सुदामा चरित्र वर्णन के साथ कथा सम्पन्न

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : रविवार को प्राचीन देवी मंदिर के राधा कृष्ण हॉल में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर पंडित आदित्य कृष्णदास ने सुदामा चरित्र वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने आरती कर कथा वाचक द्वारा सुदामा चरित्र का प्रसंग सुना। कमेटी व कथा वाचक ने पूर्व अध्यक्ष राजेश सैनी को पटका पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर कथा व्यास श्री आदित्य कृष्णम, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी, ममता शर्मा, राजीव दीक्षित, नरेंद्र शर्मा, शिवकुमार त्रिवेदी, हरिओम त्रिवेदी, मंजू त्रिवेदी, सीमा त्रिवेदी ,स्वाति ,नेहा दीक्षित, कामिनी, कंचन दत्त, राहुल अरुण, कृष्ण गोपाल शर्मा, सोनू कश्यप ,ऋषिपाल, संजीव दीक्षित रहे।

### उधार के रुपये मांगने पर भाईयों ने दुकानदार को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार** : उधार के रुपये मांगने पर दो भाइयों ने दुकानदार को मारपीट कर घायल कर दिया। मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी रोहित की शहर में मोबाइल की दुकान है। उसके पड़ोसी साजिद ने एक वर्ष पहले रोहित से 10 हजार रुपये उधार ले लिए थे। आरोप है कि 3 जून को साजिद उसकी दुकान पर आया तो रोहित ने उसे अपने रुपये वापस मांगे तो साजिद ने रोहित के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। इसी बीच साजिद का भाई आरिफ भी वहां पहुंच गया। रोहित ने गाली-गलौज का विरोध किया तो दोनों भाइयों ने दुकान में घुसकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। शोर होने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी रोहित को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि साजिद व उसके भाई आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### नगर पालिका में योग सप्ताह की शुरूआत हुई

**अमरोहा, अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद अमरोहा में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह (15 से 21 जून 2025) का आरंभ पालिका के टाउन हॉल में योगाभ्यास सत्र के साथ हुआ। जिसमें पालिकाध्यक्षा शशि जैन, ईओ डॉ. बृजेश कुमार सहित पालिका कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। योगाभ्यास आयुष विभाग से आई निर्देशिकाओं ने कराया। पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने योग के लाभ पर जानकारी देते इसे दैनिक जीवन में आत्मसात किये जाने का आह्वान किया। कहा कि योग से शरीर निरोग होता है। पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून तक योग सप्ताह देश में मनेगा। भाजपा नेता अजय चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



### सीएम से कैलसा क्रॉसिंग पर आरओबी बनवाने की मांग

**अमरोहा, अमृत विचार** : अमरोहा ब्लॉक प्रमुख गुरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उनके नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिले से जुड़े विकास कार्य पर चर्चा की और बान नदी के पुनर्जीवन, कैलसा रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी बनवाने की मांग की। अमरोहा ब्लॉक प्रमुख गुरेंद्र सिंह के साथ प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कैलसा रेलवे क्रॉसिंग को बनवाने सहित अन्य मांग की गई। उन्होंने कहा कि कैलसा रेलवे क्रॉसिंग पर रोजाना कई घंटे जाम लगता है। कैलसा मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ही नौगावां सादात मार्ग के साथ मुनव्वरपुर, पिपली घोसी होते हुए मंडी धनौरा मार्ग का निर्माण कराने की मांग की। गुरेंद्र सिंह ने बताया कि ब्लॉक का भवन जर्जर हो चुका है। उसका पुनः निर्माण कराया जाए। इस दौरान ब्लाक प्रमुख के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूप सिंह, सतीश कुमार, मिलनजीत बांगा आदि मौजूद रहे।

### आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया की हुई बैठक

**हसनपुर, अमृत विचार** : रविवार को आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया की बैठक आरटीआई एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में प्रदेश प्रभारी भरत लाल प्रजापति के आवास मोहल्ला होली वाला निकट शिवाला मंदिर पर हुई। जिसमें संगठन को गति देने एवं विस्तार के संबंध में निर्देश जारी किए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुनि शंकर शर्मा, वालेस्वर आर्य, भरत लाल प्रजापति, डॉ. मदन सिंह चौहान, अजय रस्तोगी, प्रदीप कुमार, पंडित मनु शर्मा, राहुल शर्मा, जगदीश प्रजापति, अमित शर्मा, पूरन सिंह राणा, लोकेश, अली अहमद सैफी, लोकेश कुमार, परमवीर सिंह, नसरुद्दीन सैफी, महेश कुमार रहे।

### एसपी ने ई-ऑफिस की समीक्षा कर दिया प्रशिक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार** : एसपी अमित आनंद ने रिक्रुट प्रशिक्षण केन्द्र पर कम्प्यूटर लैब में सभी सीओ, क्षेत्राधिकारी पेशी कार्यालयों, वाचक कार्यालय, गोपनीय कार्यालय, आंकिक कार्यालय, प्रधान लिपिक कार्यालय में नियुक्त पुलिसकर्मियों के साथ ई ऑफिस को लेकर समीक्षा की। प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर ई-ऑफिस संचालन में आ रही व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याओं पर चर्चा कर प्रशिक्षण प्रदान किया। एसपी ने 22 जनवरी को अमरोहा में ई-ऑफिस प्रणाली का आरंभ किया था। जिसकी शुरुआत प्रधान लिपिक एवं आंकिक शाखा से की गई थी। वर्तमान में यह प्रणाली जिले के समस्त थानों, शाखाओं एवं कार्यालयों में सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। समीक्षा बैठक में ई-ऑफिस संचालन में आ रही व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याओं पर गहन चर्चा कर निस्तारण सम्बन्धी निर्देश दिये। एसपी ने सभी अधिकारियों से ई-ऑफिस प्रणाली को शीघ्रता से अपनाने और इसे प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया।

# दलित परिवारों ने लगाए पलायन के पोस्टर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : नगर के संभल मार्ग पर काशीराम आवासीय कॉलोनी में रह रहे निवासी गोपाल पुत्र गंगासरन, सपना पत्नी प्रदीप, गीता पत्नी रामपाल, सुनील पुत्र रूप किशोर, फूलवती पत्नी गंगासरन, सोनू पुत्र गंगासरन, सुनीता पत्नी रामबाबू, होराम एवं मोनू ने अपने घरों के आगे कुछ युवकों के उत्पीड़न से परेशान होकर पलायन के पोस्टर लगाए हैं।

घटना की सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल बजरंग दल, संयोजक राहुल हिंदुस्तानी, मंत्री अमित शर्मा के साथ मौके पर पहुंचे। पलायन के पोस्टर लगाने की सूचना पर कस्बा इंचार्ज संदीप पवार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। वहीं, पीड़ित गोपाल ने बताया कि 14 मई को इसी कॉलोनी के रहने वाले कुछ दूसरे समुदाय के युवकों ने उनके परिवार के साथ मारपीट की थी। जिसमें पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई। आरोपी आएदिन उनके परिवार के साथ मारपीट करते हैं और धमकाते रहते हैं। जिससे 10 परिवार पलायन को मजबूर है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों के जुल्म से तो अच्छा है कि हम यहां से पलायन कर लें। वहीं, इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया कि अगर जल्द से जल्द प्रशासन आरोपियों पर कठोर कार्रवाई नहीं करेगा तो विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल आंदोलन करने को विवश होगा। उनके द्वारा पूरे प्रकरण की जानकारी संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कॉलोनी में मारपीट हुई थी। पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मारपीट एवं एससी एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



पलायन का पोस्टर दिखाते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

# विद्युत आपूर्ति को लेकर एसएसओ से की मारपीट

● एसएसओ ने अधिकारियों के साथ पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : बिजली घर पर तैनात एसएसओ (सब स्टेशन ऑपरेटर) के साथ शनिवार रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने बिजली आपूर्ति को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट की। पीड़ित एसएसओ विद्युत अधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंचा और विद्युत विभाग के जेई ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

नगर के गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर पर ग्राम बिहारीपुर निवासी राजीव कुमार पुत्र थान सिंह एसएसओ उसके पद पर कार्य करता है। शनिवार की रात्रि 10 बजे वह ड्यूटी कर रहा था। तभी नगर निवासी कुछ लोग बिजली घर पर पहुंचे और एसएसओ के साथ मारपीट करने लगे और इसी दौरान आरोपियों द्वारा बिजली घर में शटडाउन के समय जबरदस्ती मशीन चालू करने लगे और कार्यालय में लगी मशीनों एवं पंखे में तोड़फोड़ करने लगे और सरकारी दस्तावेजों को भी फाड़ दिया। धमकी देते हुए वहां से चले गए। पूरी घटना की सूचना एसएसओ ने अपने अधिकारियों को दी। रविवार सुबह अवर अभियंता अजय कुमार के साथ कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी तथा अवर अभियंता अजय कुमार द्वारा दो नामजद एवं 12 अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग द्वारा तहरीर दी गई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



कार्यक्रम में बोलते ओमप्रकाश गोला। ● अमृत विचार

# मोदी सरकार कर रही सभी वर्गों का विकास : ओमप्रकाश

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम शहर के ब्लॉक सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गोला प्रजापति ने पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान, किसानों का कल्याण ही मोदी सरकार का लक्ष्य है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत अब रूपांतरित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कानून का राज स्थापित किया है। राकेश बंसल उर्फ कालू, मीनाक्षी देवी, राम रतन सिंह जाटव, पिंटू भाटी,डॉक्टर उत्तम सिंह, सुनिल गुप्ता, डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, अंजू जाटव, पूर्व सभासद चौधरी तेजपाल सिंह, उधम सिंह, राजेंद्र सिंह, महिपाल चौहान, दिनेश अग्रवाल, सतपाल सिंह पाल, हरेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने घर से नकदी समेत दो लाख का सामान समेटा

**गजरौला, अमृत विचार** : राजमिस्त्री के घर में घुसकर चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर 70 हजार रुपये की नकदी व जेवर समेत करीब दो लाख रुपये का सामान समेट लिया। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

शनिवार रात क्षेत्र के गांव नवादा निवासी राजमिस्त्री ऋषिराज अपने परिवार के साथ मकान की छत पर सो रहा था। रात में चोर उनके कमरे में घुस गए। कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने उसमें रखे 70 हजार रुपये नकदी व सोने के कुंडल, तीन जोड़ी पायल समेत दो लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। रविवार सुबह करीब पांच बजे उनकी पत्नी राजकुमारी कमरे में गई तो कमरे का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। राजमिस्त्री ऋषिराज ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म है यज्ञ : अभय

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार** : आर्य समाज द्वारा विश्व कल्याण के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आर्य बंधुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और लोक कल्याण की कामना की।

रविवार सुबह आर्य समाज में यज्ञशाला में आर्य जनों की उपस्थिति में वैदिक यज्ञ अनुष्ठान आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री के ब्रहमत्व में हुआ। समाज में सुख, शान्ति, समृद्धि, स्वास्थ्य, दीर्घायु, यश, वैभव एवं पर्यावरण की शुद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर आर्य समाज के मन्त्री अभय आर्य ने 2025 में घटित घटनाओं पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी जिंदगी की डोर हमारे हाथ में नहीं है इसलिए व्यक्ति विशेष को प्रतिदिन एक अच्छा कार्य अवश्य करना चाहिए। अच्छा कार्य वेदों को अपना आधार मानते हुए व्यक्ति को संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म यज्ञ अवश्य करना चाहिए। नित्य यज्ञ करने से जहां वातावरण शुद्ध होता है, वहीं घर में सुख शांति और समृद्धि आती है। कहा वर्तमान परिवेश में वेदों का प्रचार प्रसार जरूरी है सभी समस्याओं का समाधान वेदों में छिपा है, हमें अपने बच्चों को वेदों से जोड़ना चाहिए। जिस घर में वेदों की ऋचाओं का वचन होता है, वहां से नकारात्मकता दूर हो जाती है। इस दौरान मुख्य यजमान यशवंत सिंह, मनोहर लाल आर्य के द्वारा ईश भक्ति भजन प्रस्तुत किया।

मुख्य रूप से प्रधान नत्थू सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, अनिल जग्गा, हेतराम सागर, प्रो. अनिल रायपुरिया, नरेन्द्र कान्त गर्ग, मनोहर लाल आर्य, विनय त्यागी, यशवंत सिंह, डॉ. जगत सिंह, राजीव यादव, देवेन्द्र सिंह, पूरन लाल अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।



हवन में आहुतियां डालते लोग। ● अमृत विचार

# बाबा बजरंगी ने मस्ताना पहलवान को किया चित

संवाददाता, उझारी(अमरोहा)

**अमृत विचार** : हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स का आगाज हो गया है। उर्स में दाऊदिया दंगल में पहलवानों ने दांवपेंच दिखाएं और दर्शकों का मनोरंजन किया।

नगर पंचायत उझारी में दरगाह हजरत शेख दाऊद की दरगाह पर लगाने वाले सालाना उर्स का शुक्रवार रात मिलाद ए पाक से आगाज किया गया। उर्स में दाऊदिया दंगल में हरियाणा, पंजाब, नेपाल, नागालैंड, दिल्ली, संभल, अमरोहा, बागपत, शामली के पहलवान जौहर दिखा रहे हैं। दंगल के दूसरे दिन सुल्तान वारसी पहलवान देवा शरीफ ने कैल्शियम पहलवान लखीमपुर खीरी को, बाबा बजरंगी पहलवान ने मस्ताना पहलवान लखीमपुर खीरी को, मौसम अली पहलवान पंजाब ने गोल्ट पहलवान बुलंदशहर को, धमाका पहलवान नागालैंड ने सोनू पहलवान बुलंदशहर को, सुल्तान वारसी पहलवान देवा शरीफ ने टाइगर पहलवान मुजफ्फरनगर को पराजित कर अपनी विजय पताका लहराई। दर्शकों में भी तालियां बजाकर एवं नकद पुरस्कार देकर पहलवानों की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर मुख्य रूप से शादाब मंसूर, मोबीन अहमद, मोहम्मद कासिम, अदनान महल, कोकब इक्तेदार, वहाबुद्दीन, अलाउद्दीन सैफी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से उझारी चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।



दांव पेंच आजमाते पहलवान। ● अमृत विचार

● दंगल में कई प्रदेशों के पहलवाल कर रहे हैं जोरआजमाइश

### कुल में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

**उझारी, अमृत विचार** : नगर में चल रहे हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स में कुल शरीफ का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत कर मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। कुल शरीफ के बाद मुल्क के मशहूर कव्वाल डॉ. फहीम वारसी एवं आफताब वारसी ने कव्वाली का प्रोग्राम पेश किया। उर्स में दिन के समय विशाल दोंदिया दंगल आयोजित किया। 16 जून सोमवार की रात्रि को ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुल्क के नामचीन शायर हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर उर्फ हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, देवकी पाल, फहीमुद्दीन महल, चौधरी अदनान महल, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद आमिर, तबरेज आलम आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मियों पर किसान से वसूली का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार** : रहरा थाना क्षेत्र में दो पुलिसकर्मियों पर किसान से अवैध वसूली और मारपीट का आरोप लगा है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ग्राम बांसका खुर्द निवासी गुलनवाज ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र सौंपा है। गुलनवाज खेतों की जुताई का काम करता है।

उसने थाना रहरा में तैनात दो पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, 12 जून की शाम 6 बजे दोनों पुलिसकर्मी घर में घुस गए। उन्होंने खेतों की जुताई के बदले में पैसों की मांग की। जब गुलनवाज ने रुपये देने से मना किया, तो उन्होंने उसे पीटा। गुलनवाज ने बताया कि यह पूरी घटना उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की मांग की है। साथ ही दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# गंगा के किनारे लोगों ने किया योगाभ्यास

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

**अमृत विचार** : 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के आरंभ पर तिगरी में गंगा के किनारे योगाभ्यास किया। जिला प्रशासन, जिला गंगा समिति व आयुष विभाग तहत डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन, इंडियन योग एसोसिएशन व पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी के सहयोग से योगाभ्यास का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के मुख्य अतिथि विधानसभा धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने सहभागिता की। डीएम निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्रा, प्रभागीय वनाधिकारी एसपी सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नीतीश भारद्वाज ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया। मुख्य अतिथि ने गंगा घाट पर योगाभ्यास के विशेष लाभों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्राकृतिक वातावरण और शुद्ध वायु में योग करने से प्राणायाम और ध्यान के प्रभाव में अत्यधिक वृद्धि होती है। मां गंगा के तट की आध्यात्मिक ऊर्जा तन और मन को शांति प्रदान करती है। मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा ने प्रधानमंत्री का संदेश भी पढ़कर सुनाया।

डिस्ट्रिक्ट योगा एसोसिएशन के अध्यक्ष व पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय तिगरी के प्रधानाध्यापक डॉ.जोगेन्द्र सिंह, सचिव नौबहार सिंह आदि मौजूद रहे। डीएम निधि गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति को स्वस्थ व तनाव मुक्त रहने के लिए योग जरुर करना चाहिए। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा ने भी योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित किया।



योग करतीं डीएम निधि गुप्ता , विधायक राजीव तरारा व सीडीओ।

## एक नजर

### करंट की चपेट में आने से गोवंश पशु की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रविवार सुबह बारिश होने से पंचशील कॉलोनी की मुख्य सड़क पर जलभराव हो गया। तभी एक गोवंशीय पशु पहुंचा और विद्युत पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से पशु की मौत हो गई। कुछ देर बाद सड़क से पानी उतरने के बाद लोगों घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी गई। इसके बाद भी 4 घंटे पशु का शव सड़क पर पड़ा रहा। इसके बाद ग्राम पंचायत के कर्मचारियों ने मौके से पशु के शव हटाया और दूसरे स्थान पर जाकर जमीन में दबा दिया।

### योग का दिया प्रशिक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** झुन्नी लाल धर्मशाला के सामने 15 से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें योग प्रशिक्षिका अनीता आर्या ने लोगों को योगाभ्यास कराया। जिसमें अनेक प्रकार के आसनों का अभ्यास कराया। बताया गया कि योग करने से कई बीमारियों स्वत: ही समाप्त हो जाती है। इसलिए हमें सुबह को योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। योग से शरीर पूरी तरह से स्वस्थ रहता है। इस दौरान राजेंद्र सिंह सैनी, अभय सक्सेना, पूनम सक्सेना, सुरेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# संभल, बबराला सहित कई क्षेत्रों में हुई बारिश

## कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत, दो-तीन दिन अभी बारिश का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कहीं बारिश तो कहीं काले बादल छाने से मौसम हुआ सुहाना
- कई क्षेत्रों में सिर्फ छाये रहे काले बादल, चली ठंडी हवा



संभल में बारिश के दौरान भीगता स्कूटी सवार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संभल जिले में रविवार को मौसम का मिजाज बदला रहा। कहीं बारिश हुई तो लोगों ने बड़ी राहत महसूस की और कहीं आसमान में काले बादल छाए रहने के चलते सुकून महसूस किया गया।

शनिवार को भीषण गर्मी के कारण लोग बेहाल हो गए थे। पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इस बीच देर रात से मौसम का मिजाज बदलने लगा। रविवार को सुबह संभल जिले के कुछ क्षेत्रों में बारिश हुई तो कुछ में आसमान में काले बादल छाए रहने के बीच ठंडी हवा चली। संभल शहर में सुबह इंद्रदेव झूमकर बरसे। युवाओं और बच्चों ने बारिश में नहाकर आनंद लिया। बारिश होने से सड़कों पर जलभराव के नजारे भी दिखे। हालांकि बारिश रुक जाने पर कुछ देर में पानी का पता नहीं चला। हयातनगर और सरायतरीन में सिर्फ हल्की बूंदाबांदी हुई। आसमान में काले बादल छाए रहने के बीच ठंडी हवा चलती रही। बहजोई क्षेत्र में भी मौसम सुहाना रहा। बबराला क्षेत्र में झमाझम बरसात हुई। रजपुरा क्षेत्र में भी बारिश होने से लोगों ने राहत महसूस की। असमोली क्षेत्र में मौसम सुहाना रहा। वहीं जिले में मौसम का मिजाज बदलने से दिनभर दूसरे दिनों की तरह गर्मी का माहौल नहीं रहा।

**तेज हवा के साथ बारिश व ओलावृष्टि की आशंका : संभल/बहजोई :** संभल के साथ ही मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बदायूं, बरेली और बुलंदशहर जिलों में 16 से 17 जून भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। वर्षा, झोंकेदार तेज हवा व कहीं-कहीं ओलावृष्टि की आशंका मौसम विभाग ने जताई है। जिसके आधार पर इन जिलों में येलो व आरेंज अलर्ट की संभावनाएं बन रही है।

16 जून को इन जिलों में वर्षा और तेज हवाओं की फिर चेतावनी दी है। 17 जून को संभल, बदायूं, बरेली और रामपुर में अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा और तेज हवा चलने की आशंका से संभावित रूप से आरेंज अलर्ट की स्थिति बन सकती है। जिले के आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. अच्युत यादव ने बताया कि खतरनाक भवनों, कच्चे मकानों, पेड़ों और बिजली उपकरणों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। आमजन को खुले स्थानों में रहने या यात्रा से बचने की सलाह दी है। जैसे तेज हवा के दौरान फसलों में सिंचाई या कीटनाशक छिड़काव न करें। ओलावृष्टि से फसल का 15 प्रतिशत से अधिक नुकसान हो तो खरीफ की बुवाई की तैयारी करें। प्रशासन ने आपात स्थितियों को देखते हुए स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि और राहत टीमें सतर्क कर दी हैं।

### आंधी में छत पर पेड़ गिरने से किसान की मौत

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मल्लाह मुस्तफाबाद में रविवार सुबह 5 बजे बारिश के दौरान तेज आंधी में पिलखन के पेड़ की टहनी छत की चाहरदीवारी पर गिर गई। जिससे चाहरदीवारी भी धराशायी हो गई। चाहरदीवारी का मलबा चारपाई पर बैठे विजयपाल यादव (55 वर्ष) पुत्र शौकाली यादव के ऊपर गिरा तो उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तेज आवाज होने पर परिजन दौड़कर पहुंचे। विजयपाल यादव को मलबा हटाकर निकाला। परिजनों ने लेखपाल को घटना की सूचना दी लेकिन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। दोपहर में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



किसान की मौत के बाद बिलखती महिलाएं।

### हल्की बारिश में टूटी नाली और पुलिया, भड़के ग्रामीण

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा के गांव निबौरा से रुदायन को जाने वाले मार्ग पर हल्की बरसात से नाली और पुलिया टूट गई। जिस पर भड़के ग्रामीणों ने घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाकर ठेकेदार और जेई के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने अधिकारियों से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान वीरेश यादव, मुनेश यादव, हरिशंकर, प्रेम शंकर, आकाश कुमार, सुरेश सिंह, अमरपाल, नरेश पाल, विजयराम, हप्पू सिंह, विशनपाल, अंकुश यादव, भूपेंद्र सिंह, प्रेमवीर सिंह यादव मोहित कुमार, सूरजपाल, मोरध्वज आदि रहे।

# सशक्त और सुरक्षित भारत बना रही है केंद्र सरकार



संभल में भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने बताई सरकार की उपलब्धियां

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की ओर से आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में मुख्य अतिथि विनोद कुमार बिन्नी और विरलेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार सशक्त भारत, सुरक्षित भारत करने का काम कर रही है। आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ संकल्प के साथ भाजपा सरकार काम कर रही है।

मुरादाबाद मार्ग पर एकता विहार कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर हुए प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि केंद्र सरकार ने संपूर्ण विकास करने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता की नीतियों ने वैश्विक मंच पर भारत को गौरवशाली स्थान दिलाने का प्रयास किया है। रक्षा क्षेत्र, एयर डिफेंस सिस्टम, आकाश मिसाइल, स्वदेशी हथियारों के निर्माण, ऑपरेशन सिंदूर करके पूरे विश्व में भारत को प्रधानमंत्री ने ख्याति दिलाई है। इस दौरान उमेश शर्मा, अजय शर्मा, संजय संख्याधर, मुकुल रस्तोगी, विपिन गुप्ता, दिनेश कुमार जाटव, सौरभ गुप्ता, अर्जुन वाल्मीकि, हर्षित शर्मा, अक्षित अग्रवाल, वैभव गुप्ता, राजेंद्र पाल, अरविंद प्रजापति, परमानंद सिंह, भीकम सिंह, त्रिलोकी सिंह, अर्पित सक्सेना आदि रहे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कशिश कौशल ने तथा संचालन शोभित गुप्ता ने किया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुरादाबाद
पता :-विकास भवन, कॉठ रोड, मुरादाबाद।
### ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (द्वितीय बार)

पत्रांक- 354 / ग्रा0अ0वि0 / निविदा पत्राली / पत्रावली सं0.. / अनु0सहायक / 2025-26 / दिनांक 10.06.2025

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-मुरादाबाद के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी, सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई-टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर धनराशि प्राप्त होने की प्रत्याशा में नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। *बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।* निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | जिला कृषि रक्षा अधिकारी, मुरादाबाद के कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार कार्य। | 19.10 | 0.390 | 854.00 | 06 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 18.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः-18.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि / समय 18.06.2025 को प्रातः 10.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय 02.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.07..2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।
7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा।
8. निविदा ऑन-लाइन वैब साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
9. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड समिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली-भांति पढ ले।

(रामपाल)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-मुरादाबाद।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UP - 234941 **दिनांक:** 12/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**


# बदायूं में मार्निंग वॉक पर निकले एमकॉम छात्र की गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास हुई वारदात
- पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित

**अमृत विचार :** मार्निंग वॉक पर निकले एमकॉम के छात्र की रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर हत्यारोपी फरार हो गया। परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जिला अस्पताल में हंगामा किया। परिजनों को समझाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी कर्तव्य पटेल (22) एमकॉम कर रहे थे। वह मोहल्ला शिवपुरम में रहते थे। उनके भाई हिमांशु पटेल ने बताया कि कर्तव्य पटेल रविवार सुबह 4 बजे साथी उत्कर्ष मिश्रा, काका यादव और अजय पटेल उर्फ बाबा के साथ मार्निंग वॉक के लिए निकले थे। इस दौरान बाइक सवार शौर्य ठाकुर आया और डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास तीन राउंड फायर किए। कर्तव्य पटेल की पीठ में गोली लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर गए। हमलावर के भागने के बाद दोनों साथियों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन कर्तव्य को बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव दोबारा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और हंगामा करने लगे। सदर कोतवाल के समझाने पर परिजन माने और शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज तलाश शुरू कर दी है।सीओ सिटी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि बदरपुर निवासी हिमांशु की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# दरगाह शिफ्ट करने को लगाए जैक

कार्यालय संवाददाता, संभल

- प्रशासन के कहने पर मस्जिद कमेटी ने दरगाह शिफ्ट करने को मांगा था समय
- रुड़की के ठेकेदार ने दरगाह के एक हिस्से में लगाए जैक, तीन हिस्सों में यह कार्य बाकी

**अमृत विचार :** संभल-बहजोई मार्ग पर हयातनगर थाने से आगे अतिक्रमण की जद में आई दरगाह को शिफ्ट करने के लिए जैक लगा दिए गए हैं। यह दरगाह करीब 30 फिट पीछे शिफ्ट की जानी है। रुड़की के ठेकेदार द्वारा काम कराया जा रहा है।

हयातनगर थाना क्षेत्र से आगे प्राचीन धर्म कूप मंदिर और उसके सामने स्थित मस्जिद का जो हिस्सा अतिक्रमण की जद में आया था वह तुड़वा दिया गया था लेकिन दरगाह को शिफ्ट किए जाने की बात थी। दरगाह को करीब 30 फिट पीछे शिफ्ट किया जाना है। जिसमें करीब 20 लाख रुपये खर्च आने का अनुमान है। मस्जिद कमेटी के लोगों ने इस कार्य के लिए रुड़की के ठेकेदार से बात की है। ठेकेदार ने दरगाह को शिफ्ट किए जाने का काम शुरू करा दिया है। रविवार को दरगाह को शिफ्ट करने के लिए जैक लगा दिए गए।



संभल में दरगाह की बुनियाद के ऊपर लगाए गए जैक। ● अमृत विचार

मस्जिद कमेटी के कारी अब्दुल नासिर ने बताया कि दरगाह को शिफ्ट करने के लिए एक तरफ से जैक लगाए गए हैं। चारों तरफ जैक लगने के बाद अगली प्रक्रिया होगी। दरगाह को शिफ्ट करने का काम पूर्ण होने में करीब 20 लाख रुपये खर्च आएगा। बारिश नहीं होने पर ठेकेदार ने एक महीने में कार्य पूर्ण होने की बात कही है। बताते चलें कि दरगाह को शिफ्ट करने के लिए चंदा करके धन एकत्र किया जा रहा है।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### संभल हिंसा में शामिल एक और आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** संभल में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा में शामिल एक और आरोपी को कोतवाली संभल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संभल हिंसा में पुलिस अब तक तीन हत्यारोपी, तीन महिलाओं व जामा मस्जिद सदर सहित कुल 90 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। 24 नवंबर को जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले में अदालत के आदेश पर विवादित धर्मस्थल के सर्वे के दौरान संभल में हिंसा हुई थी। उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव व फायरिंग करने के साथ ही वाहनों व अन्य सरकारी संपत्ति को भी आग के हवाले कर दिया था। कोतवाली सदर के कोतवाल गजेंद्र सिंह ने बताया कि हिंसा मामले में अब्दुल समद पुत्र महबूब उर्फ भूरा निवासी कोट गर्वी को गिरफ्तार किया। अब्दुल समद 24 नवंबर को पथराव की घटना में शामिल था। वीडियो से पहचान के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है।

## सार-संक्षेप



### नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से माल गोदाम परिसर स्थित शिव मंदिर में संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्रयागराज उपाध्याय ने सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, मुकेश आचार्य, डॉ. वाईपी जोशी, अजय सक्सेना, अनीता जोशी, ऋचा जोशी, डॉ. हरविंदर सिंह, गिरिराज सिंह, श्याम यादव ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो, राजेश शंखधार ने मैंने सुंदर कांड कराया है, मेरा हनुमान घर आया है आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान जीके पाठक, राजीव शर्मा, आलोक दुबे, कल्पना वार्ष्णेय, बृजेश वार्ष्णेय, राकेश चौबे, संजीव शर्मा, अशोक पाठक, सच्चिदांनद शर्मा, मनोज शर्मा, सुमित पाराशरी आदि मौजूद रहे।

### बिजली गिरने से एक महिला समेत दो की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** जिले में पशुओं के लिए खेत से चारा लाने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जनपद बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र के गांव मुकरपुरी निवासी सविता देवी (41) पत्नी स्व. राहुल गांव के बाहर अपने खेत से चारा लेने गई थी। रविवार सुबह 6 बजे तेज बिजली कड़की और बारिश शुरू हो गयी। कुछ ही देर में महिला के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गयी जिससे वह झुलस गई। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने महिला को धामपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। 8 वर्ष पूर्व महिला के पति की बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। महिला के चार बच्चे हैं। जबकि नूरपुर के गांव नंगली जाजू निवासी 58 वर्षीय किसान नन्दू पुत्र बल्देव सिंह रविवार सुबह खेत पर काम करने गया था, हल चलाते हुए उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने हादसे की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर क्षेत्रीय सपा विधायक रामअवतार सैनी व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नसीम प्रधान ने मृतक के गांव पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाते हुए परिजनों को सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

### बारिश में नहाते समय नाले में बह गई बच्ची

**बिजनौर, अमृत विचार :** किरतपुर में मोहल्ला लुकमानपुरा निवासी नासिर की 9 वर्षीया पुत्री सुब्हाना तेज बारिश में नहाते समय नाले में गिर गई और पानी के तेज बहाव में बह गई। बारिश में नहा रहे अन्य बच्चों ने बहते पानी से उसे बचाने का प्रयास किया। परंतु पानी के तेज बहाव के कारण बालिका पानी में बह गई। हादसे की जानकारी कई मौके पर पहुंचे और उसकी तलाश की, लेकिन उसका दूर तक भी कोई अता पता नहीं चला। इसके बाद चेयरमैन अब्दुल मननान नगर पालिका कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और नाले में बालिका को तलाश किया। 4 घंटे बीतने के बाद भी बालिका का नाले में कोई पता नहीं चल सका।


Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। कक्षा 6 से 8 तक के दो हजार बच्चों को निशुल्क शिक्षा संग आवासीय शिक्षा का मौका मिलेगा। अगले वर्ष से कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। गरीब मेधावी बच्चों को निशुल्क आवासीय शिक्षा देने तहत इस वर्ष से प्रदेश के विभिन्न जिलों में नौ नये सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलीभीत, मनकापुर (गोंडा), सरवनखेड़ा (कानपुर देहात), अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकर नगर, मैनपुरी शामिल हैं। उप निदेशक जे राम ने बताया कि अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि अभी तक 58 जिलों में 100 स्कूल संचालित थे। अब 62 जिलों में 109 विद्यालय संचालित होंगे।

### निजीकरण के विरोध में आज होगा मौन प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 16 जून को राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने मौन विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, मनमाने स्थानांतरण के विरोध में प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन भी होगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने रविवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 13 जून को आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों के बीच सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के साथ गुपचुप लंबी बैठक की गई। इस बैठक में सलाहकार कंपनी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट आयोग के सामने प्रस्तुत किए। समिति ने आरोप लगाया कि आयोग के अधिकारी कॉरपोरेशन के पक्ष में कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने इस पर एतराज व्यक्त करते हुए कहा कि निजीकरण के लिए सलाहकार कंपनी की नियुक्ति पूरी तरह अवैध है। यह जानकारी विद्युत नियामक आयोग को थी, इसके बाद भी उन्होंने इस सलाहकार कंपनी को प्रस्तुतीकरण करने दिया।

# नक्सलवाद पर जीरो टॉलरेंस : शाह

- अगले वर्ष 31 मार्च तक देश को नक्सलवाद मुक्त करने का गृह मंत्री ने किया एलान
- यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का किया आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें अमृत काल में सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस सख्त नीति है। 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा।

रविवार को 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरण कार्यक्रम में गृह मंत्री ने कहा कि यूपी पुलिस का डर गुंडों और माफियाओं पर सख्त होना चाहिए, लेकिन गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए पुलिस को मसीहा के रूप में दिखना चाहिए। कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस अधिकारी सहित सभी 75 जनपदों के यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे 60,244 नवनियुक्त आरक्षी मौजूद रहे।



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते गृह मंत्री।

# पैसे और सिफारिश से अब नहीं मिलती नौकरी

- भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं : योगी
- 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है।

योगी ने रविवार को 60,244 नव-नियुक्त पुलिसकर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि यह देश के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल में अब तक का सबसे बड़ा नियुक्ति कार्यक्रम है।

यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं हैं। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं।

यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है।



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

# 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के तबादले

## परिवहन विभाग में फेरबदल, संदीप कुमार पंकज बने मुरादाबाद के नए आरटीओ (प्रवर्तन)

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में परिवहन विभाग में 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के स्थानांतरण किए गए हैं। झांसी में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) प्रभात पांडेय लखनऊ के नए आरटीओ (प्रवर्तन) होंगे। जबकि लखनऊ में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज को अब मुरादाबाद का आरटीओ (प्रवर्तन) बनाया गया है।

फेरबदल के इसी क्रम में, परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर तैनात आरटीओ अनीता सिंह को मेरठ का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ में तैनात आरटीओ प्रशासन हिमेश तिवारी को प्रयागराज का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। राजेश कुमार वर्मा को मिर्जापुर से हटकर झांसी का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। बस्ती में तैनात आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ला को मिर्जापुर का आरटीओ प्रवर्तन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, बरेली में तैनात आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार को मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण का प्रभार सौंपा गया है। मुरादाबाद में तैनात आरटीओ प्रणव झा अब बरेली के आरटीओ प्रवर्तन होंगे। हाल में प्रमोट हुए संभागीय परिवहन अधिकारी, संप्रति सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थ नगर, सुरेश कुमार मौर्य को बस्ती का संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बनाया गया है।

प्रयागराज में आरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात राजेश कुमार मौर्य अब गोंडा के नए आरटीओ प्रशासन होंगे। गोंडा में तैनात आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव को (नगर परिवहन/नियोजन/जल परिवहन), मुख्यालय और अतिरिक्त प्रभार उपनिदेशक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना (परिवहन) बनाया गया है।

### राजीव बंसल बने लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल

**अमृत विचार :** तबादलों के इस क्रम में प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अलका शुक्ला को सुल्तानपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ परिक्षेत्र में तैनात एआरटीओ टेक्निकल अमिताभ चतुर्वेदी को संभल का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्त को सुल्तानपुर एआरटीओ का जिम्मा दिया गया है।

लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल राजीव कुमार बंसल बने हैं जो पहले बुलंदशहर में तैनात थे। सुल्तानपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार को गौतम बुद्ध नगर का एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल बनाया गया है। वाराणसी में तैनात एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को सीतापुर का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सोनभद्र में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल धनवीर यादव अब एआरटीओ प्रशासन गाजीपुर की जिम्मेदारी संभालेंगे।

रायबरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह को गाजियाबाद का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। आगरा में तैनात एआरटीओ प्रशासन नानक चंद्र शर्मा को औरैया का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। शाहजहांपुर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल शांति भूषण पांडेय को लखीमपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल कानपुर नगर में तैनात अंबुज को एआरटीओ प्रवर्तन रायबरेली बनाया गया है। सीतापुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई को बस्ती का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हरदोई में तैनात एआरटीओ प्रशासन संजीव कुमार सिंह को उन्नाव का एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रथम दल बनाया गया है।

संभल में तैनात एआरटीओ प्रशासन प्रवेश कुमार सरोज को बरेली का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सहारनपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन महेंद्र बाबू को अमेठी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। बरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल संदीप कुमार जायसवाल को सहारनपुर का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। मथुरा में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल मनोज प्रसाद वर्मा को वाराणसी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बरेली में तैनात एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह को महाराजगंज का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हमीरपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन राम प्रकाश सिंह को चित्रकूट का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। उन्नाव में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल अरविंद कुमार सिंह को हरदोई का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बहराइच में तैनात एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार को प्रयागराज का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। गौतम बुद्ध नगर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल विपिन चौधरी को ललितपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। चित्रकूट में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला को मुख्यालय में सहायता अधिकारी बनाया गया है।

# केजीएमयू कुलपति व चार डॉक्टरों पर रिपोर्ट दर्ज

- हरदोई के रतनपुर आंझी निवासी पीड़ित ने की थी फर्जीवाड़े की शिकायत, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई हुई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू की कुलपति और क्वीन मैरी की चार महिला डॉक्टरों पर खिलाफ जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौक पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर किया। आरोप है कि क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी महिला की प्रसव के दौरान ही नसबंदी कर दी गई। इसके लिए परिवार की सहमति नहीं ली गई। मामला खराब हुआ तो फर्जी सहमति पत्र तैयार कर दिखा दिया। पीड़ित दंपति को धमकी भी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी हेमवती नंदन के मुताबिक, उन्होंने अपनी पत्नी उमा मिश्रा को 4 अक्टूबर 2022 को प्रसव के लिए किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया था। उनका इलाज डॉ. अमिता पांडेय, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. निदा खान और डॉ. शिवानी ने शुरू किया। 5 अक्टूबर को आपरेशन कर प्रसव कराया गया। पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के साथ ही बच्चे की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उसे वेंटीलेटर मशीन पर रखा गया। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

**डिलीवरी आपरेशन में कर दी नसबंदी :** हेमवती नंदन के मुताबिक, अभी वह और उसकी पत्नी को बेटे की मौत के आंसू भी नहीं सूखे थे कि इसी बीच एक और झटका लगा। पता चला कि डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान ही डॉक्टरों ने बिना परिवार की सहमति से नसबंदी कर दी। हेमवती के मुताबिक उसकी पत्नी से आपरेशन के समय सहमति मांगी गई। जिसे उसकी पत्नी उमा ने साफ मना कर दिया। इसका जिक्र डॉक्टरों के पर्चे पर दर्ज है। पत्नी बेसुध पड़ी थी। वहीं बेटा भी वेंटीलेटर पर था। इसी बीच बताया गया कि पत्नी की नसबंदी कर दी गई है। इसका विरोध किया तो डॉक्टरों ने पत्नी के टांके नहीं लगाने की धमकी दी। जब डॉक्टरों ने उसे पर्चा उपलब्ध कराया तो उसमें फर्जी हस्ताक्षर बनाए गये थे।

### अवसाद में चली गई पत्नी

हेमवती ने बताया कि डॉक्टरों की इस फर्जीवाड़े और मनमाने कृत्य से पत्नी सदमे में चली गई। इस संबंध में डॉक्टरों से कहा कि पहला बेटा हुआ था उसकी भी मौत हो गई। बिना सहमति के नसबंदी कर दिया। इस डॉक्टरों ने चुप्पी साध ली। आनन-फानन 10 अक्टूबर 2022 को पत्नी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हेमवती ने इस संबंध में चौक थाने की मेडिकल कॉलेज चौकी में शिकायत की। इसके बाद चौक थाने, पुलिस कमिश्नर और मुख्यमंत्री आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो वर्ष तक एफआईआर कराने के लिए इधर-उधर भागता रहा। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश के बाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को दिखाई हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गाजियाबाद

**अमृत विचार :** पांच वर्षों के बाद उप्र. से कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा की शुरुआत हुई है। पहली बार उप्र. के कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा में मुख्यमंत्री योगी द्वारा एक लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने की सुविधा शुरू की गयी है।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से रविवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर 39 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया गया। इस जत्थे में दो लाइजनिंग अधिकारी भी शामिल हैं। पहले दल में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, किंतु कुछ स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके।

मंत्री जयवीर सिंह ने इसे गौरव का क्षण बताया। इस मौके पर सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एमडी सान्या छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे।


गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद व अन्य।

### यात्रियों को मिलेगा बाबा विश्वनाथ के दर्शन का लाभ

अमृत विचार : कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों के लिए उप्र. सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा एक विशेष घोषणा की गई है। मंदिर न्यास के सीईओ एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रियों को वापस आने के बाद एक साल तक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन हेतु तीर्थयात्रियों व उनके चार परिजनों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके लिए उन्हें यात्रा से लौटने पर एक विशेष रुद्राक्ष माला और क्यूआर कोड युक्त कार्ड भेंट किया जाएगा। यह कार्ड एक वर्ष तक वैध रहेगा और क्यूआर कोड से उन्हें सुविधा मिलेगी। हालांकि, विशेष पर्वों से महाशिवरात्रि, सावन सोमवार, रंगभरी एकादशी आदि पर यह सुविधा मान्य नहीं होगी।

### विशेष शैव आराधना का हुआ वाचन

कैलाश यात्रा की रवानगी के मौके पर विशेष शैव आराधना का वाचन हुआ, डमरू, मृदंग, तुरही, ढोलक आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने अपनी गूंज से वातावरण को शिवमय बना दिया। यात्रियों और जनप्रतिनिधियों ने "हर हर महादेव" के जयघोष के साथ यात्रियों में ऊर्जा का संचार कर दिया।

# चिकित्सा शिक्षा विभाग ने किए ऑन डिमांड तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्थानांतरण नीति 2025 के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग में कर्मियों की मांग पर तबादले किए गए हैं। उक्त क्रम में ही विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत सात सीनियर नर्सिंग अधिकारी, इतने ही नर्सिंग अधिकारी और दो टेक्नीशियनों को प्राथमिकता अनुरूप मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर निदेशक आलोक कुमार द्वारा शनिवार देर रात स्थानांतरण के तीन संवर्ग की तीन सूची जारी कर दी गयी हैं। पहली सूची में सीनियर नर्सिंग अधिकारियों में सुनीता पटले को बांदा मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज स्थानांतरित किया है, इसी प्रकार राजपुतानी को जालौन से कानुपर, राधा को मेरठ से आगरा, प्रिया शुक्ला को बांदा से कानपुर, आराधना सिंह गौतम को जालौन से कानपुर , मधुबाला वर्मा को आजमगढ़ से प्रयागराज और जसविंदर कौर को कन्नौज मेडिकल कॉलेज से कानपुर मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित किया गया है। दूसरी सूची में नर्सिंग अधिकारियों में श्रुत्रि और सोनिया को सहारनपुर मेडिकल कॉलेज से हृदय रोग संस्थान कानपुर, गोरखपुर से नवीन चंद्र पाण्डेय को आजमगढ़, सोनिया सिंह को झांसी से आगरा, प्रीति भारती को मेरठ से गोरखपुर, मोहिनी प्रियदर्शिनी को सहारनपुर से मेरठ और कृष्ण कुमार एस को मेडिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज कानपुर से मेडिकल कॉलेज मेरठ में तबादला किया गया है। इसके अलावा तीसरी सूची में झांसी मेडिकल कॉलेज के लैब टेक्नीशियन मनीष वर्मा को आजमगढ़ और कृष्णार्जुन मिश्र को मेडिकल कॉलेज जालौन से गोरखपुर भेज दिया गया है।

# फ्रूट वाइन भी बनेगी मलिहाबाद की पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** विविध किस्म के आम उत्पादन के लिए दुनियाभर में मशहूर मलिहाबाद क्षेत्र फ्रूट वाइन (फलों की शराब) के लिए भी खास पहचान बनाने जा रहा है। रविवार को आबकारी मंत्री और मुख्य सचिव ने मलिहाबाद क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की पहली वायनरी एम्ब्रोसिया नेचर लिविंग एलएलपी की शुरुआत की। इस वायनरी में फलों से जो शराब निर्मित होगी, उसे आबकारी विभाग पांच वर्ष तक देगा एक्साइज ड्यूटी में पूरी छूट देगा।

इस मौके पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वायनरी के संस्थापक कुंवर माधवेंद्र देव सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश में फल उत्पादन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने इस परियोजना को प्रदेश के विकास की दिशा में एक अभिनव प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल किसानों की आय को दोगुना करने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। मुख्य सचिव ने वायनरी के प्रशासनिक विंग का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने यूनिट का निरीक्षण किया।

## वर्ग पहेली- 3

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।




### वर्ग पहेली -2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | | 2 खु | द | ना |
| र | | | 3 एं | | | |
| मौ | | | पा | | 4 कु | |
| र | | 5 पा | य | जा | मा | |
| | 6 झा | ल | र | | र | |
| 7 सा | | की | | | | 8 सु |
| ज़ | | | 9 र | वा | दा | र |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी-15 .31 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 17 जून 13 .13 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** – आज आपका मन शांत रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। राजनीति और कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरी में आपकी आय बढ़ सकती है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** – आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापारिक सहयोगियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लोग आपसे सलाह लेने के लिए आ सकते हैं। व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमान्टिक रहेगी। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन** – आज परिवार का वातावरण उत्तम रहेगा। नए व्यापारिक समझौते हो सकते हैं। आपकी समझदारी से बड़ा आर्थिक नुकसान टल सकता है। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**कर्क** – आज आपके रचनात्मक कार्यों और विचारों को मित्रों का समर्थन मिल सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। गर्भवती स्त्रियों को यात्रा से बचना चाहिए।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में सारा माहौल आपके ही पक्ष में रहेगा। विदेश से नौकरी के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। अपने प्रयासों में कमी न रखें। धार्मिक आयोजनों में विशेष रुचि लेंगे। गठिया का दर्द उभर सकता है। इसीलिए खानपान और दिनचर्या में लापरवाही न करें।

**कन्या** – आज अधिकारियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। विद्यार्थियों को स्वाध्याय करना चाहिए। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए।

**तुला** – आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक** – आज भाइयों के साथ संबंध मधुर रखें। प्रतियोगी परीक्षा में अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सकता है। लव लाइफ में भाग्य का लाभ मिलेगा। यदि कारोबार में विस्तार करना चाहते हैं तो आपको नया लोन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** – आज परिवार और धन को लेकर समस्या दूर होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। छोटे बच्चों को लेकर प्रसन्न रहेंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। उच्च पदासीन लोगों से आपके संबंध सुधरेंगे।

**मकर** – आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। व्यवहारिक होकर निर्णय लेना आपके हित में होगा। परिजनों के लिए आप उपहार खरीद सकते हैं। जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपके ज्ञान और प्रतिभा की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंध मधुर बने रहेंगे।

**कुंभ** – आज व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होंगे। बेरोजगार जातकों को नौकरी मिल सकती है। आप विविध व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**मीन** – आज आपके बढ़ रहे खर्चों में अचानक कमी आयेगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। युगल जोड़े फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। प्रणय संबंधों के दिन समय बहुत ही अच्छा है। मेहनत के दम पर स्वयं को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा।

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | | | 8 | | 5 | |
| | 8 | | 4 | 6 | | | 7 | |
| 6 | | 4 | | | 2 | | 3 | |
| | 6 | | | 1 | 5 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 8 | | |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | 2 |
| | 3 | | | 8 | 9 | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | | 3 | | 1 |

### सुडोकू - 9 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 |

## एक नजर

### दिल्ली में 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर गिरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के तेज हवा और बारिश के कारण 100 फुट ऊंचा एक मोबाइल टावर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। सफदरजंग एन्क्लेव के बी-2 ब्लॉक के निवासियों के अनुसार, यह घटना तड़के करीब चार बजे उस समय हुई जब तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

### आरए चंद्रशेखर कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरए चंद्रशेखर को कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में यह जानकारी दी गई। केरल कैडर के 1991 बैच के आईपीएस शेखर वर्तमान में आसूचना ब्यूरो में विशेष निदेशक हैं। नियुक्ति समिति ने 1 अगस्त 2025 को या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से कैबिनेट सचिवालय में शेखर की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

### कुनो राष्ट्रीय उद्यान के पांच चीते मुरैना पहुंचे, दहशत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को सड़क पार करते हुए पांच चीतों को देखा गया। इन चीतों को अफ्रीकी चीतों के घर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 50 किलोमीटर दूर जौरा क्षेत्र में पगारा बांध को पार करते देखा गया। इन चीतों को सुबह खुले में देखकर स्थानीय लोग घबरा गए।

### महिला और उसकी नाबालिग बेटी नदी में डूबी

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में रविवार को विश्वगंगा नदी में 20 वर्षीय महिला और उसकी तीन वर्षीय बेटी डूब गईं। यह घटना तब घटी जब पूनम बेटी के साथ नंदुरा तालुका में नदी के तट पर स्थित निम्बादेवी मंदिर में दर्शन करने गई थीं।

# तदर्थ न्यायाधीश नहीं चाहते हाईकोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बावजूद पांच महीनों में एक भी नाम की सिफारिश नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- 18 लाख लंबित आपराधिक मामले निपटाने के लिए दी गई थी अनुमति

उच्चतम न्यायालय द्वारा लगभग पांच महीने पहले मंजूरी दिए जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालय लंबित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के पास उपलब्ध ब्योरे से यह जाहिर हो रहा है।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से वाकिफ लोगों के मुताबिक, अभी तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश नहीं की है। देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, लेकिन 11 जून तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।

उच्चतम न्यायालय ने 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामलों के लंबित रहने को देखते हुए 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की इजाजत दे दी थी, बशर्ते इनकी संख्या अदालत के लिए स्वीकृत कुल न्यायाधीशों के पदों के 10 फीसदी से ज्यादा न हो।

संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की इजाजत देता है। तय प्रक्रिया के मुताबिक, संबंधित उच्च न्यायालय का कॉलेजियम उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें कानून मंत्रालय के न्याय विभाग को भेजता है। इसके बाद न्याय विभाग उम्मीदवारों की जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को भेजता है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय का कॉलेजियम अंतिम फैसला लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।

### शर्तों में भी ढील दे चुका है उच्चतम न्यायालय

तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल 2021 को दिए गए फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि बाद में विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा। पूर्व सीजेआई एसए बोबडे लिखित फैसले में लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल की अवधि के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इसके बाद भी देश भर में किसी भी उच्च न्यायालय ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

## बीएसएफ के जवान ने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक शिविर में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी।

घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात करीब 10:30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों जवान बीएसएफ की एक इकाई में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

# वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद नियमों में दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा अनुसंधान संगठन काफी समय से केंद्र सरकार से कर रहे थे मांग

अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा जीईएम पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी खरीददारी करने की अनुमति दे दी है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है।

# म्यांमार के आठ नागरिकों को दो साल की सजा

ठाणे, एजेंसी

- ठाणे में अवैध रूप से रहते हुए किया गया था गिरफ्तार, सजा के बाद निर्वासित करने का आदेश

महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रह रहे म्यांमा के आठ नागरिकों को दो साल के कारावास की सजा सुनाई और यह अवधि पूरी होने के बाद उन्हें देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जी टी पवार ने 10 जून को सुनाए गए फैसले में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा जारी किए गए शरणार्थी कार्ड भारत में रहने के लिए वैध नहीं माने जा सकते क्योंकि भारत ने 1951 की शरणार्थी संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। अदालत ने आठों लोगों को विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 के तहत दोषी करार दिया और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अन्य आरोपी रियाज अहमद अकबर अली शेख, जो भारतीय नागरिक है को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। उसपर इन लोगों की मदद करने का आरोप था।

मामले के अनुसार ठाणे जिले के उत्तन सागरी पुलिस ने 26 फरवरी 2024 को गुप्त सूचना के आधार पर चौकगांव जेट्टी पर छापा मारा, जहां से म्यांमा के आठ नागरिकों को पकड़ा गया था। न्यायाधीश ने फैसले में कहा, हालांकि, आरोपी संख्या एक से आठ के पास यूएनएचसीआर कार्ड हैं, लेकिन भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी समझौता, 1951 और उसके 1967 प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है। ऐसे में निष्कर्ष है कि ये सभी आरोपी विदेशी हैं और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश कर यहां रह रहे हैं।

## काली उत्सव



केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदानिलम में काली उत्सव में भाग लेते लोग। मलयालम महीने मिथुनम के पहले दो दिनों में यह उत्सव कायमकुलम की लड़ाई की स्मृति में मनाया जाता है। एजेंसी

### कंतारा-1 की शूटिंग के दौरान नाव पलटी, ऋषभ शेट्टी समेत 30 लोग बाल-बाल बचे

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कन्नड़ फिल्म कंतारा : चैप्टर 1 की शूटिंग के दौरान एक नाव जलाशय में पलट गई। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 अन्य लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई। यह दुर्घटना जलाशय के उथले क्षेत्र में हुई, जिससे संभावित त्रासदी टल गई। माना जा रहा है कि कैमरे और अन्य शूटिंग उपकरण पानी में डूब गए हैं। नुकसान का आकलन किया जाना अभी बाकी है।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से आठ की मौत

मुंबई, एजेंसी

- राज्य के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट, कई और जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। एसडीआरएफ की रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे में सुबह 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस घायल हुए हैं। मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, इनमें अधिकतर मौत बिजली गिरने के कारण हुईं।

### दक्षिण कन्नड़ में रेड अलर्ट, परिवार हटाए गए

**मंगलुरु।** तटीय कर्नाटक में लगातार भारी बारिश और रेड अलर्ट को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों को हटने और सभी नियंत्रण कक्षों एवं मंगलुरु सिटी कॉरपोरेशन को 24 घंटे काम करने का निर्देश दिया है। तहसीलदारों को उच्च सतर्कता बनाए रखने और जीवन रक्षा के लिए बचाव उपकरणों की बहाली तय करने का निर्देश दिया है।

## कोविड 19: देश में 10 और लोगों की मौत मगर सक्रिय मामले घटे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना से मौतों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है।



पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आई, हालांकि केरल में कुल मामले सर्वाधिक 2007 है।

# पहलगाम में पटरी पर लौट रहा पर्यटन

पहलगाम, एजेंसी

- छंटने लगा आतंकी हमले का साया पर्यटकों के प्रति और ज्यादा मित्रवत हुए स्थानीय कारोबारी

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के करीब दो महीने बाद पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। ईद की छुट्टियों के बाद स्थानीय लोगों और पंजाब से कुछ लोगों ने चरवाहों की घाटी में आना शुरू कर दिया है। ईद के तीसरे दिन घाटी के अन्य भागों से बड़ी संख्या में कश्मीरी पहलगाम पहुंचे, जिससे यहां पर्यटन व्यापार से जुड़े लोग काफी खुशी हैं।

यह पर्यटन स्थल श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर है। श्रीनगर के एक युवा नबील भट ने बताया, हम हर साल पहलगाम जाते रहे हैं, भले ही वहां पर्यटकों की भीड़ हो या नहीं। इस साल भी कुछ अलग नहीं था। हालांकि, इस बार हमारा ज्यादा सत्कार किया गया। यहां से छह किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन थम गया था।

श्रीनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी अलीना जान ने कहा, इस बार सेवा प्रदाता स्थानीय लोगों के प्रति अधिक मित्रवत हैं, पिछले वर्षों में ऐसा नहीं था, जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते थे। अधिकांश स्थानीय पर्यटक इस बात से खुश हैं कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम में पार्क खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे इस स्थान पर अधिक लोग आकर्षित होंगे।

एक 'टूरिस्ट हट' के मालिक मोहम्मद इशाक ने कहा, मौखिक प्रचार से बेहतर कुछ नहीं है, कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग ईद के तुरंत बाद आना शुरू हो गए थे, लेकिन संख्या ज्यादा नहीं बढ़ी क्योंकि सभी पार्क बंद होने के कारण उनके पास बैठने के लिए कोई जगह नहीं थी।

## कारोबार/कृषि

# पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान

## विशेषज्ञों ने कहा- जीडीपी में वर्ष 2030 तक हो सकती है 7% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी



- पर्यटन से 2023 में 2.32 लाख करोड़ थी विदेशी मुद्रा आय

भारत के तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग का विदेशी मुद्रा आय में योगदान 2030 तक 4.5 लाख करोड़ को पार कर सकता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका हिस्सा सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है।

पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन जगत से विदेशी मुद्रा आय 2023 में 2,31,927 करोड़ रुपये थी जो 2024 में 2,77,842 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ द टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष राजीव गोसेन ने कहा कि भारत में पर्यटन के बढ़ने से विदेशी मुद्रा आय भी लगातार बढ़ रही है लेकिन अब भी यह क्षेत्र अपने उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा, भारत का पर्यटन क्षेत्र अगले पांच वर्षों में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में विदेशी मुद्रा आय 2,77,842 करोड़ रुपये रही और हम करीब 8-10 प्रतिशत की स्थिर वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद कर रहे हैं। यदि ये रुझान जारी रहे, तो 2030 तक पर्यटन क्षेत्र की विदेशी मुद्रा आय 4,50,000 करोड़ रुपये को पार कर सकती है।

जीडीपी में योगदान पर उन्होंने कहा, पर्यटन वर्तमान में जीडीपी में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच से छह प्रतिशत का योगदान देता है। पर्यटन मंत्रालय और विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के आंकड़ों से पता चलता है कि 2030 तक इस क्षेत्र का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अनुकूल नीतियों के साथ बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण और कौशल विकास में निवेश को प्रोत्साहित करना जारी रखा जाए।

रोजगार सृजन पर गोसेन ने डब्ल्यूटीटीसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में इस क्षेत्र में लगभग आठ करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कुल रोजगार का लगभग 12 से 13 प्रतिशत है। प्रत्यक्ष रोजगार में होटल, विमानन कंपनियां, यात्रा संबंधी एजेंसियों व यात्रा परिचालक और अप्रत्यक्ष रोजगार में निर्माण, खाद्य उत्पादन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### पिछले साल 96.57 लाख लोग आए भारत घूमने

दुनियाभर से 2024 में 96,57,003 लोग भारत आए। यह 2023 की तुलना में 19 .80 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 28 .35 प्रतिशत की वृद्धि है। इनमें से सबसे अधिक 24 .38 प्रतिशत लोग अमेरिका से आए थे। पर्यर्टन क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ . हिमांशु तलवार ने कहा, यह क्षेत्र हमेशा भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों से यह और स्पष्ट हो जाता है। भारत के सड़क, रेल एवं विमानन अवसंरचना के तेजी से विकसित होने से इसे और बल मिला है।

# बीमा दावे से न्याय तक नियम और राहत

बीमा एक ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है जो व्यक्ति को आर्थिक जोखिमों से बचाने में सहायक होती है। चाहे वह जीवन बीमा हो, वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या संपत्ति बीमा—किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में बीमित व्यक्ति या परिजनों को वित्तीय सहायता मिलती है। बीमा कराने के लिए कई कानूनी नियम और शर्तें होती हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होता है। बीमा पर दावा करने की एक स्पष्ट प्रक्रिया होती है, जिसमें आवश्यक दस्तावेज़, समयसीमा और प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं। यदि बीमा कंपनी दावा अस्वीकार कर देती है या निपटान में देरी करती है, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम, लोक अदालत या बीमा नियामक प्राधिकरण (आईआरडीएआई ) के समक्ष न्याय की मांग कर सकता है।



### बीमा दावा की प्रक्रिया

- **घटना की सूचना :** बीमा घटना (दुर्घटना, बीमारी आदि) के बाद कंपनी को सूचित करना होता है।
- **दस्तावेज़ों की पूर्ति :** दावा फ़ॉर्म, पॉलिसी नंबर, पहचान पत्र, एफआईआर (यदि लागू हो), अस्पताल या मृत्यु प्रमाण पत्र, बिल आदि जमा करने होते हैं।
- **सर्वेक्षण :** कंपनी सर्वेयर नियुक्त करती है जो नुकसान का मूल्यांकन करता है।

### कानूनी और समाधान के विकल्प

- यदि बीमा कंपनी दावा खारिज करती है या राशि कम देती है तो बीमा लोकपाल, उपभोक्ता फोरम या न्यायालय में शिकायत की जा सकती है।
- भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण बीमा कंपनियों की निगरानी करता है। कोई भी शिकायत उसके पोर्टल पर की जा सकती है।
- बीमा लोकपाल योजना 2017 के तहत 30 लाख रुपये तक के दावों का निपटारा मुफ्त में किया जा सकता है।

### बीमा कराने के नियम

- बीमा लेते समय सही जानकारी दें। वर्ना दावा अस्वीकार हो सकता है। समय पर प्रीमियम भुगतान आवश्यक। देरी से पॉलिसी अमान्य हो सकती है।
- बीमित वस्तु या व्यक्ति के संबंध में सही जानकारी दी जानी चाहिए। इसके साथ पॉलिसी की शर्तों को पढ़ना भी जरूरी है। हेल्थ और लाइफ बीमा में मेडिकल जांच कराना भी जरूरी हो सकता है।

### उपभोक्ता फोरम व लोक अदालतों में विवादों का निपटारा

- हाल के वर्षों में हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावों का निपटारा उपभोक्ता फोरम और लोक अदालतों द्वारा किया गया है।
- हाल में आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 30 दिन के भीतर दावों के निपटान के निर्देश दिए हैं। डिजिटल दावे और व्हाट्सएप पर दावा दर्ज कराने जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं।

# यूपी से दशहरी आम का दुबई को पहला सीधा निर्यात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- दशहरी की खुशबू पहुंची गल्फ तक, एफपीओ ने रचा नया इतिहास
- 1200 किलो आम का एफपीओ को पहली बार मिला सीधा ऑर्डर

**अमृत विचार।** प्रदेश के दशहरी आम की खुशबू गल्फ तक पहुंच गई है। एफपीओ को 1200 किलो दशहरी आम का पहली बार सीधा ऑर्डर मिला और इसे दुबई को सीधा निर्यात करके इतिहास रचा गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के अभियान को नई उड़ान मिली है। मैंगो पैक हाउस, रहमानखेड़ा, लखनऊ से दशहरी आम के 1200 किलो (400 पैक, प्रत्येक 3 किग्रा) का कन्साइनमेंट दुबई के लिए रवाना किया गया। यह आम का कन्साइनमेंट वायु मार्ग से लखनऊ से दुबई भेजा गया। आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है। इसका कुल मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कन्साइनमेंट को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित 3 एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पर अदाणी ग्रीन एनर्जी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है।

इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं।

# नौकरी-सुधारों के मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा- देश बन रहा आर्थिक शक्ति

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राजग की सरकार सत्ता में आई थी, तब आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था। सुब्बाराव ने कहा, आज 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गई है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं। हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी बढ़ रही है, आज हम चार ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

## डीएलएफ गुरुग्राम में करेगी 5,500 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी जल्द ही गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में 18 एकड़ की परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' शुरू करेगी। इसमें 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को विकसित करने की अनुमानित लागत करीब 5,500 करोड़ रुपये है।

## एक नजर



जर्मनी की टाटजाना मारिया रविवार को लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप की ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुईं। फाइनल में उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को हरा दिया। ● एजेंसी

### मेडिसन कीज क्वींस क्लब सेमीफाइनल में हारीं

**लंदन** : दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है। मारिया 2020 के बाद से डब्ल्यूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं। शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

### पिच से स्पिनरों के लिए भी मदद मिलने की उम्मीदः कुलदीप

**बेकेनहैम** : अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और यह वामहस्त स्पिनर 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच के दौरान पिच से मिली मदद से आत्मविश्वास से लबरेज है। कुलदीप बायें हाथ के एक अन्य स्पिनर (हरफनमौला) रविंद्र जडेजा के साथ अधिक समय बिता रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की है।

### अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर और जूनियर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट 16 से

**मुंबई** : मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपये इनामी ऑरियनप्रो अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है। बारह वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।

# ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे

## भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने टीम के प्रति जताई उदारता

- भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा
- नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भी भूमिका की तैयारी कर रहे गिल

**लंदन, एजेंसी**

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था। उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे। बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है।

गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे। लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा।

गिल ने कहा इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए। गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, श्रृंखला के दौरान और श्रृंखला के बाद भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।

गिल ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती रोहित के रास्ते पर चलना चाहते हैं जिन्होंने हमेशा टीम को व्यक्तिगत खिलाड़ियों से आगे रखा। उन्होंने कहा रोहित भाई ने जिस तरह का माहौल बनाए रखा, भले ही रोहित भाई आपको अपशब्द कह रहे हों, आप इसे अपने दिल पर नहीं लगाएंगे। यह उनका व्यक्तित्व है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी विशेषता है। गिल ने कहा वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है। पच्चीस वर्षीय गिल ने कहा कि उन्होंने रोहित के साथ टीम के भविष्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा यह एक ऐसी बातचीत है जो मैंने रोहित भाई के साथ कई बार की है कि आदर्श रूप से अगले पांच, सात या 10 या 15 वर्षों में हम भारतीय क्रिकेट टीम की संस्कृति को कहां देखना चाहेंगे? गिल ने यह भी कहा कि उन्होंने विराट कोहली के नेतृत्व से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा जब मैं विराट के नेतृत्व में खेला तो मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में क्षेत्ररक्षण या विचारों या उनकी सोच के साथ उनकी सक्रियता कुछ ऐसी थी जो मुझे पसंद थी और मैंने उसे अपनाया। अगर उन्हें लगता है कि यह योजना काम नहीं कर रही है तो वह तुरंत एक और योजना बना लेते हैं, गेंदबाज को बताते हैं कि वह उनसे क्या चाहते हैं। गिल ने नेतृत्व की भूमिका संभालने से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ अपनी बातचीत का सार भी दिया। भारतीय कप्तान ने कहा वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक नेतृत्वकर्ता के रूप में खुद को अभिव्यक्त कर सकूं।





नई दिल्ली स्थित आईजी स्टेडियम में पहलवान नेहा शर्मा, मुस्कान नांदल और मुस्कान मलिक, कोच मंदीप सिंह के साथ आगामी यू-20 एशियाई चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल जीतने के बाद। ● एजेंसी

# विश्व चैंपियनशिप में मुस्कान दिखाएंगी दम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

पिछले महीने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान ने यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 57 किग्रा के ट्रायल को जीतकर चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का किया। मुस्कान ने फाइनल में महाराष्ट्र की अश्लेषा कल्याण को पटखनी दी। मुस्कान नाम की एक अन्य पहलवान ने 65 किग्रा के ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ही रोशनी को शिकस्त दी।

### क्वालीफाई करने वाली अन्य महिलाएं

**पहलवानों में** श्रुति (50 किग्रा), सारिका (53 किग्रा), रीना (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), अंजलि (62 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) शामिल हैं। **पुरुषों की फ्रीस्टाइल** और ग्रीको रोमन शैली के ट्रायल 14 जून को लखनऊ में आयोजित किए गए। **फ्रीस्टाइल टीम :** अंकुश (57 किग्रा), अनुज (61 किग्रा), अश्वनी (65 किग्रा), सौरभ (70 किग्रा), विवेक (74 किग्रा), अमित (79 किग्रा), सचिन (86 किग्रा), सचिन (92 किग्रा), विशाल (97 किग्रा) और जशपूरन (125 किग्रा)। **ग्रीको रोमन :** नितिन (55 किग्रा), सूरज (60 किग्रा), वरुण (63 किग्रा), योगेश (67 किग्रा), आकाश पुनिया (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), रोहित (87 किग्रा), नमन (97 किग्रा), और जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।

### बीजिंग पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी 16 सदस्यीय भारतीय टीम

**नयी दिल्ली** : भारत की 16 सदस्यीय टीम 17 से 25 जून तक बीजिंग में होने वाले 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी। इस टीम में जैनब खातून, सीमा रानी, झंडू कुमार, जॉबी मैथ्यू, मनीष कुमार और कस्तूरी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावित किया था। भारतीय टीम में शामिल 16 खिलाड़ियों में से सात महिलाएं हैं। खिलाड़ियों के लिए रविवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे। सिंह ने कहा, ''भारत हर टूर्नामेंट के साथ वैश्विक पैरा पावरलिफ्टिंग बिरादरी में खुद को एक ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की हार पर भड़के पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन

- बोले-हेजलवुड का राष्ट्रीय टीम की बजाय आईपीएल को प्राथमिकता देना चौंकाने वाला था

**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने के लिए हमवतन जोश हेजलवुड की आलोचना करते हुए कहा कि इससे लोग उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठायेंगे। हेजलवुड उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद दोबारा शुरू होने पर भारत लौटने का फैसला किया था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार इस खिताब को जीता। हेजलवुड ने आईपीएल सत्र में 22 विकेट लिये। उन्होंने फाइनल में पंजाब के आक्रामक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य को चलता किया। हेजलवुड लॉर्ड्स में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के अहम खिलाड़ी थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में सिर्फ दो विकेट चटका पाये। दक्षिण अफ़्रीका शनिवार को पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।



मिचेल जॉनसन



जोश हेजलवुड

जॉनसन ने 'वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' में लिखा हमने हाल के वर्षों में हेजलवुड की फिटनेस को लेकर समस्या देखी है। राष्ट्रीय टीम की तैयारियों के बजाय विलंबित इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी को प्राथमिकता देने के उनके फैसले ने लोगों को चौंका दिया है।'' जॉनसन ने खुद भी आईपीएल के छह सत्र का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है।

# विश्वकप तीरंदाजी : गाथा व पृथिका ने ट्रायल जीते

**पुणे, एजेंसी**

तीरंदाजी विश्व कप चरण चार और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में उलटफेर देखने को मिला। अनुभवी अभिषेक वर्मा और तीन बार के ओलंपियन अतनु दास टीम में जगह बनाने से चूक गए, जबकि तीन किशोर सहित चार खिलाड़ियों ने पहली बार टीम में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में महाराष्ट्र की 15 वर्षीय गाथा खडके और शरवारी शेंडे शामिल थीं जिन्होंने चार सदस्यीय महिला रिकर्व टीम में जगह बनाई।

ये दोनों अनुभवी दीपिका कुमारी और अंकिता भकत से पीछे रहीं। क्रमशः युवा और कैडेट विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शरवारी और गाथा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक दीपिका (तीसरे) और अंकिता (चौथे) को पछाड़कर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष दो स्थान हासिल किए थे। हालांकि एलिमिनेशन दौर में दीपिका ने गाथा को पछाड़ दिया और 16.5 अंक के साथ ट्रायल में शीर्ष पर रहीं। अंकिता (13.75), गाथा (13) और शरवारी (11.75) ने टीम में अन्य तीन स्थान हासिल किए। ये चारों मैड्रिड में विश्व कप चरण चार (8-13 जुलाई) में हिस्सा लेंगी जबकि केवल शीर्ष तीन तीरंदाजी ही ग्वांगझू (5-12 सितंबर) में विश्व चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अतनु सिर्फ 0.5 अंक से पुरुष रिकर्व में चयन से चूक गए।

# मेसी की इंटर मियामी गोल रहित ड्रॉ खेली

**मियामी गार्डन्स** : लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दायें छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। इससे पहले 60वें मिनट में भी मेस्सी की फ्री किक गोल पोस्ट से टकरा गई थी। अल आहली को इससे पूर्व पहले हाफ में गोल करने का शानदार मौका मिला लेकिन गोलकीपर ऑस्कर उस्तानी ने मध्यांतर से ठीक पहले ट्रेजेगे की पेनल्टी को रोक दिया।



क्लब विश्व कप में लियोनेल मेसी फ्री किक लेते हुए। ● एजेंसी

# भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

**एफआईएच प्रो लीग**

- ऑस्ट्रेलिया ने 2-3 से शिकस्त दी, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से पहले ही मिल चुकी है मात

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा। रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए।

भारत ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए दबदबा बनाया। मैच के तीसरे मिनट में ही संजय के गोल से बढ़त हासिल कर ली। संजय ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर गोल किया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी का गोल दाग दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टिम ब्रैंड के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट (मैच के पांचवें मिनट) के बाद ही गोवर्स ने सर्कल के पास से गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद मैच पर पूरी तरह हावी हो गया। टीम ने अगले कुछ मिनटों में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। बर्न्स ने मैच के 18वें मिनट में गोल कर टीम को 3-1 से आगे कर दिया। पाठक ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को और बड़ी होने से रोक दिया। उन्होंने इस दौरान 24वें मिनट में डेविस एटकिंसन के प्रयास पर कमाल का बचाव किया। भारतीय टीम को मैच के 27 वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। मध्यांतर के बाद मैच के 36वें मिनट में शिलानंद लाकड़ा और अभिषेक की मदद से बनाये मौके को दिलप्रीत सिंह ने गोल में बदल कर मैच में भारत को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय रक्षापंक्ति पर दबाव बनाये रखा। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी 10 मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन पाठक ने तीनों मौकों पर अच्छा बचाव किया। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।



भारत के जुगराज सिंह (बाएं) व ऑस्ट्रेलिया के कूपर बर्न्स (दाएं) गोल का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

### भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया

**लंदन** : भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है।

टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 50 मैदान विकसित होंगे

- प्रशासन की पहल पर सचिन का फाउंडेशन पूरा करेगा काम

**दंतेवाड़ा, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है। स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीटीआई को बताया इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

उन्होंने कहा इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया। दुदावत ने कहा कि पहले चरण में 50 गांवों में इतने ही खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



वाराणसी के नमो घाट पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष योग शिविर की शुरुआत जोश और ऊर्जा से हुई। गंगा तट पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और योगाभ्यास किया। सूर्योदय की स्वर्णिम किरणों के बीच युवाओं का अनुशासित योग प्रदर्शन न सिर्फ शारीरिक और मानसिक संतुलन का प्रतीक बना, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करता दिखा। एजेंसी

# पॉलीग्राफी टेस्ट झूठ पकड़ने की वैज्ञानिक तकनीक

पॉलीग्राफी टेस्ट, जिसे आमतौर पर लाई डिटेक्टर टेस्ट कहा जाता है, एक ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के झूठ बोलने या सत्य कहने का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह परीक्षण व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाओं जैसे कि हृदयगति, रक्तचाप, पसीना और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है जब उससे प्रश्न पूछे जाते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से आपराधिक मामलों में संदिग्धों या गवाहों की सच्चाई की जांच करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। हालांकि यह परीक्षण अदालत में साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होता, फिर भी जांच एजेंसियों के लिए यह एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य करता है।



### पॉलीग्राफी टेस्ट क्या है

- पॉलीग्राफी टेस्ट मनोवैज्ञानिक विश्लेषण होता है, जिसमें मशीन के माध्यम से व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाएं मापी जाती हैं। इसमें एक प्रशिक्षित परीक्षक व्यक्ति से प्रश्न पूछता है और उसकी प्रतिक्रिया के दौरान हृदयगति, रक्तचाप, त्वचा की विद्युत चालकता (पसीना) और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है। माना जाता है कि जब कोई झूठ बोलता है तो उसका शरीर तनाव में आ जाता है, जिससे ये संकेत बदलते हैं।

### इसकी जरूरत क्यों होती है

- पॉलीग्राफी टेस्ट की आवश्यकता तब पड़ती है जब किसी अपराध की जांच में ठोस साक्ष्य नहीं मिलते या जब किसी व्यक्ति की बातों पर संदेह होता है। जांच एजेंसियां इस टेस्ट के जरिए यह समझने की कोशिश करती हैं कि कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा है या नहीं। हालांकि यह परीक्षण सत्य का अंतिम प्रमाण नहीं है, लेकिन यह जांच को दिशा देने में सहायक हो सकता है। यह परीक्षण अक्सर हाई प्रोफाइल मामलों, आतंकवाद, हत्या, बलात्कार या धोखाधड़ी जैसे अपराधों में उपयोग किया जाता है।

### कानूनी पहलू

- भारतीय कानून के अनुसार, पॉलीग्राफी टेस्ट केवल व्यक्ति की सहमति से ही किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटका (2010) के फैसले में स्पष्ट किया है कि बिना सहमति के पॉलीग्राफी, नार्को और ब्रेन मैपिंग जैसे टेस्ट करवाना व्यक्ति के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 20(3) – आत्म–साक्षी न बनने का अधिकार) का उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति सहमति देता है, तो भी कोर्ट की अनुमति आवश्यक होती है।

### अपराध के खुलासे में भूमिका

- पॉलीग्राफी टेस्ट सीधे अपराध सिद्ध नहीं करता, यह जांच के दौरान उपयोगी सूचनाएं दे सकता है। इससे जांचकर्ता समझ सकते हैं कि कौन–से बयान संदेहास्पद हैं और किन बिंदुओं पर जांच की जरूरत है। यह टेस्ट संदिग्ध की मानसिक स्थिति का संकेत देता है, जिससे गहन पूछताछ की जा सकती है।

### जांच में सहायक

- पॉलीग्राफी टेस्ट अपराध जांच में एक सहायक उपकरण है, लेकिन इसे वैज्ञानिक प्रमाण या कानूनी साक्ष्य के रूप में नहीं माना जाता। इसकी उपयोगिता तभी है जब इसे कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जाए और इसकी रिपोर्ट को विवेकपूर्ण ढंग से देखा जाए।

## एक नजर

### अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम की धमकी

**मुंबई।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को फोन कर परिसर में बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी के बाद वहां कुछ भी नहीं मिला। पुलिस ने रविवार को बताया कि महावाणिज्य दूतावास को शनिवार रात आठ बजे अज्ञात फोन आया, जिसमें धमकी दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### सरकोजी से लीजन ऑफ ऑनर पदक लिया वापस

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी से उनका 'लीजन ऑफ ऑनर' पदक वापस ले लिया गया है। उन्हें राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार और प्रभाव का दुरुपयोग करने का पिछले साल दोषी पाया गया था। यह निर्णय जर्नल ऑफ़िसियल में जारी एक आदेश के ज़रिए लिया गया, जो सरकार की प्रमुख कानूनी जानकारी प्रकाशित करता है। यह 'लीजन ऑफ ऑनर' के नियमों के अनुरूप है। सरकोजी 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे। पद छोड़ने के बाद से वह कई कानूनी मामलों के केंद्र में रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंक रोधी छापेमारी जारी

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर पुलिस ने रविवार को पुंछ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट तहसील के सौजियां और आसपास के क्षेत्रों में आठ स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई पाकिस्तान से जुड़े आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और उनके स्थानीय समर्थकों द्वारा युवाओं को उकसाकर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल किए जाने की साजिश को नाकाम करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### सऊदी में 7 साल जेल के बाद पत्रकार को फांसी

**दुबई।** सऊदी अरब में 2018 में गिरफ्तार आतंकवाद और राजद्रोह के दोषी प्रमुख पत्रकार को फांसी दे दी गई है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, देश की सर्वोच्च अदालत ने पत्रकार तुर्की अल–जासेर की मौत की सजा बरकरार रखी, जिसके बाद शनिवार को उन्हें फांसी दी गई। अधिकारियों ने 2018 में अल–जासेर के घर पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार करके कंप्यूटर और फोन जब्त कर लिए थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई कब हुई और कितने समय तक चली।

# इजराइल-ईरान में संघर्ष जारी, वार्ता रद्द

## इजराइल ने दी जोरदार हमले की धमकी, ईरानी मिसाइलों ने दिया वायु रक्षा प्रणाली को चकमा

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल ने रविवार को तीसरे दिन भी ईरान में हवाई हमले किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलें दागनी जारी रखीं, जिसमें से कुछ मिसाइलें इजराइली वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देकर मध्य इलाके में इमारतों पर गिरीं। इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई।

शुक्रवार को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर की बमबारी में कई शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में लंबे संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। इजराइल ने कथित तौर पर एक गैस प्रतिष्ठान को निशाना बनाया, जिससे ईरान के प्रतिबंधित ऊर्जा उद्योग पर व्यापक हमले की संभावना बढ़ गई है और इसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल की कार्रवाई के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि वह नए परमाणु समझौते पर सहमत होकर ही तबाही से बच सकता है। रविवार को तेहरान तथा देश के अन्य हिस्सों से भी नए विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं, लेकिन ईरान ने इसकी कोई जानकारी नहीं दी कि कितने लोग हताहत हुए हैं।



तेल अवीव पर ईरान की मिसाइलों को रोकती इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली।

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा था कि 78 लोग मारे गए हैं तथा 320 घायल हैं। इजराइल की बचाव सेवा मैगन डेविड एडोम के अनुसार इजराइल में शनिवार रात भर और रविवार को हुए ईरानी हमलों में 10 लोग मारे गए हैं।

चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि परमाणु स्थलों पर हमले ने एक खतरनाक मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल के अब तक के हमले आने वाले दिनों में हमारी सेना द्वारा किये जाने वाले हमलों की तुलना में कुछ भी नहीं हैं। वहीं, ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। अमेरिका तथा अन्य देशों का आकलन है कि ईरान ने 2003 के बाद से कोई हथियार विकसित नहीं किया है।

### यदि इजराइली हमले बंद हो जाएं तो हमारी जबावी कार्रवाई भी रुक जाएगी : ईरानी विदेश मंत्री

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर उनके देश पर इजराइल के हमले बंद हो जाएं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी रुक जाएगी। अराघची ने तेहरान में राजनयिकों के समक्ष यह टिप्पणी की। शुक्रवार को इजराइली हमले शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए। उन्होंने कहा, अगर आक्रामण बंद हो जाते हैं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी बंद हो जाएगी। इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### इजराइल ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखाने को खाली करने को कहा, नए हमलों की आशंका

**दुबई।** इजराइल सेना ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखानों को खाली करने की चेतावनी दी, जिसके बाद नए हमलों की आशंका बढ़ गई है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने 'एक्स' पर ईरान को फारसी भाषा में चेतावनी जारी की। अद्राई ने पूर्व में गाजा पट्टी में इजराइल–हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी, लेबनान और यमन में अन्य हमलों का संकेत दिया था। उनकी यह चेतावनी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल अपने हमले बंद कर दे तो तेहरान भी इजराइल पर अपने हमले बंद कर देगा।

### इजराइल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय को बनाया निशाना

**दुबई।** इजराइल ने रविवार को ईरान पर व्यापक हमला किया और उसके ऊर्जा उद्योग तथा रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाया, वहीं ईरान ने भी इजराइल के खिलाफ जवाबी हमले तेज करते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। दो दिन पहले इजराइल द्वारा तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद दोनों देश हमला और जवाबी हमला करने में लगे हैं। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बीच तेहरान में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इजराइल के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि ईरान के हमले से देश भर में कई स्थानों पर लोगों की मौत हुई है। इजराइली आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि गैलिली क्षेत्र में एक इमारत पर हमले के चलते चार लोगों की मौत हो गई, वहीं मध्य इजराइल में हमले में दो महिलाओं और 10 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। ईरान में हताहत हुए लोगों की संख्या के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

# अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- बोले- ईरान पर इजराइल के किए हमले से कोई लेना-देना नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का ईरान पर इजराइल के किए गए हमले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने अमेरिकी हितों को निशाना बनाने के खिलाफ ईरान को चेतावनी भी दी।

ट्रंप ने शनिवार रात 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान पर इजराइल की ओर से किए जा रहे हमले से अमेरिका का किसी भी प्रकार से लेना-देना नहीं है। अगर हम पर ईरान की तरफ से किसी भी तरह का हमला किया गया तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से ईरान पर टूट पड़ेंगे और वो हश्र करेंगे जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हालांकि हम ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवाकर इस खूनी संघर्ष को खत्म करवा सकते हैं।



### इराक ने अमेरिका से इजरायल को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकने का किया आग्रह

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर–इन–चीफ के प्रवक्ता सबाह अल–नुमान ने शनिवार को कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है। इराक ने दोहराया कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या उसे ईरान या अन्य पड़ोसी देशों पर इजरायली हमलों के लिए इस्तेमाल किये जाने का सख्त विरोध करता है। इराक ने संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए अब तक अत्यधिक संयम बरता है। इराक को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन पर जवाब देने का पूरा अधिकार है। इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शिकायत दर्ज की, जिसमें इजरायल के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की निंदा की गयी।

## ईरान के साथ एकजुटता से खड़ा है पाकिस्तान : शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता व्यक्त की और इजराइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इजराइल के हमलों की कड़ी निंदा की।



उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। शरीफ ने 'एक्स' पर कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की और इजराइल के अकारण आक्रमण के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने इजराइल के हमलों को क्षेत्रीय, वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया।

# अमेरिका में ट्रंप के विरुद्ध सड़कों पर उतरे लोग

**फिलाडेल्फिया (अमेरिका), एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को पूरे अमेरिका में प्रदर्शनकारी सड़कों, पार्कों और चौकों पर एकत्र हुए। उन्होंने शहरों और कस्बों में मार्च निकाला तथा लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के साथ सत्ता-विरोधी नारे लगाए।

नो किंग्स नामक इन प्रदर्शनों के आयोजकों ने कहा कि सैंकड़ों जगहों पर लाखों लोगों ने विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों के बीच छिट-पुट झड़प की खबरें आईं। हालांकि लॉस एंजिलिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पोर्टलैंड में अधिकारियों ने आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यूटा के साल्ट लेक सिटी में पुलिस 1 मार्च के दौरान हुई गोलीबारी की जांच कर रही है, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था।




लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के लिए अमेरिका में सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग

पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड के अनुसार, इस घटना के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि गोलीबारी राजनीति से प्रेरित थी या नहीं और इसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे या नहीं। हमलावर मार्च कर रहे हजारों लोगों के समूह के साथ-साथ चल रहा था। न्यूयॉर्क, डेनवर, शिकागो, ऑस्टिन और लॉस एंजिलिस में बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध मार्च में हिस्सा लिया। अटलांटा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। 'सिएटल टाइम्स' की खबर के अनुसार, सिएटल के अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि शहर की सबसे बड़ी रैली में 70,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

### अमेरिका ने आव्रजन नीतियां ठीक से लागू नहीं कीं : जेपी मॉर्गन

**न्यूयॉर्क/सैन फ्रांसिस्को।** जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और सीईओ जेमी डिमन ने योग्यता आधारित आव्रजन के लिए समर्थन जताते हुए कहा है कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य है क्योंकि (हमारे पास) दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र है, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था है, सबसे अच्छी प्रौद्योगिकी है, उस प्रौद्योगिकी की जड़ें हैं, हमारे पास जो आजादी हैं। यही वह है जो लोगों को यहां खींच कर लाया है।

## पुलिसकर्मी ने भारतीय मूल के व्यक्ति की दबाई गर्दन, मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में पुलिस अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। खबरों के अनुसार एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की गुरुवार को मौत हो गई। कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे। कुंदी चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वहीं कौर इस पूरी घटना का वीडियो बना रही थीं और बोल रही थीं कि पुलिस अनुचित तरीके से कार्रवाई कर रही है।

# तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरा ब्रिटेन का एफ-35 लड़ाकू विमान

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

ईंधन खत्म होने के बाद शनिवार रात ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। सूत्रों ने रविवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि विमान ने एक विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और यह रात करीब साढ़े नौ बजे सुरक्षित उतर गया।

इस संबंध में सूत्र ने कहा कि हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने सुचारू एवं सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन स्थिति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट ने कम ईंधन की सूचना दी और उतरने की अनुमति मांगी। पूरी स्थिति से शीघ्रता और पेशेवर तरीके से निपटा गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर ही खड़ा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ही विमान में ईंधन भरा जाएगा।



### सुरक्षा कारणों से आपात लैंडिंग की दी अनुमति : वायुसेना

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश एफ–35 लड़ाकू विमान के शनिवार रात केरल में हुए आपात लैंडिंग के बीच भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि वह इस घटना से पूरी तरह से अवगत है और उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को लैंडिंग की सुविधा प्रदान की गई है। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि एफ–35 के मार्ग परिवर्तन की यह सामान्य घटना है। मामले से भारतीय वायुसेना पूरी तरह से अवगत है और उसने उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को उतारे जाने की सुविधा दी। उन्होंने कहा कि सभी तरह की सहायता दी जा रही है और भारतीय वायुसेना सभी एजेंसियों के साथ समन्वय में है। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर है।

**शिखर सम्मेलन** | ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई पृष्ठभूमि में शामिल

# संघर्ष और व्यापार युद्ध के साए में जी 7 नेता कनाडा में जुटे

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक नेताओं ने जताई चिंता

**बैंफ (कनाडा), एजेंसी**

दुनिया की कुछ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता रविवार को कनाडा के रॉकीज में जी7 की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यह सम्मेलन इजराइल- ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगाए जा रहे उच्च सीमा शुल्क की पृष्ठभूमि में हो रही है।

ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने कई वैश्विक नेताओं को हतप्रभ कर दिया है। उनका मानना है कि यह एक अधिक अस्थिर विश्व का नवीनतम संकेत है, क्योंकि ट्रंप अमेरिका को विश्व के पुलिसमैन की भूमिका से मुक्त करना चाहते हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना होने से पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि उन्होंने संकट को कम करने के प्रयासों पर ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ-साथ अन्य वैश्वि नेताओं के साथ चर्चा की है।




ब्रिटेन पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य सहायता भेज रहा है। स्टॉर्मर ने कहा, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हमारी चिंताएं लंबे समय से हैं। हम इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को मान्यता देते हैं, लेकिन मैं इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इसे कम करने की जरूरत है। क्षेत्र विशेष समेत व्यापक स्तर पर तनाव बढ़ने का बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिखर सम्मेलन में ''गहन चर्चा'' जारी रहेगी। शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बैठक के अंत में संयुक्त वक्तव्य या विज्ञप्ति जारी करने की वार्षिक परंपरा को छोड़ने का निर्णय लिया है। अन्य नेता ट्रंप से बात कर उन्हें शुल्क लगाने से रोकने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। इसलिए यह शिखर सम्मेलन एकता के प्रदर्शन के बजाय द्विपक्षीय वार्ताओं की श्रृंखला बनकर रह जाएगा।

### शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में हैं। ट्रंप पहले कनाडा को 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दे चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों रविवार को कनाडा जाने से पहले बेहद प्रतीकात्मक कदम के तौर पर ग्रीनलैंड पहुंचे, जहां उन्होंने आर्कटिक क्षेत्र के नेता और डेनमार्क के प्रधानमंत्री से डेनिश हेलीकॉप्टर में मुलाकात की। मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि ग्रीनलैंड की यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि पेरिस संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की सुचिता बनाए रखने के सिद्धांतों का समर्थन करता है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र में निहित है। ट्रंप रविवार देर रात को अल्बर्टा के कनानास्किस पहुंचेंगे। रविवार को अन्य नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठकें संभव हैं, लेकिन शिखर सम्मेलन कार्यक्रम सोमवार से पहले शुरू नहीं होगा।